धनबाद, सोमवार, 23 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण पक्ष 08 संवत 2081 रांची,धनबाद एवं पटना से प्रकाशित वर्ष : 2, अंक : 252 मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

**भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट**

# हरियाली बढ़ाने के मामले में झारखंड को देश में 5वां स्थान

- वन क्षेत्र से अलग हरियाली के मामले में 52.72 प्रति वर्ग किलोमीटर की वृद्धि
- झारखंड के गैर वन क्षेत्र में भी बढ़ी हरियाली, लातेहार में बढ़े घने जंगल

**संवाददाता। रांची**

खनिज संपदा और वनों से आच्छादित झारखंड के लिए अच्छी खबर है. राज्य में जंगलों से अलग भी हरियाली बढ़ी है. भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023 के आंकड़ों के मुताबिक सुरक्षित वन क्षेत्र से अलग हरियाली बढ़ाने के मामले में झारखंड का देश में पांचवां स्थान है. मिजोरम इस मामले में सबसे आगे है. राज्य में वन क्षेत्र से अलग हरियाली के मामले में 52.72 प्रति वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गयी है. केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने देहरादून में देशभर के वनों से जुड़ी सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी की थी.

**राज्य में सालभर में 45 वर्ग किमी वन क्षेत्र की वृद्धि :** झारखंड में 23 हजार 765.78 वर्ग किलोमीटर का वन क्षेत्र है, जो कुल उपलब्ध भूमि का 29.81 प्रतिशत है. साल 2021 की सर्वे रिपोर्ट में यह आंकड़ा 23 हजार 721 वर्ग किलोमीटर का था. यानी साल भर में कुल 45 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र की वृद्धि राज्य में हुई है. धनबाद में सधन वन क्षेत्र शून्य के आंकड़े पर पहुंचा, लातेहार में 2383 वर्ग किलोमीटर.

## धनबाद में वन क्षेत्र में भी बढ़ोतरी नहीं

वन सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक धनबाद जिला में सधन वन क्षेत्र शून्य के आंकड़े पर पहुंच गया है. जबकि, लातेहार में 2383 वर्ग किलोमीटर का सघन वन क्षेत्र मौजूद है. राज्य में 137.95 वर्ग किलोमीटर का वन क्षेत्र ऐसा है, जहां प्राकृतिक तौर पर बांस पाया जाता है. मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों ने बांस का आच्छादन क्षेत्र बढ़ाया है. जबकि, झारखंड ने बांस की उत्पादकता में कोई बढ़ोतरी नहीं की है. हालांकि, राज्य सरकार बांस आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए लगातार योजना चला रही है. लेकिन, जंगल से अलग इसके रोपन और उत्पादन में अभी बड़ी सफलता नहीं मिली है.

## सिमडेगा के जंगलों में अगलगी में कमी आयी

भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023 के मुताबिक सिमडेगा जिले में जंगल में आग लगने की घटना मे भारी कमी हुई है. साल 2022-23 में यहां आग लगने की 542 घटना रिकार्ड की गयी थी, जो घटकर 2023-2024 में 27 रह गयी है. हजारीबाग में जंगल में आग लगने की वारदातों में कमी आयी है और अगलगी के मामले 682 से घटकर 513 हुए हैं.

**महिलाओं को सौगात : इंतजार की घड़ियां हुईं खत्म**

# 28 को मंईयां योजना की 2500 रुपए की राशि होगी ट्रांसफार

**कौशल आनंद। रांची**

विधानसभा चुनाव में मंईयां योजना सबसे बड़ा विषय रही. इस योजना से सरकार की हार और जीत तक तय होनी थी. इस योजना का इफेक्ट इसी से समझा जा सकता है कि भाजपा ने भी चुनाव के पूर्व इसके समकक्ष गोगो योजना लाने का का वादा किया, सरकार बनने पर 21 सौ रुपए देने का वादा किया, भाजपा ने इसके लिए फार्म भी भरवाना शुरू कर दिया था. फिर क्या था, हेमंत सोरेन सरकार ने कैबिनेट की बैठक में सम्मान राशि 1 हजार से बढ़ा कर दिसंबर से 2500 देने की घोषणा कर दी.

अब चुंकि राज्य में फिर से हेमंत सोरेन सरकार का गठन हो चुका है, इसलिए इसके तमाम लाभुक पैसे आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. मगर अब इंतजार की घड़िया समाप्त होने वाली हैं. खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 दिसंबर को इस राशि को लाभुकों के खातों में ट्रांसफर करेंगे. रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री कुछ लाभुक महिलाओं को प्रतीक स्वरूप 2500 रुपए सौंपेंगे.

**कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू, मिली जिम्मेवारी :** कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी जिलों के डीडीसी या एडीएम स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है. उपायुक्तों से कहा गया है कि वे अपने जिले से लाभुकों और बसों की सूची रांची जिला प्रशासन को जल्द उपलब्ध कराएं. साथ ही, जेएसएलपीएस दीदियों को बसों का इंचार्ज नियुक्त किया गया है, जो जिलों से समन्वय बना कर कार्यक्रम स्थल तक महिलाओं को लाएंगे.




**सभी जिलों से महिलाओं को लाने की तैयारी**

राज्य के 24 जिलों से तीन लाख से अधिक लाभुक महिलाओं को कार्यक्रम में बुलाया गया है. इस योजना के तहत अब तक 55.25 लाख महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है, जिनमें रांची जिले से सर्वाधिक 65 लाख से अधिक लाभुक शामिल हैं. मुख्यमंत्री ने इसी साल 4 दिसंबर को भी सात लाख से अधिक लाभुकों के खाते में 1000 रुपए भेजे थे.

**गलत लाभुक हो जाएंगे वंचित**

सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर मंईयां सम्मान योजना के तहत अयोग्य लाभुकों की स्क्रीनिंग कुछ दिन पहले ही शुरू हो गयी है. ऐसे लाभुक जो गलत तरीके से इसका लाभ ले रहे हैं उन सभी से इन राशियों की वसूली की जाएगी. इससे संबंधित पत्र सभी उपायुक्तों को कुछ दिन पहले ही सौंप दिया गया था. पत्र में कहा गया था कि वैसे लोग जो पहले से ही किसी सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन का लाभ ले रहे हैं उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा. अगर कोई इसका लाभ ले भी रहा है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गयी है.

**इन्हें नहीं मिलेगा लाभ**


- वैसी महिलाएं जो आयकर दाता हों, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा. अगर स्क्रीनिंग के दौरान ऐसे लोगों की पहचान होती है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी.
- **वैसी महिलाएं जिनके परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मी हो या इससे रिटायर हो तो उन लोगों को ये राशि नहीं मिलेगी.**
- वैसी महिलाएं जो ईपीएफओ धारक हो या उनके कोई भी परिवार का सदस्य ईपीएफओ धारक हो उन्हें इसका लाभ नहीं मिलेगा.
- **वैसी महिलाएं जो झारखंड की नहीं हैं और वे इसका लाभ ले रही हैं तो उन पर भी कार्रवाई होगी.**
- वैसे लाभुक जो एक से अधिक जिलों से इस योजना का ले रहे हैं, तो उन पर भी कार्रवाई होगी.

**शुभम संदेश में सबसे पहले**



20 दिसंबर के अंक में प्रकाशित खबर

**न्यूज इन ब्रीफ**



**पीएम 71 हजार युवाओं को वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र**

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे. इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है. यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तीकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा. रोजगार मेला देशभर में 45 स्थलों पर आयोजित किया जाएगा.

पेज 11 भी देखें

**पीएम मोदी क्रिसमस समारोह में लेंगे हिस्सा**

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को दिल्ली स्थित सीबीसीआई सेंटर परिसर में कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) के क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे. यह कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से होगा.मोदी कार्डिनल्स, बिशप्स और चर्च के प्रमुख नेताओं सहित ईसाई समुदाय के प्रमुख नेताओं से बातचीत करेंगे. यह पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री भारत में कैथोलिक चर्च के मुख्यालय में इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होगा. सीबीसीआई की स्थापना 1944 में हुई थी. यह निकाय पूरे भारत में सभी कैथोलिकों के साथ मिलकर काम करता है.

**फिर बाहर आया पेगासस का 'जिन्न'**

# अमेरिकी अदालत के फैसले पर कांग्रेस ने केंद्र से पूछे ये सवाल

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

पेगासस स्पाइवेयर मामले को लेकर एक बार फिर कांग्रेस ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला है. कांग्रेस के नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मोदी सरकार से इस संबंध में जवाब मांगा है. दरअसल, हाल ही में अमेरिका की एक अदालत ने इजरायली कंपनी एनएसओ ग्रुप को दोषी माना है.यह मामला 2019 से जुड़ा है, तब वॉट्सऐप ने 2019 में एनएसओ ग्रुप पर आरोप लगाया था कि उसने वॉट्सऐप के एक बग का फायदा उठा कर पेगासस स्पाइवेयर के जरिए 1400 लोगों के फोन को हैक किया था. भारत में भी पेगासस और वॉट्सऐप का मामला चल रहा है.

**अमेरिकी कोर्ट का फैसला आते ही उठाया मुद्दा :** जैसे ही इस मामले में यूएस कोर्ट का आदेश आया, वैसे ही कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने रविवार को मोदी सरकार की तीखी आलोचना की. उन्होंने कहा, अदालत के फैसले से उन आरोपों को बल मिलता है कि भारत में 300 नंबरों को निशाना बनाया गया था.

**मोदी सरकार से पूछे कई सवाल :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, सुरजेवाला ने कहा, पेगासस स्पाइवेयर मामले का फैसला साबित करता है कि अवैध स्पाइवेयर रैकेट में भारतीयों के 300 वॉट्सऐप नंबरों को कैसे निशाना बनाया गया. उन्होंने केंद्र से सवाल पूछे, जिन 300 नामों को निशाना बनाया गया है, वे कौन हैं! दो केंद्रीय मंत्री कौन हैं? तीन विपक्षी नेता कौन हैं? संवैधानिक अधिकारी कौन है? पत्रकार कौन हैं? व्यवसायी कौन हैं? कांग्रेस नेता ने पूछा, भाजपा सरकार और एजेंसियों ने कौन सी जानकारी हासिल की? इसका किस तरह से इस्तेमाल किया गया. क्या अब मौजूदा सरकार में राजनीतिक कार्यकारी/अधिकारियों और एनएसओ के स्वामित्व वाली कंपनी के खिलाफ उचित आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे?

**क्या है मामला**

वॉट्सऐप ने 2019 में एनएसओ पर मुकदमा दायर किया था, जिसमें निषेधाज्ञा और हर्जाने की मांग की गई थी, जिसमें कंपनी पर छह महीने पहले पीड़ितों के उपकरणों पर पेगासस स्पाइवेयर स्थापित करने के लिए वॉट्सएप सर्वर तक पहुंचने का आरोप लगाया गया था. मुकदमे के अनुसार, इस घुसपैठ के जरिए कंपनी ने करीब 1,400 लोगों पर नज़र रखी. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 20 दिसंबर को एक अमेरिकी न्यायाधीश ने वॉट्सऐप के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसमें इजरायल के एनएसओ समूह पर अनधिकृत निगरानी को स्पाइवेयर स्थापित करने के लिए मैसेजिंग ऐप में कमजोरी का फायदा उठाने का आरोप लगाया गया था.

**एबीवीपी झारखंड के 25वें अधिवेशन का उद्धघाटन करेंगे राज्यपाल**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश का 25वां तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन धनबाद में आयोजित होने जा रहा है. यह तीन, चार और पांच जनवरी तक चलेगा. इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे. साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद मनोज तिवारी एवं एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा सम्मिलित होंगी. मीडिया संयोजक गुड्डू राय ने रविवार को बताया कि इसमें हर जिले एवं 1000 छात्र, शिक्षाविद एवं प्राध्यापक कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे. इसके लिए गोविंदपुर में केके पॉलिटेक्निक कॉलेज में अस्थायी नगर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा के नाम पर बसाया जाएगा.

## धर्म की समझ कम हो, तो होता है अत्याचार : भागवत

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि धर्म के नाम पर होने वाले सभी उत्पीड़न और अत्याचार गलतफहमी और धर्म की समझ की कमी के कारण हुए.

महाराष्ट्र के अमरावती में महानुभाव आश्रम के शताब्दी समारोह में उन्होंने कहा कि धर्म महत्वपूर्ण है और इसकी शिक्षा दी जानी चाहिए. क्योंकि धर्म का अधूरा ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है. धर्म के नाम पर दुनिया भर में हुए सभी उत्पीड़न और अत्याचार वास्तव में धर्म की गलतफहमी और समझ की कमी के कारण हुए. धर्म हमेशा से अस्तित्व में रहा है और सब इसके अनुसार चलता है, इसीलिए इसे सनातन कहा जाता है.

उन्होंने कहा कि धर्म का आचरण ही धर्म की रक्षा है. कहा बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें आधा-अधूरा ज्ञान होता है. ऐसे लोगों को लगता है कि उन्हें सब मालूम है. इसका अहंकार हो जाता है. जो अज्ञानी होता है, उसे समझने में समय लगता है, लेकिन जो तेज़ होता है वो जल्दी समझता है. आधे ज्ञान या अधूरे ज्ञान वालों को ब्रम्हा भी नहीं समझा सकते हैं. ऐसे अज्ञानी को अच्छी बात बताओ तो वह उसे गलत लगता है. ऐसे में समाज को समझना पड़ेगा.

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**हादसा**

**सड़क हादसे में बाल-बाल बचे शरद पवार**

**मुंबई।** एनसीपी एसपी सुप्रीमो शरद पवार के काफिले में हादसा हो गया. परभणी के पास उनके काफिले की कारें आपस में टकरा गई. हालांकि, इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई है. शरद पवार बीड के केज तालुका के मसाजोग गांव के दौरे पर थे. इस बीच काफिले में शामिल एंबुलेंस ने से ब्रेक लगा दिया जिससे कई गाड़ियां टकरा गईं.



**आफत**

**राहुल को बरेली कोर्ट ने किया तलब**

**बरेली।** कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी के आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी दिए गए बयान को लेकर बरेली जिला एवं सत्र कोर्ट ने उन्हें नोटिस जारी किया है. कोर्ट सुनवाई के लिए 7 जनवरी तारीख तय हुई है. यह बुलावा कांग्रेस नेता के लिए बड़ी मुसीबत बन सकती है.

**कार्रवाई**

**दिल्ली में 175 बांग्लादेशियों की हुई पहचान**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों खिलाफ अपने सत्यापन अभियान के दौरान 175 लोगों की पहचान करने का दावा किया है. अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 12 घंटे का सत्यापन अभियान शनिवार शाम छह बजे बाहरी दिल्ली क्षेत्र में शुरू हुआ था.

**कार्टून कोना**




**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,500 |
| चांदी (किलो) | 91,000 |

**उपलब्धि** पीएम नरेंद्र मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान

# द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से हुए सम्मानित

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया है. यह किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है. द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड ऑर्डर है.

यह ऑर्डर मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी प्रमुखों तथा विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है. इसे पहले बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को प्रदान किया जा चुका है.

शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे पीएम मोदी 43 साल में खाड़ी देश का दौरा



करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं. कुवैत का दौरा करने वाली अंतिम भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी, जिन्होंने 1981 में कुवैत का दौरा किया था.

**कुवैत है भारत का अहम व्यापारिक साझीदार**

भारत कुवैत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है. भारतीय समुदाय कुवैत में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है. खाड़ी देश भारत के शीर्ष व्यापारिक साझीदारों में से एक है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10.47 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा. कुवैत भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जा जरूरतों का 3 प्रतिशत हिस्से को पूरा करता है. कुवैत में भारतीय निर्यात पहली बार 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जबकि भारत में कुवैत निवेश प्राधिकरण द्वारा 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है.

**वन नेशन, वन इलेक्शन जेपीसी में**

# झारखंड से सांसद बीडी राम और सुखदेव भगत को जगह

**विशेष संवाददाता। रांची/दिल्ली**

"वन नेशन, वन इलेक्शन" बिल लोकसभा से पास होने के बाद इस पर समग्र चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय कमेटी को भेज दी गयी है. इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ने एक ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी बनायी है. इस समिति में कुल 22 सांसद शामिल हैं, जिनमें 13 राज्यसभा के सदस्य हैं. समिति में लोकसभा में झारखंड के भी दो सांसद शामिल हैं. पलामू से सांसद विष्णुदयाल राम और लोहरदगा से सांसद सुखदेव भगत को इस समिति में जगह दी गयी है. यह समिति बिल पर चर्चा कर एक रिपोर्ट तैयार करेगी और



इसे संसद को सौंपेगी. इसके आधार पर बिल पर निर्णय लिया जाएगा. पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने समिति में शामिल किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया है. रविवार को पलामू लौटे सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि "वन नेशन, वन इलेक्शन" देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इस पर विस्तार से चर्चा की जाएगी.

### सुरक्षा बल के जवानों ने ग्रामीणों का विश्वास जीता, कर रहे नक्सलियों को खदेड़ने में सहयोग

# नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबलों की दबिश बढ़ी, माओवादी कम हुए

- नक्सली या तो मारे जा रहे या जवानों की दबिश की वजह से सरेंडर कर रहे हैं

संवाददाता। रांची

झारखंड में सुरक्षाबलों की ढ़ञती दबिश से भाकपा माओवादी उग्रवादियों व उनके समर्थक लोगों की संख्या में लगातार कमी होती जा रही है. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस प्रमुख की जिम्मेवारी संभालते ही सुरक्षा बलों को नक्सलियों के सफाये के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया. डीजीपी खुद सुरक्षा बलों का हौसला बढ़ाने के लिए उनके बीच पहुंच रहे हैं. उधर सुरक्षा बल के जवानों ने ग्रामीणों का विस्वास भी जीता है. िसके सकारात्मक परिणा सामने आ रहे हैं.सुरक्षा बलों के साथ ग्रामीण भी भाकपा माओवादी उग्रवादियों से लोहा ले रहे हैं और सामूहिक रूप से उग्रवादियों को न सिर्फ खदेड़ रहे हैं, बल्कि मार गिरा रहे हैं.

सुरक्षा बलों ने लगातार जागरूकता अभियान चलाकर और आम लोगों में विश्वास पैदा कर उन ग्रामीणों का विश्वास जीता है, जो पहले उग्रवादियों के डर से उन्हें पनाह दिया करते थे. अब ग्रामीण भी खुलकर उग्रवादियों का विरोध करने लगे हैं. सुरक्षा बलों को दबिश की वजह से कई उग्रवादियों ने सरेंडर भी किया है. उग्रवादियों का सरेंडर करने का सिलसिला लगातार जारी भी है.

**झारखंड के सिर्फ पांच जिले नक्सल प्रभावित :** केंद्रीय गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा माओवाद प्रभावित जिले हैं. इनमें पश्चिमी सिंहभूम को अति माओवाद प्रभावित जिले की सूची में रखा गया है. जबकि शेष चार नक्सल प्रभाव वाले जिले गिरिडीह, गुमला, लातेहार व लोहरदगा डिस्ट्रिक्ट आफ कंर्सन (डीओसी) की सूची में हैं.

**भाकपा माओवादी के कमजोर होते ही छोटे-छोटे अपराधी व उग्रवादी संगठन हुए है सक्रिय:** :झारखंड में भाकपा माओवादी संगठन के कमजोर होते ही छोटे-छोटे अपराधी और उग्रवादी संगठन सक्रिय हो गये हैं. ये रंगदारी और लेवी वसूलने के लिए वाहनों में आगजनी और गोलीबारी की घटना को अंजाम दे रहे हैं. झारखंड में नक्सलवाद की समस्या 95 फीसदी खत्म हो चुकी है. छोटे-छोटे समूह में तब्दील होकर अपराधी और उग्रवादी संगठन आगजनी के साथ-साथ व्हाट्सएप कॉल पर कारोबारियों से रंगदारी की मांग कर रहे हैं.

### सात साल में 109 उग्रवादी मारे गये, 41 जवान भी शहीद हुए

पिछले सात साल के दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में झारखंड में माओवादियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है. इस दौरान 109 बड़े माओवादी मारे गए. वहीं दूसरी तरफ सुरक्षाबलों को भी नुकसान उठाना पड़ा है. इस दौरान 41 जवान भी शहीद हुए है .झारखंड में सुरक्षा बलों की तैनाती और खुफिया जानकारी जुटाने की वजह से माओवादी अब कुछ जिलों तक ही समिट कर रहे गये हैं, जबकि एक दशक पहले माओवादियों का मुद्दा पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय था. माओवादियों को कोल्हान क्षेत्र से लगभग खदेड़ दिया गया है, जो कभी उनका गढ़ हुआ करता था और वे ओडिशा के सीमावर्ती जिलों जैसे मयूरभंज और क्योंझर के साथ राज्य के सुदूर दक्षिण में सारंडा वन क्षेत्र में चले गए हैं. सबसे बड़ा माओवादी कमांडर मिसिर बेसरा और पतिराम मांझी राज्य के सारंडा वन क्षेत्र में छुपा हुआ है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए जवान लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं.

### पिछले सात साल में 109 नक्सली मारे गए

| | |
|---|---|
| 2018- 25 | 2022- 13 |
| 2019- 31 | 2023- 14 |
| 2020- 18 | 2024- 13 |
| 2021- 08 | कुल- 109 |

### पिछले सात साल में 846 नक्सली हुए गिरफ्तार

| | |
|---|---|
| 2018- 157 | 2022- 195 |
| 2019- 69 | 2023- 114 |
| 2020- 92 | 2024- 78 |
| 2021- 141 | कुल- 846 |

### झारखंड में फिलहाल 11 नक्सलियों का दस्ता सक्रिय



- चाईबासा जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई, अजय महतो का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में 65 नक्सली कैडर शामिल हैं.
- चाईबासा जिले के गोइल केरा और सोनूवा थाना क्षेत्र में मेहनत और अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में 30 नक्सली कैडर शामिल हैं.
- कारो जिले के जागेश्वर बिहार थाना क्षेत्र में विवेक और रघुनाथ का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में 23 नक्सली कैडर शामिल हैं.
- लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में रविंद्र गंझू का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में पांच नक्सली कैडर शामिल हैं.
- चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में मनोहर गंझू का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में तीन नक्सली कैडर शामिल हैं.
- पलामू जिले के मोहम्मदगंज और हैदरनगर थाना क्षेत्र में नितेश यादव का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में छह नक्सली कैडर शामिल हैं.

### डीजीपी का दावा अगले तीन महीने में चाईबासा से नक्सलियों का हो जायेगा खात्मा

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दावा किया है कि अगले तीन महीने में कोल्हान खासकर चाईबासा से नक्सलियों का खात्मा हो जायेगा. शनिवार को चाईबासा में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने नक्सलियों के खात्मे के लिए लगातार अभियान चलाने को कहा है. राज्य में 95 प्रतिशत नक्सल समस्या खत्म हो चुकी है .शेष बचे पांच प्रतिशत नक्सलियों के खात्मे के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है.

---

## मामूली गलतियों पर भारी जुर्माना वसूल रही है ट्रैफिक पुलिस : बाबूलाल

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात सुधारने के नाम पर जुर्माना वसूलने के मामले पर सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने एक्स हैंडल पर कहा कि मामूली गलतियों पर भी भारी-भरकम जुर्माना लगा जनता का शोषण किया जा रहा है. सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण जैसे मुद्दों को नजरअंदाज कर सिर्फ जुर्माने की वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है. मरांडी ने कहा, यातायात नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन जब तक सड़कों की दशा नहीं सुधरेगी. सिग्नल सही नहीं होंगे, जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक जुर्माना वसूलने से समस्या हल नहीं होगी.

## भाजपा नेता समेत कई दलों के कार्यकर्ता राजद में शामिल

**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय में भाजपा समेत कई दलों के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय और तेजस्वी यादव के कार्यों एवं विचारों से प्रभावित होकर राजद की सदस्यता ग्रहण की. सभी को प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने माला पहनाकर सदस्यता दिलायी. प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की विचारधारा एवं संघर्षों से प्रेरित होकर और तेजस्वी यादव के कार्यों को देखते हुए लगातार लोग राजद में शामिल हो रहे हैं. ये हमारे लिए गर्व की बात है और हम पार्टी को मजबूत करने और विस्तार के लिए लगातार काम कर रहे हैं.

### नियमावली में संशोधन के लिए कमेटी का हुआ है गठन

# शिक्षकों की स्थानांतरण नीति में बदलाव की तैयारी

- इससे पूर्व वर्ष 2022 में भी नियमावली में बदलाव हुआ था

संवाददाता। रांची

राज्य के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने शिक्षकों के स्थानांतरण नियमावली में एक बार फिर बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है. इससे पहले वर्ष 2022 में शिक्षकों के स्थानांतरण नियमावली में बदलाव हुआ था, जिसके बाद शिक्षकों के गृह जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हुई थी. अब अंतर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया में कुछ नए बदलाव की जरूरत महसूस की गयी है.

### अंतर जिला स्थानांतरण के लिए नए बदलाव

वर्तमान में अंतर जिला स्थानांतरण के लिए जो नियमावली निर्धारित की गयी है, उसमें अलग-अलग जोन में पदस्थापन, उम्र और प्राथमिकता के आधार पर अंक निर्धारित किए गए हैं. इसके अलावा, यदि शिक्षक असाध्य रोग से ग्रसित हैं, तो उन्हें अंतर जिला स्थानांतरण में प्राथमिकता दी जाती है. इस प्रावधान में अब शिक्षक के परिजनों को भी शामिल किया जाएगा, जिनके स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए स्थानांतरण की जरूरत हो सकती है.

यह बदलाव नियमावली में संशोधन के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर किए जाएंगे.



### झारखंड में जोन-1, जोन-2 और जोन-3 का निर्धारण

झारखंड में शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर जोन-1, जोन-2 और जोन-3 का निर्धारण किया गया है.

- **जोन-1:** नगर निगम, नगर पंचायत और अन्य नगर निकाय शामिल हैं, जो नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों को कवर करते हैं.
- **जोन-2:** ऐसे पंचायत क्षेत्र के विद्यालय शामिल हैं, जो अनुमंडल और प्रखंड मुख्यालय के आसपास स्थित हैं.
- **जोन-3:** अनुमंडल और प्रखंड पंचायत से पांच किलोमीटर की परिधि में स्थित विद्यालय आते हैं.

इन तीनों जोन के तहत शिक्षकों के स्थानांतरण की प्राथमिकताएं निर्धारित की जाती हैं. लेकिन अब इस व्यवस्था में भी बदलाव किए जाने पर विचार किया जा रहा है, ताकि स्थानांतरण की प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक और न्यायसंगत बनाया जा सके.

### महिला शिक्षकों की स्थानांतरण नीति में बदलाव

महिला शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर भी पूर्व में तय प्राथमिकता में बदलाव किया जाएगा. महिला शिक्षकों को लेकर पहले से तय प्राथमिकताओं पर पुनः विचार किया जा रहा है, ताकि उनकी जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जा सके.

### संशोधन पर काम तेज

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने इन बदलावों की प्रक्रिया को तेज कर दिया है और नियमावली में संशोधन के लिए एक कमेटी गठित की है. कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर न केवल स्थानांतरण के नियमों में बदलाव किए जाएंगे, बल्कि शिक्षकों की समस्याओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे. इस कदम से शिक्षकों को उनकी इच्छा के अनुरूप स्थानांतरण की सुविधा मिल सकेगी और उनके कार्य जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान हो सकेगा. शिक्षक संघ द्वारा यह उम्मीद की जा रही है कि स्थानांतरण की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और प्रभावी होगी, जिससे राज्यभर में शिक्षा व्यवस्था मजबूत हो सकेगी.

### एनडीए सांसदों की सदबुद्धि के लिए कांग्रेस ने सर्वधर्म प्रार्थना की

# कांग्रेस ने 1.36 लाख करोड़ बकाया की मांग की, महंगाई का किया विरोध

- कहा- मोदी सरकार का जन सरोकार से अब कोई लेना-देना नहीं है

विशेष संवाददाता। रांची

कांग्रेस ने झारखंड का 1.36 लाख करोड़ बकाया जल्द देने की मांग की है. साथ ही बढ़ती महंगाई को विरोध किया है. रविवार को कांग्रेस ने एनडीए के वर्तमान सभी 12 सांसदों (लोकसभा व राज्यसभा) की सद्बुद्धि के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया. प्रार्थना सभा में उपस्थित कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से धार्मिक पद्धति से ईश्वर से प्रार्थना की कि झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी सांसदों को उनकी जवाबदेही एवं कर्तव्य का बोध हो. झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं का आभास कराने के लिए ही सभा आयोजन किया.

**झारखंड के वाजिब हक की अनदेखी हो रही है :** कांग्रेस नेताओं ने कहा कि झारखंड सरकार का वाजिब हक-अधिकार देने में भी आनाकानी की जा रही है. पिछले दिनों झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया गया. झारखंड सरकार केंद्र की भाजपा सरकार से लगातार अपना हक-अधिकार मांग रही है ,परंतु ना उसके कोयला की रॉयल्टी का बकाया 1.36 लाख करोड़ नहीं दे रही है और ना ही पीएम आवास, मनरेगा सहित अन्य केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि निर्गत कर रही है. यह झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार है और झारखंडियों के साथ अन्याय है.





### महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी : राकेश किरण

रांची जिला अध्यक्ष राकेश किरण ने कहा कि भाजपा एवं केंद्र सरकार पिछले चुनावों में अपने किए गए वादों से मुकर गयी है. उनके वादे अब जुमले बन चुके हैं. उनकी सभी फ्लैगसिप योजनाएं विफल साबित हो रही हैं. वर्ष 2014 में बनी इस सरकार से आशा थी कि वह जनहित में काम करेगी, परंतु बेतहाशा बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी ने आम जनता की कमर कमर तोड़ दी है. पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आसमान छूती महंगाई ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है. किसान आत्महत्या कर रहे हैं. मजदूर पलायन कर रहे हैं. महिलाएं प्रताड़ित हो रही हैं, परंतु उनकी देखभाल और सुधि लेने वाला कोई नहीं है. मोदी सरकार का जन सरोकार से अब कोई लेना-देना नहीं है. इसीलिए झारखंडी जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है.

### आज झारखंड के 9 जिले में प्रेस कांफ्रेस कर मांगेगी इस्तीफा

**रांची।** राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत झारखंड में कांग्रेस सोमवार को झारखंड के विभिन्न प्रमंडल के नौ जिला मुख्यालयों में प्रेस कांफ्रेंस करेगी. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर कथित टिप्पणी के विरोध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरूद्ध गलत एफआईआर के विरोध में कांग्रेस भाजपा पर हमला करेगी. मालूम हो कि सोमवार को कांग्रेस इस मुद्दे पर देश के 150 शहरों में प्रेस कांफ्रेंस करने की घोषणा की है. यह जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि संवाददाता सम्मेलन को दक्षिणी छोटानागपुर के रांचीष में डॉ रामेश्वर उरांव, खूंटी में कालीचरण मुंडा, संथालपरगना के दुमका में प्रदीप यादव, देवघर में फुरकान अंसारी, कोल्हान के चाईबासा में डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, जमशेदपूर में सुबोधकांत सहाय, उत्तरी छोटानागपुर के धनबाद में राजेश ठाकुर, हजारीबाग में राजीव रंजन प्रसाद, पलामू के मेदिनीनगर में बंधु तिर्की संबोधित करेंगे.

---

## एड वर्ल्ड कंपनी के नेशनल प्रमोटर को दिल्ली में मिला भारत बिजनेस अवार्ड



**रांची।** ऐड वर्ल्ड कंपनी ऑनलाइन मार्केटिंग में पूरे देश में परचम लहरा रहा है. यही कारण है कि ऐड वर्ल्ड कंपनी के नेशनल प्रमोटर को मास्टर ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड और उनके टीम को दिल्ली में भारत बिजनेस अवॉर्ड मिला है. मास्टर ऑफ़ एक्सीलेंस अवॉर्ड और भारत बिजनेस अवॉर्ड ताईकी मीडिया लि. द्वारा दिया गया है. समारोह में देश भर से कई बिजनेसमैन शामिल हुए थे. ऐड वर्ल्ड के नेशनल प्रमोटर असित चक्रवर्ती ने बताया कि हमारी कंपनी ने पांच साल पहले झारखंड के रांची से शुरुआत की थी. आज पूरे भारत में हमारी कंपनी की अलग पहचान बन गयी है.

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची लौटे, तीरंदाज दीपिका मिलीं

संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री अपने एक सप्ताह के निजी दौरे के बाद रविवार को वापस राजधानी रांची लौट आए हैं. मुख्यमंत्री 14 दिसंबर को अपने दो दिवसीय संथाल दौरे के बाद पत्नी संग निजी दौरे पर राज्य से बाहर थे.

अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के उज्जैन में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना की. तिरूपति बाला जी मंदिर, पद्मावती अम्मावारी मंदिर में पूजा-अर्चना की. इधर रांची लौटने के बाद सीएम से उनके कांके रोड स्थित आवास पर तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी एवं सेंटर फॉर एक्सीलेंस की कोच डी. साईश्वरी ने मुलाकात की. मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने राज्य में तीरंदाजी क्षेत्र से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया. मुख्यमंत्री ने भी उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि विश्व पटल पर झारखंड के खिलाड़ी तीरंदाजी के क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं. हमारी सरकार झारखंड के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को आवश्यक सभी सुविधा मुहैया करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. मौके पर मुख्यमंत्री ने तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी के हालिया प्रदर्शन को लेकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.



## राज्य स्तरीय युवा दिवस आज रांची के ऑड्रे हाउस में

**रांची।** झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा राज्यस्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन सोमवार को रांची के ऑड्रे हाउस में किया जाएगा. इसमें समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला एवं कहानी लेखन का आयोजन किया जाएगा, प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत एवं विज्ञान मेला में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी युवा भाग लेंगे. शेष प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी युवा भाग लेंगे. बता दें इन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागी नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025 में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे.

### मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा संवेदकों की बैठक बुलाएं

# हफ्ते भर में पेयजल पहुंचाने का काम पूरा हो : सरयू राय



- पांच साल पहले बनी पानी की टंकी का ट्रायल सफल रहा, सब कुछ दुरुस्त पाया गया
- रामनगर, श्यामनगर, जयगुरू नगर, खड़िया बस्ती, बागान शाही में पेयजल की दिक्कत

संवाददाता। रांची/जमशेदपुर

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि मानगो नगर निगम में कचरा निष्पादन की समस्या का हल निकल जाने के बाद अब यहां की पेयजल की समस्या का समाधान करने की दिशा में प्रयास होगा.

राय ने कहा कि मानगो क्षेत्र के कई इलाकों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही. यह काफी दुखद है. उन्होंने मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त से फोन पर विमर्श किया और कहा, मानगो परियोजना के सुचारू संचालन के लिए संबंधित विभागों, खासकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और संचालन के लिए नियुक्त संवेदक की बैठक शीघ्र बुलाएं और उन सभी स्थानों पर जहां पाइप बिछाई जा चुकी है, वहां पानी क्यों नहीं जा रहा है और क्या दिक्कत है, इसे समझा जाए और समस्या का समाधान शीघ्र किया जाए.

राय ने कहा कि पांच साल पहले वन विभाग से जमीन ले पानी टंकी निर्माण का कार्य आरंभ कराया था. वह पानी की टंकी आज तक कार्यरत नहीं हो सकी. उन्होंने इस पानी टंकी को चालू करने के लिए ट्रायल करने का निर्देश विगत दिनों पेयजल स्वच्छता विभाग के अफसरों को दिया था. उन्हें सूचना मिली है कि इस टंकी का ट्रायल हो गया है. ट्रायल में सारा सिस्टम दुरूस्त है. अब इसका कनेक्शन मेन लाईन से करने की बात है. ऐसा होने से शांतिनगर, कृष्णा नगर आदि इलाकों में पर्याप्त पानी जाएगा.

राय ने कहा कि शंकोसाई के रामनगर, श्यामनगर, रोड नंबर-5 के जयगुरु नगर, खड़िया बस्ती व पुरूलिया रोड के बागान शाही क्षेत्र में पेयजल नहीं पहुंच रहा है. इससे पूर्व उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों और नगर निगम के उप नगर आयुक्त की साझा बैठक अपने आवासीय कार्यालय में की थी. उस बैठक में निर्णय हुआ था कि इंटेक वेल के सभी पंप दुरूस्त रहने चाहिए और एक अतिरिक्त पंप वहां रिजर्व रखना चाहिए. इसी तरह जितनी भी पानी की टंकियां बनी हुई हैं, उनके संचालन के लिए भी एक अतिरिक्त पंप रिजर्व रखी जाए, ताकि पानी लाभुकों को निर्बाध मिल सके. कहा कि मानगो परियोजना को चलाने तथा पेयजल पहुंचाने की दिशा में काम सोमवार से शुरू हो जाएगा. उन्होंने उम्मीद जतायी कि एक में सभी समस्याओं का समाधान कर सभी इलाकों में (जहां पाईप बिछ चुकी है) वहां पानी पहुंचाने का काम पूरा हो जाएगा.

---

**मांग पूरी हो** | नियुक्ति की मांग को लेकर चला रहे हैं सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अभियान

# अभ्यर्थी कर रहे सवाल-आखिर कब होगी जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति?

संवाददाता। रांची

झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद पर अबतक किसी की नियुक्ति नहीं होने से वैसे अभ्यर्थी परेशान हैं, जो सिविल सेवा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं. अभ्यर्थी सरकार से यह जानना चाह रहे हैं कि आखिर कबतक होगी जेपीएससी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति. कैसे परीक्षाएं समय पर आयोजित होंगी. अद्यक्ष पद पर नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थी सोशल मीडिया प्लेटपार्म एक्स पर अभियान भी चला रहे हैं. जेपीएससी अध्यक्ष डॉ. नीलिमा केरकेट्टा का कार्यकाल 22 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया था. इसके बाद से ही यह पद खाली है. इसके बाद से इस महत्वपूर्ण पद पर किसी की नियुक्ति नहीं हो पायी है, जिसका असर प्रतियोगी परीक्षाओं पर पड़ रहा है. विशेष रूप से जेपीएससी की 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा की नियुक्ति प्रक्रिया लंबित है, जिससे अभ्यर्थियों में भारी निराशा है. सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे अब्यर्थियों की इस बात की चिंता सता रही है कि कहीं अध्यक्ष पद की नियुक्ति में विलंब होने से उनकी उम्र न पार कर जाए और वे प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने से वंचित न रह जाएं



जेपीएससी अभ्यर्थियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X (पूर्व ट्विटर) पर 21 दिसंबर से एक अभियान शुरू किया है. इस अभियान के तहत #jpsc_chairman_appoint_karo हैशटैग के जरिए वे झारखंड सरकार से जेपीएससी अध्यक्ष की तत्काल नियुक्ति की मांग कर रहे हैं. इस अभियान में सैकड़ों अभ्यर्थी सक्रिय रूप से जुड़कर अपनी आवाज उठा रहे हैं. अभ्यर्थियों का कहना है कि अध्यक्ष के पद खाली रहना उनके भविष्य को प्रभावित कर रहा है और नियुक्ति प्रक्रिया में देरी हो रही है.

**कोर्ट ने भी दिया है निर्देश, सरकार ने दिया आश्वासन :** झारखंड हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध में शीघ्र कार्रवाई की जाए. कोर्ट ने कहा कि आमतौर पर नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया जाता, लेकिन यह मामला सैंकड़ों अभ्यर्थियों की नियुक्ति से जुड़ा है और इसमें देरी से उनके भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. कोर्ट ने सरकार से यह भी कहा कि जेपीएससी के अध्यक्ष के बिना सिविल सेवा परीक्षा की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकती है. हालांकि कोर्ट में सरकार की ओर से यह जानकारी दी गयी है कि जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है. जैसे ही अध्यक्ष का पद भरा जाएगा, नियुक्ति प्रक्रिया तत्काल पूरी कर दी जाएगी और संबंधित अभ्यर्थियों को जल्द ही दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा.

### नियुक्ति प्रक्रिया में देरी, जून में परीक्षा हुई, परिणाम अबतक नहीं निकला

जेपीएससी की 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा की मुख्य परीक्षा जून में हो चुकी थी और अब अभ्यर्थी अपने परिणाम का इंतजार कर रहे हैं. जेपीएससी के अध्यक्ष के बिना नियुक्ति प्रक्रिया लंबित है, जिससे अभ्यर्थियों में निराशा और गुस्सा है. अभ्यर्थियों ने सरकार से अपील की है कि वे शीघ्र ही अध्यक्ष की नियुक्ति करे, ताकि उनका भविष्य तय किया जा सके. जेपीएससी के अध्यक्ष की नियुक्ति में हो रही देरी ने अभ्यर्थियों के लिए समस्याएं खड़ी कर दी हैं और अब उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी मांग को तेज कर ही है. सरकार द्वारा आश्वासन मिलने के बावजूद, यह मुद्दा झारखंड में बेरोजगारी और सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है.

## गिद्दी में गोलीबारी, अपराधी राहुल दुबे ने ली जिम्मेवारी

- रामगढ़, रांची और हजारीबाग में दर्ज हैं दर्जन भर से ज्यादा मामले
- दुबे की चेतावनी-बिना मैनेज किये काम चालू किया, तो अगली बार खोपड़ी खोल देंगे



संवाददाता। रांची/हजारीबाग

जिले के गिद्दी इलाके में हुई गोलीबारी की जिम्मावारी अपराधी राहुल दुबे ने ली है. राहुल दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दावा किया है कि गिद्दी रेलीगड़ा कांटाघर में जो गोलीबारी की घटना हुई है, उस घटना का जिम्मेवारी राहुल दुबे गैंग लेता है. रेलीगड़ा गिद्दी में जो भी काम कर रहे हैं, कान खोल कर सुन लो- यह मेरी चेतावनी थी. बिना मैनेज के काम चालू किया, तो अगली बार खोपड़ी खोल देंगे. गौरतलब है कि राहुल दुबे को ओरमांझी में भारत माला प्रोजेक्ट की साइट पर लेवी के लिए फायरिंग करने के आरोप में रांची पुलिस ने इसी वर्ष अप्रैल में हथियार के साथ गिरफ्तार किया था. निचली अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जहां से उसे जमानत मिल गई थी. राहुल पर रामगढ़, रांची और हजारीबाग जिले में एक दर्जन से ज्यादा संगीन मामले दर्ज हैं.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, सोमवार 23 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत 2081


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 27.6 | 09.9 |
| डालटनगंज | 27.4 | 10.2 |
| धनबाद | 27.0 | 12.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



आखिरकार मलाइका अरोड़ा ने बताई ब्रेकअप की असली वजह

**ब्रीफ खबरें**

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक निकले वारंटी, गए जेल

**मधुबन।** राजगंज महुदा फोरलेन सड़क मार्ग पर शनिवार की शाम हुए सड़क दुर्घटना में घायल दो युवक संदीप यादव पिता जयप्रकाश यादव, मुना यादव पिता सुधीर यादव दोनों पुराने वारंटी निकले जो 2023 से फरार चल रहे थे. पुलिस ने दोनों वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बता दें कि शनिवार की शाम को एक मारुति ऑल्टो जेएच10एफ-1161 नारायणधौडा के पास अनियंत्रित हो कर फोरलेन सड़क से नीचे पलट गई थी. दुर्घटना के वक्त गाड़ी में चार युवक सवार थे. मधुबन थाना प्रभारी पिक्कू प्रसाद ने पूछताछ के क्रम में शक हुआ, जांच पड़ताल करने पर पता चला कि इनमें से दो युवक पुराने वारंटी हैं, जो कई महीने से फरार चल रहे थे.

### अब मिला नरमुंड, मचा हड़कंप

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के कोयरीबांध में एक नरमुंडी मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. कोयरीबांध शाखा मैदान में मंगलवार को एक कटा हुआ बायां पैर मिला था, जो घुटने के नीचे का था. रविवार को उसी स्थान पर एक नरमुंड को कुत्ते नोच खरोंच करते दिखे. देखने के लिए लोगों का भीड़ जुट गई. किसी ने उक्त वीडियो बनाकर वायरल कर दिया. नरमुंड मिलने से इलाके में कई प्रकार के चर्चा फैली हुई है. स्थानीय लोगों ने मामले की खबर पुलिस को दी. मौके पर पुलिस पहुंची और नरमुंड को जब्त कर थाना ले आई. लोगों में चर्चा है कि उक्त नरमुंड का मामला हत्या से जुड़ सकता है. इधर छानबीन में जुटी पुलिस ने बताया कि मंगलवार को बरामद कटे पैर का डीएनए टेस्ट करा लिया है.

### गैंग रेप मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर भेजा जेल

**झरिया।** शादी का झांसा देकर गैंग रेप के मामले में झरिया पुलिस ने रविवार को एक आरोपी बोरागढ के निवासी सत्यांसु राउत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पीड़िता के शिकायत पर झरिया पुलिस ने कांड संख्या 324/24 दर्ज किया है. मामले में दो आरोपी गोलु रवानी व आनंद रवानी पुलिस की पकड़ से बाहर है. झरिया थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि ईस्ट भगतडीह की रहने वाली 25 वर्षीय पीड़िता ने 14 दिंसबर को शिकायत दर्ज कराया था कि सुरेंद्र कॉलोनी बोरागढ़ निवासी सत्यांसु राऊत के साथ एक शादी समारोह में वर्ष 2021 मुलाकात हुई थी. फिर दोस्ती हुई. इसके बाद उसने प्यार का इजहार किया और शादी का प्रस्ताव दिया. उसके बाद मेरे परिवार वालों से मेलजोल बढाना शुरू किया. शादी का वादा करके मेरे साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया. सत्यांशु अपनी माँ के साथ मेरे घर आया और मेरी माँ से 3 लाख रुपये नगद लिया.

**आतंक :** वन विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में दहशत

# टुंडी में 35 हाथियों का दल मचा रहा उत्पात

**ग्रामीणों ने कहा- सोया हुआ है वन विभाग**

संवाददाता। टुंडी



गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र से 3 5जंगली हाथियों के झुंड म नि या डीह थाना क्षेत्र के सर्रा रां गा मटिया के रास्ते प्रवेश किया. हाथियों का झुंड ने प्राथमिक विद्यालय मांझीडीह में रसोई घर के दरवाजे को तोड़क र अंदर रखे सारे मध्यान्ह भोजन का चावल खाकर तितर-बितर कर दि या. अभी पहाड़ी तराई गांव दलुगौड़ा गांव में उतरते हुए जमकर उत्पा त मचा रहे है. टुंडी इलाके में हाथियों के झुंड आने से पहाड़ी तराई गांवों में दहशत है. सूचना मिलने पर टुंडी वन विभाग के मशालचियों का दल पहुंचा हुआ है. लेकिन इतने जंगली हाथियों के सामने महज नौ-दस मशालचियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है.

पहाड़ी तराई ग्रामीण किसानों का कहना है कि अभी फिलहाल धान कटनी कर खलिहान में समेट कर रखें हैं कि हाथियों के झुंड से वे कैसे बचाएं? यहां इतनी संख्या में जंगली हाथियों का झुंड आया हुआ है लेकिन वन विभाग के अधिकारी झांकने तक नहीं आ रहे हैं. वे कुछ मशालचियों को भेजकर केवल औपचारिकता पूरी कर कुंभकर्णी नींद में सोये हुए हैं. ऐसे में हम अपनी जान बचाएं की धान?

### हाइवा पलटने से जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त

**तेतुलमारी।** सुभाष चौक पेट्रोल पंप के समीप बालू लदा हाइवा पलट जाने से चालक चोटिल हो गया. उक्त घटना में जलापूर्ति के लिए लगाया गया पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया. जिससे पानी की बर्बादी हो रही है. पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त हाईवा को क्रेन के माध्यम से बाहर निकाला और अपने साथ थाना ले गई. हाइवा में बालू लदा हुआ था, पुलिस की गश्ती वाहन को देखकर चालक ने हाइवा का गति तेज कर दिया और भागने लगा. तभी वह पेट्रोल पंप के पास सड़क की गोलाई में असंतुलित होकर पलट गया.

हरिहर चौक देवरी रोड स्थित चौराहे के पास हुई वारदात

# नर्तकी को मनचले ने मार दी गोली, मौत

- चाय दुकान पर खड़ी थी पूजा, सिर पर निशाना लगाकर मारी गोली

पवन कुमार सिंह। हुसैनाबाद



मृत नृत्यांगना पूजा देवी





अस्पताल में जांच करते एसडीपीओ व थाना प्रभारी.

हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के हरिहर चौक देवरी रोड स्थित नर्तकी मोहल्ला में एक मनचले युवक ने दिनदहाड़े गोली मारकर पूजा देवी नामक 28 वर्षीय नर्तकी को मौत के घाट उतार दिया. इस घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद एडीपीओ सह आईपीएस मो. याकूब व थाना प्रभारी संजय कुमार यादव सहित काफी संख्या में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है. घटना लगभग 3. 30 बजे दोपहर बाद की बताई गई है.

स्थानीय लोगों ने बताया कि अपाचे बाइक से एक युवक देवरी रोड के समीप चाय दुकान पर पहुंचा. नर्तकी वहीं चाय दुकान पर खड़ी थी. जहां युवक ने निशाना बनाते हुए पूजा देवी के सिर में गोली मार दी. लोगों ने आनन-फानन में उक्त घायल नृत्यांगना को हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया. लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में अपराधियों का आना-जाना लगा रहता है. जिस तरह से युवक ने पिस्तौल लहराते हुए घटना को अंजाम दिया, उससे इलाके में दहशत है. अस्पताल पहुंचे हुसैनाबाद एसडीपीओ मो. याकूब व थाना प्रभारी संजय यादव ने घटना की जानकारी ली. 10 वर्ष की मृतका की बेटी ने अपना बयान देते हुए कहा कि रवि व संदीप नामक युवक ने बाइक से आकर गोली चलाई है. जिससे मेरी मम्मी के सर में गोली लग गई. इस मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है. थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि इस मामले में आसपास मे लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जाएगा. उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर गोली चलाने वाले युवक को बक्शा नहीं जाएगा. उन्होंने कहा कि युवक को चिन्हित कर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा.

### गुमला में चौथी कक्षा की छात्रा की हत्या

**गुमला।** जिले के सिसई थाना क्षेत्र के सकरौली गांव में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां चौथी कक्षा की छात्रा की हत्या कर दी गई. मृतकों की पहचान 10 वर्षीय असरिता एक्का के रूप में हुई है. अपराधियों ने हत्या के बाद उसका शव घर के पिछले दरवाजे के पास फेंक दिया. मृतका के गले पर खून के निशान पाए गए हैं. पुलिस को आशंका है कि पहले छात्रा का अपहरण किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई. हत्या की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है. सुबह करीब 9 बजे सिसई थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बरामद किया और मामले की जांच शुरू कर दी. परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है कि बच्ची को आखिरी बार कब और कहां देखा गया था. परिजनों के बताया कि असरिता शनिवार दोपहर पास के जंगल में बकरी चराने गई थी. शाम करीब सवा चार बजे वह घर लौटी और सहेलियों के साथ खेलने के लिए निकली. लेकिन रात 8 बजे तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की. परिजनों ने बताया कि खोजबीन के दौरान कोई जानकारी नहीं मिली. रात करीब सवा आठ बजे किसी ने बच्ची का शव घर के पिछले दरवाजे के पास फेंक दिया और भाग गया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## हेमंत-कल्पना मिले आर्चबिशप से, क्रिसमस की दी बधाई



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने रविवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंच कर आर्चबिशप विंसेंट आइंद से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और केंक भी काटा.

फोटो : समीर

## फेसबुक पर विधायक अरूप पर गलत कमेंट पड़ा महंगा

- कमेंट करने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया, हो रही पूछताछ

संवाददाता। निरसा बाजार/कालूबथान

फेसबुक पर विधायक अरुप चटर्जी के खिलाफ अपशब्द व अश्लील भाषा का प्रयोग करना बड़ा अम्बोना निवासी रमेश गोप नामक युवक को महंगा पड़ गया. युवक को कालूबथान पुलिस ने हिरासत में लिया है. पुलिस उससे पूछताछ कर रही है.

जानकारी के मुताविक कालूबथान ओपी क्षेत्र के आंखद्वारा पंचायत के मुखिया पति तीर्थ कुमार सिंह द्वारा कालूबथान ओपी में लिखित शिकायत दी गई है. जिसमें कहा गया कि विधायक अरुप चटर्जी के न्यूज का फोटो अपने फेसबुक आईडी पर लगाया था. इसके बाद बड़ा अम्बोना निवासी रानेश गोप युवक द्वारा गाली गलौज के साथ अपशब्द व अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए विधायक अरुप चटर्जी को कमेंट किया. रमेश गोप ने इंदर हिन्दू नामक फेसबुक आईडी का उपयोग कर उक्त कमेंट किया. हमने उसे उस भाषा व पोस्ट को डिलीट करने को कहा लेकिन उसने पोस्ट को डिलीट नहीं किया, साथ ही मुझे भी गाली गलौज करने लगा.

इसके बाद आँखद्वारा पंचायत की मुखिया जुनाकी सिंह के पति तीर्थ सिंह ने शनिवार की देर रात कालूबथान ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई. मामले को गंभीरता से लेते हुए कालूबथान पुलिस ने रमेश गोप नामक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.

### बरवाअड्डा से बराकर तक सभी अवैध कट होंगे बंद : सिंह

संवाददाता। गोविंदपुर

एनएचएआई के हाईवे इंजीनियर एलपी सिंह ने रविवार को कहा कि निर्मला अस्पताल के सामने लोगों ने अवैध कट बना दिया था. सोमवार को इस कट को बंद कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस अवैध कट के कारण दुर्घटना हुई और लक्ष्मण साव की जान चली गई. दो महिलाएं घायल हो गई. बरवाअड्डा से बराकर तक सभी अवैध कट को बंद कर दिए जाएंगे. इसके बाद यदि किसी ने कट खोला तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जीटी रोड पर सुरक्षा जरूरी है. शॉर्टकट तरीके से सड़क पार करने के चक्कर में लोगों की जान जा रही है. उन्होंने कहा कि गोविंदपुर ऊपर बाजार इलाके में सड़क चौड़ीकरण का काम तेज गति से हो रहा है. अमरपुर इलाके में कुछ लोगों ने चौड़ीकरण कार्य में लगे लोगों के साथ मारपीट की थी. यदि ऐसी घटना फिर होगी तो मारपीट करने वालों को खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी. उन्होंने कहा कि गोविंदपुर इलाके में सड़क चौड़ीकरण कार्य 20 दिसंबर तक पूर्ण नहीं हो पाया. इसके बाद डीसी ने हर हाल में एक हफ्ते में पूर्ण करने का निर्देश दिया है.

### भाकपा माले ने अमित शाह का पुतला फूंका

**कतरास।** भाकपा माले कार्यालय कतरास में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. मुख्य अतिथि के रूप से पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो उपस्थित थे. अध्यक्षता सुनील कुमार महतो ने की. बैठक में सदस्यता अभियान एवं झारखंड जोहार पद यात्रा निकलने का निर्णय लिया गया. अंत में संसद में देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर अपमानित भाषण के विरोध में मार्च निकालकर गुहीबांध बस स्टैंड कतरास में स्थित अंबेडकर के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण किया गया. गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन करते हुए उनके खिलाफ नारेबाजी की गई.

## विधायक जयराम महतो से मिला होमगार्ड जवानों का प्रतिनिधि मंडल

संवाददाता। धनबाद



रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रिंकेश कुमार यादव एवं जमशेदपुर के जिला अध्यक्ष परितोष महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नव निर्वाचित विधायक जयराम महतो से डुमरी जाकर मिला. उन्हें जीत की बधाई और एक मांग पत्र भी सौंपा. जिसमें मांग की गई है कि गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय झारखंड रांची के पत्रांक 1616/ओटीडी राँची द्वारा प्रधान गृह सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड रांची को पत्राचार कर राज्य के गृह रकक्षों को भविष्य निधि एवं सेवा निवृत्ति का लाभ राज्य के गृह रक्षकों को प्राप्त हो सके. इस पत्र का हवाला देकर मांग की गई है कि क्रियान्वयन कराई जाए ताकि इसका लाभ राज्य के गृह रक्षों को प्राप्त हो सके. धनबाद जिला के ज्वलंत समस्याओं के सम्बन्ध में उन्हें अवगत कराया गया. विधायक जयराम महतो ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया. प्रतिनिधि मंडल में संघ के प्रदेश संगठन सचिव दिनेश कुमार यादव, प्रदेश प्रवक्ता कमल कुमार शर्मा, जमशेदपुर जिला उपाध्यक्ष तपन महतो, सुनील महतो, मनोज कुमार झा उपस्थित थे.

**चेतावनी** खरखरी : आउटसोर्सिंग में रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों का महाजुटान

# बिना रोजगार दिए एक छटांक कोयला नहीं उठने देंगे

**खास बातें**

- दर्जन भर से अधिक गांवों के ग्रामीण हुए एकजूट
- वनभोज के बहाने रैयतों ने किया शक्ति प्रदर्शन

संवाददाता। मधुबन



गोबिन्दपूर एरिया 3 के खरखरी कोलियरी में एमडीओ माडा द्वारा हिलटॉप निजी कंपनी मे रैयतों व स्थानीय ग्रामीणों को नियोजन व मुआवजे की मांग को लेकर रविवार को दर्जन भर से अधिक गांवों ब्राह्मणडीहा, सिनीडीह, खरखरी, नारायण धौड़ा, सूर्याडीह, बाबूडीह, देवघरा, धर्माबांध, फुलारीटांड़, नावागढ़, खरखरी बस्ती, तारगा के ग्रामीणों ने खरखरी जंगल कार्यस्थल पर सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी एवं राकेश गयाली के नेतृत्व में वनभोज कार्यकम का आयोजन किया गया. वनभोज के बहाने रैयतों ने एक तरह से शक्ति प्रदर्शन किया. जमकर नारेबाजी भी की. वनभोज एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो, किरण महतो, मनीष सिंह, रोशन महतो उपस्थित थे. मंटू महतो ने बीसीसीएल प्रबंधन को एक तरह से चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बीसीसीएल प्रबंधन खरखरी कोलियरी परिक्षेत्र में प्रस्तावित आउटसोर्सिंग कंपनी "हिलटॉप" से प्रभावित गांव के रैयत एवं स्थानीय बेरोजगारों को एनआईटी के मापदंडों के तहत नियोजन एवं जमीन का मुआवजा सहित अन्य सारे सुविधा उपलब्ध नहीं कराती है तो बीसीसीएल तथा आउटसोर्सिंग कंपनी को एक इंच काम नहीं होने दी जाएगा. यहां तक महतो ने कहा कि बीसीसीएल अपनी धांधली से रैयतों की जमीन जबरन लूट रही है, जिसकी लड़ाई हम सबको एक साथ मिलकर लड़ना होगा. मौके पर बंटी बाउरी,सिंटू गयाली, मनोज गयाली, शेख डब्लू, शेख डॉक्टर, बीजू साव, छोटू ग्याली, टिंकू ग्याली, राजेश ग्याली, हेमंत ग्याली, मिंटू ग्याली, उद्र ग्याली, राहुल ग्याली, भागीरथ गोप, मुकेश ग्याली, भूलन ग्याली, पिंकू रजक, सुनील बाउरी, बाल्मिकी पासवान, सन्नी पासवान, जितन रवानी, मधु धिवर मुरली कुमार पाण्डे, दिलीप मिश्रा, शिबु महतो, कोशल किशोर महतो, मनोज रवानी, चंद्रभानु गयाली, शिव कुमार गयाली, सुभाष सिंह, गोर सिंह, डब्लु तिवारी, किशोर नापीत, जितन, अनीश सिंह, दीपक मोदक, नीलकंठ रजवार, लक्ष्मण गोप, मनोज रजवार, सुधीर बाउरी, रविन्द्र बाउरी इत्यादि सैंकड़ों की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे.

### गिरिडीह में चाकू मारकर युवक की हत्या, 7 अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता। गिरिडीह



गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. गौरतलब है कि शनिवार को चिलगा गांव के पास कबीरबाद माइंस में ब्लास्टिंग होनी थी. इस दौरान आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी और कुछ अन्य लोगों द्वारा माइंस के पास घूमने आये बाइक सवार युवकों को हटने को कहा गया. इस सलाह पर बाइक सवार युवकों ने आक्रोशित होकर दामोदर यादव समेत अन्य लोगों से गाली-गलौज करने लगे. थोड़ी देर बाद करीब दर्जन भर युवक पहुंचे और घर के बाहर बैठे दामोदर पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे दामोदर की मौत हो गई. पुलिस ने इस कांड को अंजाम देने वाले और दामोदर के पेट में चाकू मारने वाले मुख्य अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया. अभियुक्त की गिरफ्तारी उस वक्त की गई जब वह जिले से भागने की फिराक में था. मुख्य अभियुक्त के पास से हमले में इस्तेमाल चाकू को भी बरामद कर लिया गया है. बताया जाता है कि मुख्य अभियुक्त पुराना अपराधी है और हाल के दिनों में ही जेल से छूटा है.

न्यूज अपडेट

## विधायक मथुरा को किया सम्मानित



**महुदा।** टुंडी विधान सभा क्षेत्र के विधायक मंत्री मथुरा प्रसाद महतो को मुख्य सचेतक बनाये जाने पर उनके आवास पहुँचकर शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति की और से फूल माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया. मौके पर झामुमो किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद महतो, जवाहर रवानी,घलटु त्रिगुनाइत, प्रेमचन्द महतो,जगदीश महतो,नरेश महतो ( बडा बाबू) विमल कुमार महतो, बैजनाथ महतो,मुक्तेश्वर महतो सहित समिति के सभी साथी उपस्थित थे.

## पुटकी मोड़ पर विधायक राज सिन्हा का स्वागत



**पुटकी।** पुटकी मोड़ स्थित प्रभु महतो चौक के समीप रविवार को धनबाद प्रखंड कमेटी द्वारा विधायक माननीय राज सिन्हा का अभिनंदन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह एवं संचालन सदानंद बर्णवाल ने किया. साथ ही सदस्यता अभियान के तहत दर्जनों लोगों को सदस्य बनाया गया. मौके पर भाजपा धनबाद महानगर जिलाध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, सुप्रभात सिन्हा, रवि सिन्हा,विकास मिश्रा, राजू सिंह, रमेश सिंह, ताराचंद यादव,गुड्डू वर्मा, संतोष पासवान,राजेश रजक,विनोद सिंह, राहुल सिंह,सुनिल पांडे,अनिल सिंह, प्रदीप पासवान, रंजय सिंह,शिवनन्दन पासवान,बालमुकुंद राम,पूर्णेंदु सिन्हा, अमित मोदक आदि थे.

## झींझी पहाड़ी बूढ़ा बाबा मंदिर के विकास के लिए विधायक को ज्ञापन



**कतरास।** झींझी पहाड़ी पंचायत स्थित श्री बुढ़ा बाबा शिव मंदिर को पर्यटन स्थल गजट में अधिसूचित करने हेतु मंदिर कमेटी के पदाधिकारी डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो से मिले. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रमाणित नौवीं सदी की धरोहर झींझी पहाड़ी के मंदिर की वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए विधायक को मांग पत्र सौंपा.

विधायक जयराम महतो ने मामले को संज्ञान लेते हुए पर्यटन निदेशालय रांची एवं उपायुक्त धनबाद से पहल करने के लिए लिखित एवं मौखिक रूप से वार्ता करने का आश्वासन दिया गया. मालूम हो कि यह मामला पिछले सरकार में झरिया विधायक पुर्णिमा नीरज सिंह ने सदन में उठाया था. वर्तमान में बाघमारा विधान सभा में चयनित श्री राम राज्य मंदिर चिटाही धाम, श्री लिलोरी मंदिर कतरास बाजार और श्री बुढ़ा बाबा शिव मंदिर झींझी पहाड़ी पंचायत पर्यटन स्थल गजट में अधिसूचित होने के लिए विचाराधीन है. श्री बुढ़ा बाबा शिव मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष लखन प्रसाद महतो विशाल महतो, मुखिया प्रतिनिधि गणेश महतो ने सरकार से अविलंब इसपर निर्णय लेने का अनुरोध किया.

# मैथन में संथाली भाषा दिवस को विजय दिवस के रूप में मनाया

### संथाली भाषा में पढ़ाई व शिक्षकों की नियुक्ति की उठी मांग

संवाददाता। मैथन



ऑल झारखंड आदिवासी सोसियो एडुकेशनल एंड कल्चरल एसोसिएशन (आसेका) द्वारा रविवार को मैथन स्थित पंडित रघुनाथ मुर्मू विद्यालय में धूमधाम से संथाली भाषा दिवस को विजय दिवस के रूप में मनाया. इस अवसर पर मैथन के आसपास के आदिवासी ग्रामीण, विद्यालय के बच्चों एवं आसेका से जुड़े लोगों ने धूमधाम से संथाली नृत्य संगीत प्रस्तुत किया. मौके पर वक्ताओं ने कहा कि 22 दिसंबर 2003 को संथाली भाषा को संविधान के आठवें अनुसूची में शामिल किया गया था. इसलिए 22 दिसंबर को संथाली भाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है. वक्ताओं ने झारखंड सरकार से मांग किया कि झारखंड में स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक संथाली भाषा में पढ़ाई अविलंब शुरू करें और इसके लिए शिक्षकों की नियुक्ति करें. वक्ताओं ने सरकार से संथाली भाषा को राज्य के प्रथम भाषा का दर्जा देने की मांग की. मौके पर आसेका अध्यक्ष सुनील हेम्ब्रम, नारायण मराण्डी, मुनीलाल मराण्डी, मंगल हांसदा, विजय हेम्ब्रम, लखिन्द्र बास्की, गणेश सोरेन, राजेश हेम्ब्रम, पोरेश सोरेन, जगरनाथ सोरेन, रघुनाथ सोरेन, राधा किस्कू, पानमुनी सोरेन, लोगोनी बास्की आदि उपस्थित थे.

# बाहरी-भीतरी करना बंद करें अरुप नहीं तो देंगे मुंहतोड़ जवाब : सांसद



संवाददाता। निरसा बाजार

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने रविवार गोपीनाथपुर कोलियरी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के धरना स्थल पर पहुंचे. धरना पर बैठे लोगों का हाल जाना और उनकी मांगों को सुना. इसके बाद प्रेस वार्ता कर कहा कि निरसा में भय आतंक एवं हत्या की राजनीति नहीं होने दी जाएगी। निरसा विधायक को भी प्रेस वार्ता के माध्यम से नसीहत दी. सांसद ने कहा कि जनता ने जिस आशा एवं विश्वास के साथ विधायक बनाया है उनके विश्वास पर खरा उतरे। हम लोग भी सहयोग करेंगे। यदि गांव के लोगों को बाहरी-भीतरी कर आपस में लड़वाने का काम करेंगे तो भाजपा उसका मुंह तोड़ जवाब देगी। भ्रष्ट पुलिस प्रशासन के बल पर वह अपना साम्राज्य स्थापित करना चाहता है.

पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने भी विधायक अरुप पर निशाना साधा. सवाल करते हुए पूछा कि राजा कोलियरी, ओम बेस्को एवं चापापुर कोलियरी में कितने स्थानीय लोगों को रोजी रोजगार दिलाया है. रंगदारी एवं आतंक कायम करने के लिए ग्रामीणों को आपस में लड़वाया जा रहा है। प्रशासन निष्पक्षता के साथ पूरे मामले की जांच करें तो सच्चाई सामने आएगी। परंतु प्रशासन सत्ता पक्ष के दबाव में आकर एक पक्षीय कार्रवाई कर एक पक्ष के लोगों को प्रताड़ित कर रही है। भय आतंक एवं हत्या की राजनीति करने की छूट निरसा विधानसभा में नहीं दी जाएगी।

प्रेस वार्ता को जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू, भाजपा नेता मुन्ना सिंह, संजय सिंह, निरसा मध्य पंचायत की मुखिया रीता देवी, प्रशांत बनर्जी,अमर लोहार, दुखू बेग, चंपा दास सहित काफी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

घटवार आदिवासी महासभा के जिला महामंत्री गोपाल राय ने कहा कि विधायक अरूप चटर्जी एवं उनके पिता स्वर्गीय गुरदास चटर्जी ने निरसा विधानसभा में संचालित 100 से भी ज्यादा उद्योगों को बंद करवाया। सत्तर हजार से ज्यादा लोग बेरोजगार हो गए.

**खास बातें**

- रंगदारी और आतंक के लिए ग्रामीणों को लड़वा रहे विधायक : अपर्णा
- गोपीनाथपुर कोलियरी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के धरनार्थियों से मिले सांसद

## चिरकुंडा शहीद चौक पर अमित शाह का पुतला दहन

**चिरकुंडा :** संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा डॉक्टर भीम राव अम्बेडर के ऊपर अमर्यादित बयान देने के बाद पूरा देश में अमित शाह का पूरा जोर विरोध हो रहा है. जगह जगह अमित शाह का पुतला दहन किया जा रहा है. इसी क्रम में चिरकुंडा शहीद चौक पर रविवार शाम इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अमित शाह का पुतला दहन किया. जहां अमित शाह मुर्दाबाद संविधान पर हमला बंद करो, के नारे लगाए गए. इस दौरान नेता ने बताया कि पूरा देश मे इंडिया गठबंधन के द्वारा प्रतिवाद दिवस मनाया जा रहा है. इसके कारण ही अमित शाह के द्वारा बाबा साहब का अपमान किया गया है. आज पूरा देश भाजपा और आरएसएस का विरोध कर रहा है. यह कड़ाई आगे भी जरी रहेगी. संविधान के रचयिता के ये लोग मज़ाक उड़ाया रहे है. मौक पर जिला परिषद सदस्य बादल चंद्र बाउरी, आगम राम, शन्तु चटर्जी, सुबीर चटर्जी, , मनोरंजन मंल्लिक, नागेंद्र सिंह, मो जियाउल, श्रीकांत सिंह, मणिक गोराई, कल्याण राय, मो पुटुस , अमरेश चक्रवती, नंटू गोस्वामी, घमंडी यादव, कौशिक आस, दीनानाथ रविदास, मो. अनवर, मो. सिराज, गैरुल हसन, प्रदीप बाउरी, बरुन गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे.

## छत्तीसगढ़ पुलिस ने तीन युवकों को दबोचा, साइबर अपराध का मामला

संवाददाता। महुदा



शनिवार की रात छत्तीसगढ़ राज्य की पुलिस भाटडीह ओपी एवं कपुरिया ओपी पहुँची. पुलिस ने साईबर अपराध के जुर्म भाटडीह ओपी क्षेत्र के कुमारडीह निवासी मिनहाज अन्सारी के पुत्र सकुर अन्सारी उम्र 24 वर्ष , एवं अशरफ हुसैन अन्सारी के पुत्र अरशद अन्सारी उम्र 21 वर्ष तथा कपुरिया ओपी क्षेत्र के कपुरिया बस्ती निवासी सुल्तान अहमद अन्सारी के पुत्र रजा मुराद उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया और साथ ले गए. इस सम्बन्ध में भाटडीह ओपी प्रभारी अनिल कुमार मण्डल व कपुरिया ओपी प्रभारी प्रमोद कुमार लकड़ा ने बताया कि उक्त युवाओं को विगत दिनों छतिसगढ़ राज्य में घटित साईबर अपराध के मामले में आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है. मामले का उदभेदन करने के वास्ते पूछताछ के लिए, वहां की पुलिस अपने साथ ले गयी है. इसके अलावे भी अन्य थाना क्षेत्र से भी अन्य लोगों को गिरफ्तार करने की सूचना है.

## गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के 137 वीं जयंती मनाई गई



संवाददाता। केंदुआ

ज्ञान विज्ञान समिति धनबाद के 35 वें स्थापना दिवस पर गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के 137 वीं जयंती ख़रीबाद में मनाई गई. गणितज्ञ रामानुजन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी. सभा को सम्बोधित करते हुए समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी ने कहा कि भारत ज्ञान विज्ञान समिति का स्थापना 22 दिसंबर 1989 को हुई थी. तब से समिति गरीब, वंचित और महिलाओं के बीच कार्य करती रही है।साक्षरता अभियान के दौरान समिति ने देश में 15 करोड़ साक्षर और डेढ़ करोड़ स्वयं सेवक तैयार किया था. उन्होंने कहा कि आज बदलते हुए समय में समाज के बीच कार्य करना चुनौती पूर्ण है. इसके लिए हमे नए तरीके सोचने होंगे. सभा की अध्यक्षता कैलाश पति मधेशिया व संचालन सचिव भोला नाथ राम ने किया. कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ काशी नाथ चटर्जी, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल , वैज्ञानिक चेतना के राज्य अध्यक्ष प्रो दीपक कुमार सेन, रवि सिंह , गोंडूडीह ओ पी प्रभारी राजन कुमार झा, विकाश कुमार रवानी, विकास कुमार ठाकुर, राजू बाउरी , मधेश्वर नाथ भगत , रविंद्र कुमार राम , सरस्वती देवी, दिलीप कुमार रवानी , शोभा देवी , प्रमिला देवी आदि मौजूद थे.

## दो गुटों की मारपीट, 5 के विरुद्ध प्राथमिकी

**पुटकी।** गोपालीचक पासी धौड़ा में शनिवार की शाम दो गुटों में मारपीट हो गई. पुटकी पुलिस ने करकेंद मारवाड़ी कोठी निवासी शलोनी कुमारी की लिखित शिकायत पर खटाल पट्टी के 5 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज़ की है. दर्ज प्राथमिकी में सलोनी ने कहा कि शनिवार कि शाम अपने घर के पास स्थित पानी के नल पर पानी भर रही थी. तभी खटाल पट्टी के पांच युवक बंटी यादव, धीरज यादव, विनय यादव, अजय यादव और विनोद यादव उन्हें खींच कर अपने घर की तरफ जबरन ले जाने लगे. तभी उनके भैया श्याम कुमार पासी बचाने आए तो सभी उनको मारने लगे, बगल के राहुल बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई. उनके घर में घुस कर पीटा गया. मोहल्ले के लोगों के वहां जमा होने पर उक्त युवक गाली गलौज करते धमकी देते हुए सभी भाग गए.

## लायंस क्लब कतरास ने लगाया मुफ्त नेत्र जांच शिविर, 209 ने करायी जांच



संवाददाता। कतरास

लायंस क्लब कतरास व एलसीआरएन खरकिया आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान धर्मशाला में मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर लगाया गया. शिविर का उद्घाटन क्लब के अध्यक्ष डॉ वी एन चौधरी, एडमिनिस्ट्रेटर डॉ उमाशंकर, एवं एल सी आर इन खरकिया हॉस्पिटल के प्रमुख दिनेश अग्रवाल ने सयुक्त रूप से किया. कैंप में मुख्य रूप से लायंस कतरास के विवेक सिन्हा, रितेश कुमार दुबे, महेश अग्रवाल,विष्णु प्रसाद चौरसिया, डॉ मधुमाला, अंजनी देवी, समीर जायसवाल, अचिन्ता कुमार बॉस, सुरेश रजक, डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, संजय अग्रवाल सहित लायंस क्लब कतरास के कई सदस्य सक्रिय भूमिका रही. कैंप में करीब 209 मरीज का मुफ्त जांच किया गया जिसमें 45 मरीज का मोतियाबिंद पाया गया. जांचों परांत मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एलसीआरएन आई हॉस्पिटल चिरकुंडा भेजा जाएगा, जिनका ऑपरेशन दवा एवं खाना सभी चीज की व्यवस्था मुफ्त रहेगी. एलसीआरएन खरकिया आई हॉस्पिटल के तरफ से डॉ सूर्यकांत, दिनेश अग्रवाल, निलांजन चंद्रा, संतोष गोराई, पियूष रॉय, श्रीकांत बैनर्जी, राकेश हेंब्रम, बबीता रखा, श्रुति देवी, मतीन अंसारी, संदीप मंडल, आजाद खान सभी लोग उपस्थित थे.

# सर्वमंगला पब्लिक स्कूल नगरिकला में पांचवां वार्षिक खेलकूद दिवस

संवाददाता। तेतुलमारी



सर्वमंगला पब्लिक स्कूल नगरिकला के प्रांगण में रविवार को पांचवाँ वार्षिक खेलकूद दिवस मनाया गया . मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के मुख्य सचेतक टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. वार्षिक खेलकूद में गणित रेस, रिले रेस,100 मीटर, 200 मीटर,400 मीटर दौड़, लंग जम्प, हाई जम्प और लोक नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया. कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने बहुत बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इस कार्यक्रम में चेम्पियन देवाशीष कुमार को कप दिया व नीतू कुमारी ने 5 मेडल और जीनत प्रवीण ने 4 मेडल प्राप्त किये. गोल्ड मेडल साक्षी समीर राज ,टिया, विवेक मो तालिब यश, और ब्रंच- सिल्वर मेडल रोशन प्रीति, विकास श्रुति, आनंदी, सावन सोनिया सुमन,रिया आदि ने प्राप्त किया. इस कार्यक्रम में मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो, मो आज़ाद, अध्यक्ष डॉ सर्वमंगला प्रसाद, प्रिन्सिपल डॉ प्रभा सक्सेना, चेयरमैन महेंद्र प्रसाद, निर्देशक डॉ हरदेव प्रसाद, उप प्राचार्य कल्याणी नायर, हेडमिस्ट्रेस बिन्दु कुमारी, सीनियर मेनेजर मृत्युंजय मंडल, जितेन्द्र विश्वकर्मा, विकास कुमार, किशन महतो, राहुल महतो, प्रकाश कुमार, दिलीप पंडित, अजीत कुमार, राजेन्द्र कुमार सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं, अभिभावक गणऔर सभी स्कूल कर्मचारी उपस्थित थे.

# श्री बालाजी धाम मंदिर में यज्ञ के लिए धर्म ध्वज स्थापित

संवाददाता। मैथन



मैथन स्थित संजय चौक बाईपास में बने नवनिर्मित श्री बालाजी धाम मंदिर प्रांगण में रविवार को यज्ञ के लिए श्री गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी के नेतृत्व में धर्म ध्वज स्थापित किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में मैथन के लोग मौजूद रहे, जो इस धर्म ध्वज स्थापना के मौके पर अपनी सहभागिता दिया. बता दें कि आगामी रामनवमी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री बालाजी का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा. इसी को लेकर आज धर्म ध्वज स्थापित किया गया. मौके पर अरविन्द सिंह, .डॉ. रामजी द्विवेदी, रूद्र प्रताप सिंह, अमन सिंह, सुरेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे.

### अध्यक्ष बने अरविंद सिंह, सचिव अखिलेश्वर तिवारी बने

धर्म ध्वज स्थापना के बाद नवनिर्मित श्री बालाजी धाम मंदिर कमेटी का चुनाव भी हुआ . जिसमें अध्यक्ष अरविंद सिंह, उपाध्यक्ष चुनमुन शर्मा, अमर साव, सोनू सिंह, सुरेश दुबे, भोला, सचिव अखिलेश्वर तिवारी, सह सचिव अमन सिंह, रंजीत कुमार, राम नारायण यादव, योगेंद्र यादव, आशीष सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया . जबकि कोषाध्यक्ष पीयूष कुमार एवं नागेंद्र यादव, सह कोषाध्यक्ष आलोक कुमार एवं अरुण तिवारी को चुने गये . वहीं सलाहकार के रूप में रुद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर रामजी द्विवेदी, सुरेश सिंह, प्रमोद अग्रवाल, बीके सिंहा, राज किशोर राय, बृजेश प्रसाद, सुनील सिंह ,अशोक तिवारी, शंकर यादव, मनोज राउत, टिंकू गाडयान को चुना गया .

## कतरास कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज में योग प्रशिक्षण



तोपचांची : कतरास कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा तोपचांची प्रखंड के सिधाबाद स्थित कार्यालय में रविवार को योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम में योगाचार्य कंचन पाण्डेय, पूनम पाण्डेय और पूनम झा ने प्रशिक्षण दिया . कार्यक्रम की शुरुआत समाज के अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे ने दीप प्रज्ज्वलित करके की . इसके बाद, योगाचार्यों ने योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम के बारे में विस्तार से बताया और प्रशिक्षण दिया . इस अवसर पर कतरास समाज के पांच युवकों को सरकारी नियोजन मिलने पर सम्मानित किया गया . समाज के सचिव राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह हमारे समाज के लिए एक गर्व का क्षण है और हमें अपने युवाओं पर गर्व है . कार्यक्रम में समाज के महासचिव रवींद्र तिवारी, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे .

## पुलिस अधिकारियों ने कार्यशाला में ली ई-साक्ष्य ऐप संचालन की जानकारी




संवाददाता। मैथन

एसएसपी धनबाद के निर्देश पर रविवार को अनुमंडल कार्यालय मैथन में ई-साक्ष्य ऐप के संचालन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में सभी थाना एवं ओपी प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक को ई-साक्ष्य ऐप के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई. एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने बताया कि सीसीटीएनएस एवं नए कानून बीएनएस के तहत जो कानून, फिर गवाहों के बयान घटनास्थल की सारी जानकारी, डिजिटल अपलोड ई-साक्ष्य ऐप में कैसे करना है, इसे लेकर जानकारी दी गई. साथ ही प्रतिदिन होने वाली घटना, जांच, छानबीन सभी तरह की पुलिसिया कार्रवाई को अपलोड किया जाना है. इसे पुलिस विभाग को कार्य करने में काफी सहूलियत मिलेगी. मौके पर निरसा अनुमंडल क्षेत्र के सभी पुलिस निरीक्षक, थाना-ओपी प्रभारी आदि मौजूद मौजूद थे.

## वेदांता की रेटिंग में सुधार, कर्ज कम करने पर फोकस

रजत नाथ। बोकारो

वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज पिछले दो वर्षों में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर घटा है. बीते दिनों वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन से समूह को ऋणमुक्त बनाने में मदद मिली. माइनिंग से जुड़ी वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) को रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने रेटिंग में सुधार किया है. रेटिंग एजेंसी ने वीआरएल की कारोबारी परिवार रेटिंग को 'बी-' (बी नकारात्मक) से बढ़ाकर 'बी' कर दिया है. इसके साथ ही एसएंडपी द्वारा वीआरएल की रेटिंग पिछले साल दिसंबर के 'सीसी' से पांच पायदान ऊपर हो गई है. एसएंडपी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह



सुधार वीआरएल द्वारा 2028 बॉन्ड के लिए अपनी सहमति निवेदन प्रक्रिया को बंद करने के लिए आवश्यक न्यूनतम स्वीकृतियां प्राप्त करने के बाद आया है. बता दें कि कंपनी का अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करने पर फोकस है. इसको देखते हुए अन्य प्रमुख रेटिंग एजेंसियां भी रेटिंग अपग्रेड कर रही हैं. वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज पिछले दो वर्षों में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर घटा है.

बीते दिनों वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन से समूह को ऋणमुक्त बनाने में मदद मिली. शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में अनिल अग्रवाल ने कहा कि वेदांता लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 20,639 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक एबिटा दर्ज किया. वेदांता का एल्यूमीनियम और जस्ता उत्पादन मात्रा के लिहाज से रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. पिछले चार महीनों में वेदांता रिसोर्सेज ने बांड जारी करके 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं, ब्याज लागत में 300 आधार अंक की कमी हासिल की है और अपनी ऋण परिपक्वताओं को काफी हद तक बढ़ाया है, जिससे कंपनी की पूंजी संरचना को काफी मजबूत करने में मदद मिली है.

वेदांता लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 4,352 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है. कंपनी को एक साल पहले की समान अवधि में 1,783 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था. वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की अनुषंगी वेदांता लिमिटेड का कारोबार भारत, दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, लाइबेरिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), दक्षिण कोरिया, ताइवान और जापान में फैला हुआ है. यह तेल एवं गैस, जस्ता, सीसा, चांदी, तांबा, लौह अयस्क, इस्पात, निकल, एल्यूमीनियम, बिजली क्षेत्र में कारोबार करती है.

## भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड के बेलवाना पंचायत के खोरों में भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया. इस महापर्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रुप से शामिल थे. मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अभी संगठन पर्व चल रहा है. 22 दिसंबर को समूह में सदस्यता ग्रहण करने का दिन तय किया गया और आज सैकड़ों की संख्या में लोग पार्टी का सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं. यह अभियान लगातार चलेगा. घर-घर जाकर 14 जनवरी तक सदस्यता अभियान चलाना है. इसके बाद बूथ कमिटी, मंडल कमिटी, जिला कमिटी, प्रदेश कमिटी बनेगी. ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव में झारखंड प्रदेश भागीदारी कर सके, इसी अभियान को लेकर आए थे. इस मौके पर नुनुलाल मरांडी, चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव, भाजपा नेता किसुन यादव, सुनील यादव, मुखिया प्रतिनिधि उमर फारूक, इंकज कुमार मौजूद थे.

## कथारा क्षेत्र के जीएम का झिरकी गांव-डंपिंग स्थल का निरीक्षण

### सात सूत्री मांग को लेकर ग्रामीण प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

संवाददाता। कथारा

सीसीएल कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार ने रविवार को झिरकी गांव के समीप स्थित कथारा कोलियरी के डंपिंग स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान झिरकी अंजुमन कमिटी के सदस्यों के साथ ग्रामीण विस्थापितों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

ज्ञात हो कि लगभग तीन दिन पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधन के साथ कथारा कोलियरी में लगी आग, गैस रिसाव, बिजली, सड़क, पानी, रोजगार आदि सात सूत्री मांग पत्र को लेकर कमिटी के सदस्यों व ग्रामीण प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई थी. जिसके आलोक में महाप्रबंधक डंपिंग स्थल एवं ग्रामीणों



की समस्याओं से अवगत होने उक्त स्थल पर पहुंचे थे. महाप्रबंधक संजय कुमार ने कमेटी सदस्यों एवं ग्रामीण प्रतिनिधियों को भरोसा दिया कि डंपिंग स्थल को डोजरिंग के माध्यम से समतल कर व अन्य तकनीकी उपायों के माध्यम से गैस रिसाव एवं अगलगी पर काबू करने का सार्थक प्रयास किया जाएगा. इससे प्रभावित हो रहे आसपास के क्षेत्र को मेजरमेंट कर हटाने की प्रक्रिया की जाएगी. झिरकी गांव के पुनर्वास एवं नई परियोजना को लेकर रिपोर्ट तैयार कर सीसीएल मुख्यालय को रिपोर्ट सौंपा जाएगा, ताकि उक्त प्रस्ताव पर आगे की कार्रवाई हो सके.

## ब्रीफ खबरें

### झरना की तलहटी में मिला अज्ञात युवक का शव

**साहिबगंज।** रविवार को जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कचरा प्लांट निकट खुजली झरना की तलहटी में अज्ञात युवक का शव बरामद होने से इलाके में भय का माहौल छा गया. वहीं बरामद अज्ञात शव की पूरी बॉडी किसी ज्वलनशील पदार्थ से अज्ञात अपराधियों के द्वारा जला दी गई है. जिस कारण शव की पहचान नहीं हो पा रही है. वहीं प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बरामद अज्ञात शव के बाएं पैर में एक जैसे गोली लगे हुए छेद का निशान भी है. अज्ञात शव बरामद घटनास्थल पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बीते दो दिन पूर्व क्षेत्र में गोली चलने की आवाज सुनी गई थी.

### कलाकारों ने सरस महोत्सव में दी घोड़ा नाच की रंगारंग प्रस्तुति

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के सिंहपुर की संस्था जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच से जुड़े कलाकारों ने 21 दिसंबर की रात्री को रांची के मोरहाबादी में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव मेला में पारंपरिक घोड़ा नाच एवं झूमर नाच की प्रस्तुति दी. इस दौरान राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कसमार के सिंहपुर निवासी विनोद कुमार महतो के नेतृत्व में टीम ने घोड़ा लोक नृत्य एवं खोरठा लोक गीत नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसकी खूब सराहना हुई. कलाकार विनोद कुमार महतो ने बताया कि टीम के द्वारा सरस मेला के दूसरे दिन इस टीम के 21 कलाकारों ने लगभग दो घंटे तक सरस महोत्सव के मुख्य मंच पर कला का प्रदर्शन किया. इस अवसर पर लोक कलाकार अशोक कुमार महतो, बलराम महतो, हरि महतो, काशी नाथ महतो, प्रेमचन्द कालिन्दी, अनिता कुमारी समेत अन्य कलाकार शामिल थे.

### उसरी महोत्सव 2025 को लेकर की गई बैठक

**गिरिडीह।** नए परिसदन भवन में उसरी बचाओ अभियान कोर कमिटी की एक आवश्यक बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता विनय सिंह तथा संचालन समीर राज चौधरी ने किया. बैठक में आगामी जनवरी माह में 17 से 19 को उसरी नदी के तट पर उसरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. इस बैठक में उसरी बचाओ कोर कमिटी के सदस्यगण उपस्थित थे. कोर कमिटी ने सर्वसम्मति से उसरी महोत्सव को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया, जिसमें कई उपसमिति बनाई गई और कोर कमिटी के सदस्यों को इसका दायित्व दिया गया.

## अपराध की योजना बना रहे 6 अपराधी गिरफ्तार

- दो देसी कट्टा बरामद

संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह पुलिस ने जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के घुज्जी जंगल में अपराध की योजना बना रहे छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से पुलिस ने दो देसी कट्टा भी बरामद किए हैं. यह जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर दी. उन्होंने बताया कि अपराधियों की योजनाओं के बारे में गुप्त सूचना मिली थी. जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और यह कार्रवाई की. एसपी ने बताया कि सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंच अपराधियों की योजना का सत्यापन किया और उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया. एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में मो समीर अंसारी, रेहान अंसारी और रिजवान अंसारी धनवार का निवासी है, जबकि फणीभूषण साव एवं शिबू साव बिरनी का तथा सिराजुद्दीन अंसारी लालबाजार का निवासी है. सभी छह अपराधियों से पूछताछ की जा रही है. पुलिस ने उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है. गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस को दिए स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे सभी इलाके में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हुए थे. लेकिन पुलिस की तत्परता ने उनकी योजनाओं को नाकाम कर दिया. इधर, एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने इस सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि गिरिडीह पुलिस क्षेत्र में अपराधों पर काबू पाने के लिए लगातार मेहनत कर रही है और आगे भी इस तरह की करवाई जारी रहेगी.



### चाकू मारकर युवक की हत्या मामले में सात गिरफ्तार

**गिरिडीह।** चाकू मारकर युवक की हत्या करने के मामले में गिरिडीह पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को मुख्य आरोपित सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है. बताया गया कि बीते मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चिलगा गांव के पास कल शनिवार शाम में कबीरबाद कॉल माइंस में ब्लास्टिंग के दौरान आउटसोर्सिंग कम्पनी के कर्मी और कुछ अन्य लोगों के जरिये माइंस के पास घूमने आए बाइक सवार कुछ युवकों को हटने को कहा. इसपर बाइक सवार युवकों ने आक्रोशित होकर दामोदर यादव सहित अन्य लोगों से गाली-गलौज करने लगा. थोड़ी देर बाद करीब एक दर्जन युवक पहुंचे और घर के बाहर बैठे दामोदर गोप (35) पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे इलाज के क्रम में दामोदर गोप की मौत हो गई. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस कांड को अंजाम देने वाले और दामोदर के पेट में चाकू मारने वाले मुख्य आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया. अभियुक्त की गिरफ्तारी उस वक्त की गई जब वह जिले से भागने के फिराक में था. मुख्य अभियुक्त के पास से हमले में इस्तेमाल चाकू को भी बरामद कर लिया गया है. बताया गया कि मुख्य आरोपित मो तौफिक पुराना अपराधी है और हाल के दिनों में ही जेल से छूटा है. एसडीपीओ जीतवाहन ने बताया कि घटना की सूचना के बाद से लगातार कार्रवाई हो रही है. टीम छापेमारी कर रही है. सात लोगों को गिरफ्तार किये गये. इनमें मुख्य आरोपित को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है. अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

## शिक्षक संघ ने राष्ट्रीय गणित दिवस पर श्रीनिवास रामानुजन को किया याद

**कसमार (बोकारो)।** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ, बोकारो जिला इकाई ने रविवार को राष्ट्रीय गणित दिवस पर देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धापूर्वक याद किया. संघ के संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो एवं सदस्य डॉ रीना कुमारी की संयुक्त संचालन में सतनपुर रोड स्थित उनके आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर गणित के जादूगर रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व, कृतित्व, संघर्षों एवं उपलब्धियों को आदर सहित याद किया. सभी पदाधिकारियों ने रामानुजन को भारत माता का सच्चा सपूत बताया एवं उनकी उपलब्धियों को पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय करार दिया. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव डॉ अवनीश कुमार झा, कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, सदस्य राजेश कुमार महतो, मनीषा प्रिया, पुष्पा कुमारी विश्वकर्मा, राकेश कुमार सिन्हा, रामबिलास महतो समेत अन्य शामिल थे.

इस मौके पर संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी गौरव कुमार दुबे एवं संगठन के वरीय सदस्य हिंदी के विद्वान शिक्षक दिनेश चंद्र ने कहा कि गणित की आवश्यकता पृथ्वी पर हर जगह है.

## न्यूज अपडेट

### मां शारदा देवी की 172वीं जयंती पर कंबल वितरित

**तालगड़िया।** चंदनकियारी प्रखंड के योगीडीह स्थित श्री श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवाश्रम में मां शारदा देवी की 172वीं जन्मोत्सव मनाई गई. मौके पर आश्रम में विशेष पूजा, चंडी पाठ, पुष्पांजलि, हवन एवं खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया. साथ ही महाप्रसाद का वितरण भी किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि मंगलम कोल्डफील्ड लिमिटेड अमलाबाद कोलियरी के चक्षु गर्ग ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण की. कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है. लोगों की सेवा करने में परम आनंद का अनुभव होता है. कहा कि लोगों को अपने सामर्थ्य के अनुसार सेवा जरूरी करना चाहिए. आश्रम संचालन समिति की यह पुनीत कार्य सराहनीय है. एक सवाल के जबाब उन्होंने कहा कि आमलाबाद कोलियरी चालू होते ही आमलाबाद व आसपास के लोगों को प्राथमिकता मिलेगी.

### अधिवक्ता धनंजय सिंह को मातृ शोक

**तलगडिया।** धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपुत समाज के जोन चार के सदस्य सह बोकारो कोर्ट के अधिवक्ता धनंजय कुमार सिंह की माता कुसुम वाला देवी 85 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया. इनका अंतिम संस्कार तेलमच्चो दामोदर घाट पर किया गया. ये पुत्र-पुत्री सहित भर पुरा परिवार छोड़ कर गये हैं. निधन पर समाज केन्द्रीय अध्यक्ष जन्मेजय सिंह, महामंत्री जीत लाल सिंह, प्रवक्ता राधेश्याम सिंह, रमेश कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष मुरलीधर सिंह, कोषाध्यक्ष रामचरित सिंह, सगंठन मंत्री अंबिका सिंह, जोनल अध्यक्ष भरत सिंह, कमल सिंह, रामशरण सिंह, उमेश कुमार सिंह, दीनानाथ सिंह, सलाहकार सूर्यनारायण सिंह, राजकुमार सिंह व केन्द्रीय कमिटी, जोनल व ग्राम कमिटी के पदाधिकारियों, सदस्यों ने शोक जताया.

### दुर्गापुर में टुसू मेला व प्रतियोगिता को ले कमेटी गठित

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के दुर्गापुर बड़ पहाड़ में मकर संक्रांति के अवसर पर इस वर्ष भी टुसू प्रतियोगिता आयोजित होगी. रविवार को प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की एक बैठक बानेश्वर महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुई. इस दौरान टुसू मेला व प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कमेटी का पुनर्गठन किया गया. उसमें अखिलेश्वर महतो अध्यक्ष, सिद्धेश्वर महतो सचिव, कपिल महतो कोषाध्यक्ष, सुधीर महतो उपसचिव, बाणेश्वर महतो संरक्षक बनाये गये. कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप कुमार महतो एवं सदस्य के रूप में बलराम महतो, उमेश महतो, बोधन मांझी, सुधीर करमाली, भुनेश्वर महतो, गोवर्धन महतो, संतोष महतो, दिगंबर महतो, वानसिंग महतो, पंचनन महतो, नरेंद्र महतो, परमेश्वर महतो, दयाल महतो, बंशीधर महतो का चयन किया गया.

### बीओआई इम्पलाईज यूनियन का एक दिवसीय बैठक

**बोकारो।** स्थानीय ऑल हेवेन्स, चीरा चास में बैंक ऑफ़ इंडिया इम्पलाइज यूनियन झारखंड स्टेट के बोकारो अंचल के सदस्यों का एक दिवसीय बैठक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकुमार महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में बैंक ऑफ़ इंडिया के बोकारो अंचल के बोकारो एवं गिरिडीह जिला के सुदूरवर्ती सभी शाखाओं के कर्मचारियों की भागीदारी रही. बैठक का शुभारंभ अनुपमा कुमारी, सुषमा पांडे, सरिता कुमारी, मिताली, मेघा, निवारण मंडल एवं राजहंस द्वारा इतनी शक्ति हमें देना दाता... एवं हम होंगे कामयाब.. के गायन से हुआ. इसके उपरांत बैंक ऑफ़ इंडिया इम्पलाइज यूनियन झारखंड स्टेट के सहायक सचिव नुरेंद्र कुमार दास के द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं संचालन राकेश मिश्रा द्वारा किया गया.

### बालू चोरी रोकने के लिए पुलिस सक्रिय

**गोड्डा।** बालू तस्करों पर लगाम कसने के लिए गोड्डा पुलिस पूरी तरह से सक्रिय हो गई है. बालू चोरी पर नकेल कसने के लिए जिला पुलिस बल ने अपनी तैयारी को पूरा करते हुए नदी किनारे ही अपना अस्थाई डेरा डाल दिया है. पुलिस की ऐसी सक्रियता को बालू तस्करों के भी हाथ पांव फूलने लगे है. सुंदरपहाड़ी प्रखंड जो मुख्यमंत्री का चुनाव क्षेत्र में आता है, हाल ही में यह क्षेत्र चर्चा में आ गया था. जब बालू चोरी को रोकने के लिए प्रखंड के अंचलाधिकारी धमनी नदी घाट पर पहुंच गए थे और दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर पर बालू लोड कर माफियाओं द्वारा कारोबार किया जा रहा था.

### वृद्धाश्रम में मनाया चौथा स्थापना दिवस

**गिरिडीह।** कर्ण गोष्ठी महिला समूह द्वारा संगठन का चौथा वर्षगांठ रविवार को स्नेहदीप वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया. इस दौरान संगठन की महिलाओं ने वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन कराया और उनका आशीर्वाद लिया. कार्यक्रम की अगुवाई समूह की संस्थापक सुनीता दास और राखी दास ने की. इस अवसर पर संजू चौधरी, सिया कुमारी, रीना कुमारी, ऊपा रानी दास, चंदा लाभ, सुनंदा कर्ण, चेतना कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थी.

## सहयोगिनी संस्था ने बाल विवाह मुक्त को लेकर निकाला कैंडल मार्च




संवाददाता। बोकारो

सहयोगिनी संस्था द्वारा जरीडीह प्रखंड के पाथुरिया पंचायत में ग्रामीण महिलाओं किशोरियों ने बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता अभियान के तहत कैंडल मार्च का आयोजन किया. इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को हम समाप्त कर लड़कियों के जीवन को संवार सकते हैं. कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, किशोरी, पंचायत प्रतिनिधियों, सहिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली. उसके बाद पूरे गांव में कैंडल मार्च के साथ ही बाल विवाह के खिलाफ नारे बुलंद की गई. उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान के समर्थन में किया गया है. सहयोगिनी के समन्वयक सनी कुमार कहा कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन होने के नाते हम इसमें पूरी तरह साथ हैं. वर्षों से बाल विवाह के खिलाफ काम करने के नाते हम भली भांति जानते हैं कि समग्र और समन्वित प्रयासों के बिना यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती.

### क्रिसमस पर अलगोड़ा के बच्चों के साथ बांटी खुशियां

## रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने किया छह ट्राइसाइकिलों का दान

संवाददाता। बोकारो

क्रिसमस को ध्यान में रखते हुए, रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने साल के अंतिम कार्य दिवस पर रोटरी प्ले स्कूल अलगोड़ा में विशेष आयोजन किया. इस मौके पर अलगोड़ा के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और आनंद की छवि देखने लायक थी. रोटरी सदस्यों ने इस दिन को यादगार बनाने में अपना पूरा योगदान दिया.

कार्यक्रम में एमजीएम स्कूल के प्रतिष्ठित प्राचार्य और ज़कारिया के परिवार के सदस्यगण, अशोक तनेजा, अशोक जैन, पूनम त्रेहन, अनिल त्रेहन, मोहन और अन्य लोगों ने भाग लिया. उन्होंने इस खुशी के अवसर पर भाग लेकर प्यार और सकारात्मकता का संदेश फैलाया. कार्यक्रम में बच्चों के लिए आकर्षक



गतिविधियों और सभी उपस्थित लोगों के बीच शुभकामनाओं का आदान-प्रदान हुआ. इस आयोजन का मुख्य आकर्षण छह ट्राइसाइकिलों का दान था, जिसे ज़कारिया, अशोक जैन और सुरेश अग्रवाल ने दिया. यह उदार कदम रोटरी की सच्ची भावना जरूरतमंदों को देने और उनकी देखभाल करने का प्रतीक था.

क्लब के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने भाग लेने वाले अतिथियों को धन्यवाद दिया और कहा कि हम बच्चों और पूरे समाज के जीवन में सार्थक बदलाव लाने में विश्वास रखते हैं. आज का उत्सव रोटरी क्लब की समाज की निःस्वार्थ सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है, खासकर त्योहारों के मौसम में. बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे वातावरण में खुशी और उमंग की अनुभूति हुई. उनकी प्रसन्नता उत्सव की सफलता और रोटरी क्लब और इसके सदस्यों के सामूहिक प्रयासों का प्रतीक था.

### भूतपूर्व छात्र सम्मेलन में इस्पात नगरी के शैक्षणिक उत्थान में सहयोग का दिया आश्वासन

## 33 साल बाद पहुंचे डीपीएस बोकारो के प्रथम बैच के छात्र

- डीपीएस बोकारो में स्मृतिधारा कार्यक्रम

संवाददाता। बोकारो

रविवार का दिन डीपीएस बोकारो के लिए एक यादगार अनुभवों से भरा दिन रहा. अवसर था भूतपूर्व विद्यार्थियों के सम्मेलन स्मृतिधारा का. खास बात यह रही कि इस सम्मेलन में विद्यालय की स्थापना के बाद प्रथम बैच 1991 के विद्यार्थी शामिल हुए. तीन दशक से भी अधिक समय के बाद आज जिंदगी के खास मुकाम पर पहुंचे इन पुराने विद्यार्थियों का समागम अपने-आप में अविस्मरणीय व अनूठा अनुभव रहा. सभी ने अपने आह्लादित हो अपने पुराने शिक्षकों का आशीर्वाद लिया तथा कौतूहल, उत्साह और पूरी उत्सुकता के साथ अपने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया. भावनात्मक स्मृतियां संजोए 33 वर्ष पुराने अतीत में जाकर वे अपने क्लास रूम, खेल के मैदान,




सभागार सहित स्कूल कोने-कोने को निहारते देखे गए. उन्होंने विद्यालय में आए बदलावों को देखा, आधारभूत संरचनाओं में आई बेहतरी पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आपस में अपने विचार व अनुभव साझा किए. साथ ही, इन पलों को अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद भी किया. इस यादगार घड़ी का साक्षी उन दिनों के विद्यालय के शिक्षक भी बने. उस समय के विद्यालय के शिक्षक और वर्तमान में स्कूल के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार, वयोवृद्ध शिक्षिका शीला राय शर्मा, डॉ. एस. एस. महापात्रा एवं डॉ. अरुणजी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे. उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया.

इसके पूर्व, विद्यालय की छात्राओं ने सभी आगुंतक भूतपूर्व विद्यार्थियों का तिलक-चंदन लगाकर तथा पुष्प भेंट कर स्वागत किया. स्वागत गान एवं विद्यालय गीत के उपरांत बच्चों ने विद्यालय के इस संस्थापक बैच के पुरातन छात्र-छात्राओं के सम्मान में आर्केस्ट्रा और मनोरम नृत्य तथा संगीत विभाग के शिक्षकों ने सदाबहार गीतों की नन-स्टॉप मेडली से समां बांध दिया. अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि बीता हर्ष वर्ष एक अनुभव देकर जाता है. उन्होंने भूतपूर्व विद्यार्थियों से आज के बच्चों का मार्गदर्शन कर उनका भविष्य संवारने की दिशा में उनसे सहयोग की अपील की. इसके आलोक में पहले बैच के सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों ने डीपीएस बोकारो के साथ-साथ इस्पातनगरी बोकारो के शैक्षणिक विकास में अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. खास तौर से बच्चों को उद्यमशीलता की अवधारणा व महत्ता समझाने और उनके करियर मार्ग दर्शन की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की.

इस दौरान भूतपूर्व विद्यार्थियों में आशीष वर्मा, अमरेश ओझा, कुमार रंजन, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, तुषार कुमार सिंह, अनुपमा, राजीव रंजन, प्रणव झा, नितिन चरण, गौतम, मृत्युंजय कुमार, डॉ. सुमित सेठ, डॉ. सुष्मिता प्रकाश, संजू सिन्हा, जया सिंह आदि शामिल रहे. अंत में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी को स्मृति-फलक भेंटकर सम्मानित किया. इसके बाद भूतपूर्व विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों का भी आनंद लिया तथा बचपन की यादें ताजा कीं.

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने एनएच पर लगाया रेडियम

संवाददाता। कसमार (बोकारो)

कसमार प्रखंड के जरीडीह एवं कसमार थाना क्षेत्र स्थित एनएच में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कसमार पुलिस प्रशासन ने यातायात पुलिस के सौजन्य से पहल करते हुए जरीडीह थाना क्षेत्र के बहादुरपुर व कसमार थाना क्षेत्र के दांतू में सड़क पर साईन बोर्ड व रेडियम युक्त टेप लगाकर दुर्घटना को रोकने की कवायद शुरू कर दी है. इससे पूर्व मेन रोड पर इस तरह की साइन बोर्ड एवं रेडियम टेप की कमी के कारण अक्सर छोटी-बड़ी दुर्घटना घटती रहती थी.

बोकारो के यातायात थाना प्रभारी रुपेन्द्र कुमार राणा व कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि एनएच सड़क जहां हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, वैसे जगहों में साईन बोर्ड व रेडियम युक्त टेप लगाया गया है. वहीं



एनएच सड़क में जहां संकीर्ण मोड़ है, वैसे जगहों में भी घटना को रोकने के लिए रेडियम युक्त टेप लगाया गया. थाना प्रभारी ने कहा कि दांतू से चटनियां मोड़ होते हुए सोनपुरा के रास्ते के तीन मुहाने मोड़ के सामने सड़क सुरक्षा को लेकर ड्रम में रेडियम युक्त टेप लगाया गया. यह यातायात के लिए बेहद जरूरी है, इससे वाहनों की गति पर लगाम लगाई जा सकेंगी. रेडियम लाइट से आमलोगों को वाहन चलाते वक्त दूर से ही रास्ते का आभास हो जाएगा, जिससे भविष्य में सड़क हादसे को रोकने में मदद मिलेगी. इसके लिए यातायात के नियमों का पालन बहुत ही जरूरी है.

इस दौरान जरीडीह थाना प्रभारी कुमार विक्रम सिंह, कई एएसआई सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा राजगंज मंडल का सदस्यता अभियान शुरू

**तेतुलमारी ।** रविवार को भाजपा राजगंज मंडल अंतर्गत रंगुनी पंचायत में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने की. संचालन संजीत सिंह व धन्यवाद ज्ञापन सुरेश किस्कु ने किया. मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा में 80000 हजार भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनना है. राजगंज मंडल के सभी शक्ति केंद्र के हर बूथ में 200 सदस्य बनाना है. राजगंज मंडल से 20000 हजार सदस्य बनाने का पार्टी के द्वारा दिया गए निर्देश है.

### शरारती तत्वों ने दो बाइक में लगाई आग

**झरिया।** तिसरा थाना क्षेत्र के गोल्डन पहाड़ी निवासी सह बीसीसीएल कर्मी संतोष कुमार की दो बाइक में किसी शरारती तत्वों ने शनिवार की रात आग लगा दी. आग लगने से दोनों बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई. संतोष कुमार द्वारा रात में ही तीसरा पुलिस को सूचना दी. संतोष ने कहा कि हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है, ऐसा क्यों किया यह बताना मुश्किल हैकि आगकिसने लगाई है. बताया कि घर के बाहर एक छोटा सा कमरा है. उसी में हमारी दो बाइक हीरो स्प्लेंडर संख्या 5799 और एक बॉक्सर बाइक संख्या 8435 रखी हुई थी. छत के ऊपर का छज्जा नहीं था. शरारती तत्व ऐसे ही घुस गए होंगे और आग लगा दी होगी.

### अल-इकरा बीएड कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह का समापन

**गोविंदपुर।** अल-इकरा बीएड कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को प्राचार्य प्रो. शमीम अहमद ने प्रशिक्षुओं को फिट इंडिया सप्ताह की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है. शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन में सफल हो सकता है. क्योंकि विकास के सभी पक्ष एक दूसरे से सम्बंधित हैं. प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण भी किया गया. इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक बिरेन्द्र कुमार सिंह तथा प्रोफेसर इन्चार्ज अशरफ अली समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे.

# सड़क सुरक्षा जागरुकता को लेकर सेमिनार

- गाड़ियों में आगे और पीछे की तरफ लाल पीला और सफेद रिफ्लेक्टर स्टिकर लगाना बेहद जरूरी

**संवाददाता। धनबाद**



धनबाद में बढ़ते सडक हादसों को रोकने के लिए धनबाद पुलिस निरंतर प्रयासरत है. इसी उद्देश्य के तहत वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन महोदय के निर्देश पर रविवार न्यू टाउन हॉल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक सेमिनार आयोजित की गई.
सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर एनजीओ "मैं हूं धनबाद" समूह के सहयोग से आयोजित सेमिनार में कई विशेषज्ञों ने सड़क सुरक्षा को लेकर अपनी अपनी बातें रखते हुए लोगों को जागरूक किया. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मिशन के विशेषयज्ञ स्वतंत्र कुमार ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पीपीटी के माध्यम से हर एक बिंदुओं को बारीकी से बताया. कहा कि जो भी व्यक्ति सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम को तोड़ता है, उस पर भारी जुर्माना होना चाहिए.कार चलाते वक्त सीट बेल्ट नहीं लगाने, हेलमेट का प्रयोग न करने और नकली हेलमेट बेचने वालों पर भी कार्रवाई करने की बात कही गई. सरकार की कई योजनाओं का हवाला देते हुए आम जनता को जागरूक होने की अपील की गई. सेमिनार के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि वाहन चलाते वक्त गाड़ी की गति को धीमी रखे, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करें. यातायात नियमों एवं सडक पर प्रदर्शित किए गए यातायात निर्देशों का पालन करें. कार सवार सभी लोग सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, दो पहिया वाहन चालक के साथ पीछे बैठे व्यक्ति को भी हेलमेट लगाना अनिवार्य है. सभी गाड़ियों में आगे और पीछे की तरफ लाल पीला और सफ़ेद रिफलेक्टर स्टिकर को लगाना बेहद जरूरी है, यह स्टिकर रात के अंधेरे अथवा धुंध या कुहासे में सड़क हादसों को कम करने में सहायक है. सेमिनार के माध्यम से ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द सिंह ने आम जनता से अपील की कि हम सबको मिलकर ट्रैफिक नियमों का पालन करना पड़ेगा. तभी धनबाद में बदलाव आ सकता हैं, जागरूकत और सजगता के तहत ही सड़क हादसों को कम किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में सड़क और परिवहन प्रत्येक माननीय जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है. हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में एक सड़क उपयोगकर्ता है. वर्तमान परिवहन प्रणाली ने दूरियों को कम कर दिया है लेकिन इसने दूसरी ओर जीवन के जोखिम को बढ़ा दिया है. धनबाद में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है या फिर लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं. अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं. इसलिए, सड़क सुरक्षा शिक्षा जीवित रहने के किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है. उन्होने कहा कि धनबाद पुलिस का उद्देश्य वर्तमान और भावी सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच सुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा जानकारी प्रदान करना है और हर साल हमारी सड़कों पर हादसों के शिकार होने वालों की संख्या को कम करना है. सेमिनार में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मिशन के विशेषयज्ञ स्वतंत्र कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द सिंह, डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, पूजा रत्नाकर के साथ सड़क सुरक्षा समिति से सभी सदस्य, ट्रैफिक पुलिस के सभी पदाधिकारी व जवान के साथ आम नागरिक भी उपस्थित थे.

# स्टेशन रोड किनारे लावारिस कार खड़ी, तरह-तरह की चर्चा

**संवाददाता। धनबाद**



स्टेशन रोड किनारे पिछले 15 दिनों से लावारिस अवस्था में एक कार खड़ी है. कार पर अन्य राज्य दिल्ली का होने से कई प्रकार का संदेह पैदा हो रही है. कार से कोई घटना होने या कार को रखकर भूल जाने जैसे बातें होते रही. कार पर DL2C AM 6681 नंबर अंकित है. कार हुंडई सैंट्रो है जिसपर काफी धुल जमी है. इसकी जानकारी रेल पुलिस और स्थानीय पुलिस को दे दी गई है. स्थानीय दुकानदार आकाश कुमार ने मीडिया को बताया कि पिछले 10-15 दिनों से स्टेशन रोड के मेन रोड पर लावारिस अवस्था में एक कार खड़ी हुई है और ऐसा लगता है इस कार को देखने के बाद इसका कोई मालिक का अता पता नही है किसका है क्यों यहाँ पर है अगर सही होता तो यह कार पार्किंग में खड़ी होती न की चालू सड़क के किनारे.

### नशा के विरोध में कतरास पहुंचा जत्था

**कतरास।** जय गुरुदेव शाकाहारी सदाचारी मद्यनिषेध का धनबाद जिला का जत्था रविवार को कतरास पहुंचा. जहां जय गुरुदेव नाम प्रभु का जप करते हुए इलाके का भ्रमण किया. कुछ लोग पैदल तो कुछ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जुलूस के शक्ल में चल रहे थे. सभी हाथ जोड़कर लोगों से मांस-मदिरा का त्याग कर सदाचार अपनाने की अपील कर रहे थे. जिसमें छोटे बड़े बच्चे बूढ़े और जवान महिला व पुरुष शामिल थे. सूर्य मंदिर प्रांगण में काफिला निकल कर पंचगढ़ी बाजार, थाना चौक, सब्जी पट्टी, स्टेशन रोड, सिनेमा रोड, भगत सिंह चौक होते हुए कतरास कालेज के समीप पहुंच कर कार्यक्रम का समापन किया. जिसमें महेंद्र राजभर,कंठी सिंह,प्रदीप सिंह, गुरु किस्कू, राजेश पंडित,पुष्पा पाठक, खिरोधर यादव, शंकर साव आदि शामिल थे.

# अपराधियों ने ट्रांसफार्मर किया क्षतिग्रस्त इलाके में बिजली और जलापूर्ति बाधित

## कर्मी पर लापरवाही का आरोप, प्रबंधन से कार्रवाई की मांग

**संवाददाता। महुदा**



मुरूलिडीह 20/21 पिट्स कोलयरी में शनिवार की देर रात दर्जनों अपराधियों ने विद्युत सब-स्टेशन में धावा बोलकर 2 एमबीए (33 हजार वोल्ट ) का ट्रांसफार्मर को क्षितग्रस्त कर दिया था. तेल भी बहा दिया. इससे मुरूलिडीह कोलयरी के अलावे छत्रुटाँड़ मोड़, छत्रुटाँड़ बस्ती, मुरलीडीह बस्ती एवं बजार, महुदा बस्ती तथा मुरूलिडीह के सैकड़ों क्वार्टरों में अंधेरा पसर गया है. बिजली नहीं होने से पानी सप्लाई भी बंद है. घटना के सम्बन्ध में ज्ञात हुआ की सब-स्टेशन में दो सुरक्षाकर्मी दामोद्दीन अन्सारी व तिलकधारी गोप का ड्युटी रात्री में लगाया गया था,परन्तु चोरी होने की घटना का सुचना प्रबंधन को नहीं दी गयी. फॉरमैन शिवलाल महतो सुबह जब अपने टीम के साथ जाँच करने पहुँचे तो देखा कि 2.5 एमबीए का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो चुका है. 33 हजार वोल्ट का केबल काटकर अलग कर दिया गया है और ट्रांसफार्मर का ढक्कन खोलकर तेल को बहा दिया गया था. क्वायल को काटकर ले जाने का प्रयास किया परन्तु सब नाकाम रहे. शिवलाल महतो ने परियोजना प्रबंधक को लिखित शिकायत देकर दोनो सुरक्षाकर्मी पर कार्य से अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया है. लिखा कि रात्री करीब 1 बजे मैं अपने सहयोगी प्रकाश कुमार दशौंधी, केदारनाथ सिंह एवं शम्भु महतो के साथ कोलियरी के दुसरे छोर में ड्युटी पर थे. जब बिजली कट गयी तो फोन से सुरक्षाकर्मी दामोद्दीन अंसारी को जाँच करने को बोला गया तो उसने वहाँ जाने से साफ इंकार कर दिया और फोन काट दिया गया. सुबह जब वहाँ जाकर जाँच किया तो पता चला चला कि ट्रांसफार्मर का क्षतिग्रस्त तेल को बहा दिया गया है. देखने से ऐसा अंदाजा हो रहा है कि सुबह हो जाने के कारण अपराधी लोग फरार हो गए. इतना बड़ा ट्रांसफार्मर को खोलने में कम से कम चार से पाँच घंटा जरूर लगा होगा.

### लायंस क्लब कतरास का मुफ्त नेत्र जांच शिविर

**कतरास।** राजस्थानी धर्मशाला कतरास हटिया में लायंस क्लब कतरास तथा एलसीआरएन खरकिया आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर लगाया गया. जिसका विधिवत उद्घाटन क्लब के अध्यक्ष डॉ वी एन चौधरी, एडमिनिस्ट्रेटर डॉ उमाशंकर, एवं एलसीआर इन खरकिया हॉस्पिटल के प्रमुख दिनेश अग्रवाल ने सयुक्त रूप से किया. कैंप में मुख्य रूप से लायंस कतरास के विवेक सिन्हा, रितेश कुमार दुबे, महेश अग्रवाल, विष्णु प्रसाद चौरसिया, डॉ मधुमाला, अंजनी देवी, समीर जायसवाल, अचिन्ता कुमार बॉस, सुरेश रजक, डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, संजय अग्रवाल सहित लायंस क्लब कतरास के कई सदस्य सक्रिय भूमिका रही. कैंप में करीब 209 मरीज का मुफ्त जांच किया गया. जिसमें 45 मरीज का मोतियाबिंद पाया गया. जांचों परांत मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एलसीआरएन आई हॉस्पिटल चिरकुंडा भेजा जाएगा. जिनका ऑपरेशन दवा एवं खाना सभी चीज की व्यवस्था मुफ्त रहेगी.

# भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू

**संवाददाता। धनबाद/झरिया**



धनबाद महानगर में भाजपा के सभी शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान आरंभ किया गया. सभी जनप्रतिनिधियों ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने की बात कही. धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, धनबाद के विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह, धनबाद महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय, धनबाद महानगर जिला महामंत्री सदस्यता अभियान के प्रभारी मानस प्रसून, सदस्यता अभियान के सह प्रभारी पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, सदस्यता अभियान के प्रभारी महेश पासवान, जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जिला परिषद अध्यक्ष पार्टी के सभी मुखिया, पार्टी के सभी निवर्तमान पार्षद गण सहित सभी मंडल अध्यक्ष, सभी जिला पदाधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में सघन सदस्यता अभियान चलाया. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सर्वप्रथम अपने आवासीय कार्यालय जगजीवन नगर में शक्ति केंद्र संख्या 24 में सदस्यता अभियान की शुरुआत की. इस दौरान लगभग 200 लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई. इसके बाद धनबाद प्रखंड अंतर्गत पुटकी प्रभु महतो चौक में धनबाद विधायक राज सिन्हा का सम्मान सह अभिनंदन समारोह रखा गया था. साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया गया, जिसमें लगभग 200 लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई. जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने बस्ताकोला, घनुवाडीह, झरिया इंदिरा चौक समीप नगर अध्यक्ष अवधेश साहु, जिला उपाध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी, अरूण साव, संजय वर्मा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया. जामाडोबा, पुटकी आदि पांच शक्ति केंद्रों में करीब 800 लोगों को सदस्यता दिलाई और सघन सदस्यता अभियान चलाया. जिला महामंत्री शाह महानगर सदस्यता प्रभारी मानस प्रसून ने शक्ति केंद्र संख्या 19 में सघन सदस्यता अभियान आरंभ किया. जिला मंत्री से जिला सदस्यता प्रभारी पंकज सिन्हा ने पांडे डाल शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान की शुरुआत की. जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, शेखर सिंह, राजकुमार जैन, नरेंद्र त्रिवेदी, रीता यादव, अभिमन्यु कुमार सहित सभी ने अपने-अपने शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान की शुरुआत की.

## आसनसोल

# मां फ्लाईओवर से गिरकर दो की मौत

- मृतकों की पहचान दानिश आलम और अनीश राणा के रूप हुई

**संवाददाता। कोलकाता**




कोलकाता के मां फ्लाईओवर से गिरकर रविवार सुबह दो मोटरसाइकिल सवारों की मौत हो गई. पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि बाइक अधिक गति होने के कारण नियंत्रण खो बैठी और दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. दोनों मृत युवकों की पहचान दानिश आलम (18) और अनीश राणा (19) के रूप में की गई है. दोनों बउबाजार इलाके के रहने वाले हैं. दानिश रविवार सुबह अपने भाई की बाइक लेकर घर से निकला था. अनीश उसके साथ था. इसी दौरान मां फ्लाईओवर पर उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी. घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही तिलजला और प्रगति मैदान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. दोनों मोटरसाइकिल सवारों को एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, बाइक चिंगरीघाटा से साइंस सिटी की ओर आ रही थी. पर्मा द्वीप के पास मां फ्लाईओवर में एक घुमाव है. बाइक वहां गार्डवाल से टकरा गई. इसके बाद दोनों बाइक समेत पुल के नीचे गिर पड़े.

# मुक्ति फाउंडेशन ने चलाया नशा के खिलाफ जागरुकता अभियान

**संवाददाता। बराकर**

हर वर्ष को भाती इस वर्ष भी नियामतपुर मुक्ति फाउंडेशन की ओर से नशा मुक्ति जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम नियामतपुर सुन्दरचक पोस्टऑफिस के समीप मुक्ति कार्यालय में आयोजित किया गया. इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला परिषद् के उपाध्यक्ष विष्णुदेव नोनिया, तृणमूल नेता राजेश साव, मुक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष कमलजीत नोनिया के साथ स्थानीय समाजसेवी, सहित नशा से मुक्ति पाए युवक मुख्य रूप से उपस्थित थे. जिला परिषद के उपाध्यक्ष विष्णुदेव नोनिया ने कहा कि आए दिन हमारे युवा वर्ग नशे के लत में फसते चले जा रहे हैं. वहीं देखा जा रहा ये युवा ड्रग्स, हीरोईन जैसे जानलेवा नसे का शिकार बन रहे है, नसे से बचने का एक मात्र जागरूकता हैं साथ ही उन्होंने फाउंडेशन के लोगों को कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम गांव, मुहल्ले में किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके, वहीं आगे कहा कि राज्य पुलिस प्रशासन की ओर कई जागरुकता अभियान चलाया जा रहा हैं. वहीं अभिवाक भी अपने बच्चों पर ध्यान रखें नशे के चंगुल से बचाएं, यदि कोई युवक नशा का आदि हो जाता हैं तो यह उन्हें तत्काल नशा मुक्ति केंद्र में ले जाए. ताकि वो इसे छोड़ ईश्वर द्वारा दी गई जीवन का आनंद लें सके. वहीं कमलजीत ने कहा कि प्रत्येक साल की भाती इस साल भी उन युवकों को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम किया जाता जो कभी नसे के आदि थे.

# ग्रीन प्वाइंट एकेडमी का खेल उत्सव

- मुख्य अतिथि ने किया झंडोत्तोलन और दीप प्रज्वलन

**संवाददाता। बराकर**




ग्रीन प्वाइंट एकेडमी कुलतोड़ा कुल्टी का वर्ष 2024 खेल उत्सव रविवार को हर्षोल्लाश के साथ संपन्न हुआ , इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वरूप टी, मटे ज्वाइन सेक्रेटरी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, जीपीए के चेयरमैन डॉ रामबालक शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए. खेल उत्सव का शुभारंभ झंडोत्तोलन कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया मुख्य अतिथियों ने किया. जिसके बाद छात्र छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर स्थितियों को सलामी दी गई. वही मशाल जलाकर पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ शपथ ग्रहण लिया. वही मुख्य अतिथियों द्वारा खेल उत्सव 2024 के तिरंगा बैलून आकाश में उड़ाकर प्रारंभ किया. कार्यक्रम के प्रारंभ में वेलकम डांस के साथ सुनहरा आगाज पेस किया गया. जिसके बाद नर्सरी से लेकर पांच तक के बैलून रेस बेकेट बाल, ग्रीन लाइट रेड लाइट, 400 मीटर रेस सहित कई प्रकार के खेल का आयोजन किया गया. चार सदन के छात्र छात्राओं के बीच हुई रेस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ सदन को पुरस्कृत किया गया. मुख्य अतिथि खेल कूद के उद्देश्य ओर महत्व को समझाया. खेलकूद मनोरंजन के अलावा शारीरिक एवं मानसिक विकाश में भी सहायक है. वही स्कूल के चेयरमैन डॉ राम बालक शर्मा ने कहा को करना काल के बाद स्कूल में स्पोर्ट्स इस बार करवाया गया. जहा सभी छात्र छात्राएं, स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं, स्टाफ को भुरी भूरी प्रशंसा की, जिनके पर्याप्त मेहनत की वजह से कार्यक्रम सफल रहा ,खेल उत्सव में स्कूल के प्रिंसिपल सूर्य संकर राय धर्मराज उप चेयरमैन श्यामश्री ,डायरेक्टर कल्याणी कुमार एडमिनिस्ट्रेटर राजेश कुमार ,दुर्गापुर स्कूल के प्रिंसिपल सुब्रतो चटर्जी, काशीनाथ लहरी पब्लिक स्कूल बर्नपुर के सुखबीर सिंह, पंच कूट इंटरनेशनल स्कूल पुरुलिया के जयंत भट्टाचार्या, पांडेश्वर के मोनो माला मुखर्जी, कुल्टी सैल सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट मनीश सक्सेना, हेल्थ वर्ल्ड दुर्गापुर के कमलेंदु मिश्रा, रानीगंज चेंबर के अरुण भारती मुख्य रूप से उपस्थित थे.

# बराकर यूथ कमिटी का एक दिवसीय रक्तदान शिविर




**संवाददाता। बराकर**

पश्चिम बर्दवान तृणमूल अल्पसंख्यक सेल एवं बराकर यूथ कमिटी के संजूक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. बराकर फाड़ी रोड स्थित वाहिद लॉज में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 35 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. आसनसोल जिला अस्पताल की टीम ने रक्त का संग्रह किया, इस मौके पर पश्चिम बर्दवान तृणमूल अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष सैयद महफूज उल हसन, जिला सचिव अमजद अंसारी, भोलू खान ,आशा देवी ,अरमान खान ,तोनु मुखर्जी, मनोज शर्मा, बप्पा दा,सहित बराकर यूथ कमेटी के अध्यक्ष शाहनवाज अंसारी, आसिफ अंसारी, मिराज अंसारी, जावेद अंसारी के इलावा बराकर यूथ कमिटी के सभी सदस्य लोग मौजूद थे. बराकर यूथ कमिटी के अध्यक्ष शाहनवाज अंसारी ने कहा कि इस तरह के शिविर से रक्त का संकट दूर होगा एवं लोग जागरूक भी होंगे. सभी क्लबों को इस तरह का प्रयास करना चाहिए.

### मारवाड़ी युवा मंच ने बांटे कृत्रिम अंग

**रानीगंज।** विधायक तापस बनर्जी ने कहा कि दिव्यांग लोगों को कृत्रिम अंग प्रदान करके उन्हें एक नया जीवन जीने का मौका दिया गया है. मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों के प्रति उन्होंने आभार प्रकट किया और कहा कि इस तरह का काम करना वाकई बहुत बड़ी समाज सेवा है. मारवाड़ी युवा मंच के सलाहकार राजेश जिंदल ने कहा कि समाजसेवियों ने आज दिव्यांग भाइयों को एक दिव्य अंग अपने हाथों से पहनाए और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया. इस काम में रानीगंज के कई लोगों का सहयोग रहा है. कुल 150 विकलांग लोगों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए और कान की मशीन दी गई. मारवाड़ी युवा मंच बेंगलुरु से आई समाजसेविका रजनी अग्रवाल ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में जहां भी लोगों को जरूरत होती है रक्त की, मैं अपने सदस्यों के साथ जरूरतमंद को रक्त मुहैया करवाती हूं. संस्था की तरफ से शंकर लाल अग्रवाल, महिला विंग देवी शक्ति की प्रमुख स्वीटी लोहिया, डॉ स्वाति कालोटिया की अभूतपूर्व भूमिका रही.

# विद्यार्थियों को एसकेएस पब्लिक स्कूल में किया गया सम्मानित



**संवाददाता। रानीगंज**

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक प्रतियोगिता में रानीगंज के शैक्षिक संस्थान यूसीएमएस के विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए एसकेएस पब्लिक स्कूल मंगलपुर के एक बड़े समारोह में सम्मानित किया गया. एसकेएस पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल संदीप सिंन्हा ने युसीमास रानीगंज शाखा के प्रिंसिपल मधु मित्रा मिश्रा को विशेष रूप से सम्मानित किया. संदीप सिंन्हा ने बताया कि मधुमिता मिश्रा निरंतर छात्रों को गणित विषय पर महारत हासिल करवा रही है रानीगंज शाखा से विगत कई वर्षों से लगातार कई विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अव्वल आए हैं एवं भारतवर्ष में रानीगंज के यूसी मास का नाम का परचम लहरा रहा है इसका श्रेय मधुमिता मिश्रा जी का है. मधुमिता मिश्रा ने बतलाया कि शैक्षिक संस्थान यूसीएम एस की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा दिल्ली में आयोजित हुआ था. बतलाया कि विभिन्न राज्यों से एवं विदेश से भी करीब 2000 से ज्यादा विद्यार्थी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे थे.

## सिमुल ग्राम में पानी की समस्या का समाधान

# विधायक अजय पोद्दार के प्रयासों से मिली राहत



**संवाददाता। बराकर**

सिमुल ग्राम में पीने के पानी की समस्या का समाधान हो गया है, जो कि स्थानीय भाजपा विधायक डाक्टर अजय पोद्दार के प्रयासों से संभव हुआ है. विधायक ने खराब पड़े बोरिंग पंप को ठीक करने की व्यवस्था की, जिससे लोगों को पानी की समस्या से कुछ राहत मिली है. यह समस्या विगत पंद्रह दिनों से सैल के कई क्षेत्रों में पीने के पानी के लिए स्थानीय लोगों द्वारा सैल के विरोध में लगातार प्रदर्शन और आंदोलन का कारण बनी हुई थी. लेकिन अब पंप के ठीक होने के बाद लोगों को पानी की समस्या से कुछ राहत मिली है, खासकर महिलाओं को जो घर के काम को करती हैं और जिन्हें इस समस्या का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा था.

## न्यूज अपडेट

### मोहन प्रसाद की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई

**झरिया।** रविवार को नेशनल हाई स्कूल जयरामपुर कोलियरी के संस्थापक और पुर्व प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद की चौथी पुण्यतिथि जयरामपुर कोलियरी नेशनल हाइ स्कूल में मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक प्रताप शर्मा और संचालन रामजी प्रसाद ने किया. कार्यक्रम में प्रताप शर्मा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला. सर्वप्रथम पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. इसके बाद क्षेत्र के कई गण मान्य लोग एवं समाजसेवी मेवालाल रजक ने श्रद्धा के साथ पुष्प अर्पित किए. मौके पर सभी शिक्षक एवं छात्र और छात्राओं आदि लोग मौजूद थे.

### कोल कर्मी का पुत्र करता था केबल चोरी, गया जेल

**मधुबन।** महेशपुर कोलियरी खदान में शनिवार की देर रात खदान के अंदर चोर की खबर होने की सूचना पर प्रबंधक नारायण हांसदा व सीआईएसएफ की टीम ने संयुक्त रूप कार्रवाई की. खदान के अंदर से एक चोर को केबल के साथ पकड़ लिया. पकड़ा गया चोर संतोष कुमार उर्फ पीलिया कोल कर्मी का ही पुत्र निकला. युवक ने प्रबंधन व सीआईएसएफ को बताया कि अन्य तीन युवक गोविंद कुमार, सोनू कुमार, सुंदर कुमार अभी खदान के अंदर है. इसके बाद खदान के अंदर अन्य चोरों की तलाश किया गया, पर कोई नहीं मिला. मधुबन पुलिस ने पकड़े गए युवक संतोष कुमार गिरफ्तार किया और संतोष कुमार उर्फ पिलिया के खिलाफ कांड अंकित कर जेल भेज दिया है.

### चालक की सूझबूझ से हादसा टला

**झरिया।** झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित सेल कोलयरी के बी टाइप ऑफिसर कॉलोनी के समीप झरिया से सिन्दरी की ओर जाने के क्रम में ट्रक संख्या जे एच 10ए बी 6207 असंतुलित हो गई. ट्रक के सामने एक ऑटो आ गया था जिसे बचाने के क्रम में ट्रक का बांया चक्का जमीन मे धंस गया. चालक के सुझबूझ से हादसा टल गया. किस्मत अच्छी थी कि नुकसान नहीं हुआ. चालक अनिल यादव ने बताया की टाटा से अन्दर रोड स्क्रैप लोड लेकर गोविंदपुर जा रहे थे. चासनला ऑफिसर क्लोनी के गेट समीप अचानक ऑटो आ गया जिसे बचाने के क्रम मे ब्रेक मारने से ट्रक का बया साइड आगे के चक्का जमीन में धस गया. समय पर ब्रेक नहीं लगता तो बड़ा हादसा हो सकता था .

### पंचेत रोड के राशन दुकान में 3 लाख की चोरी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत पंचेत रोड स्थित मनोज अग्रवाल के राशन दुकान में चोरों ने शनिवार की रात्रि पीछे का दीवार काट कर दुकान के गल्ला से नगद 3 लाख रू की चोरी कर ली है. अग्रवाल ने चिरकुंडा थाना में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है. अग्रवाल ने बताया कि शनिवार की रात्रि करीब 8 बजे दुकान बंद कर वे नेहरू रोड स्थित नगर परिषद के समीप अवस्थित अपने घर चले गए थे. रविवार सुबह जब दुकान आकर खोला तो देखा कि चोरों ने दुकान के पीछे का दीवार व एजबेस्टर तोड़ दिया गया है. साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा काट दिया है. बगल में स्थित लाइफ लाइन मेडिकल में लगे सीसीटीवी कैमरा के तार को भी काट दिया है.

# पत्रकार एकादश ने आयोजन समिति एकादश को हराया

संवाददाता। बाघमारा



बाघमारा ब्लाक स्थित पोलो मैदान में बाघमारा में टाइगर क्लब की तरफ से आयोजित टी 10 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. जिसमें रविवार को पत्रकार एकादश तथा आयोजन समिति एकादश के बीच रोमांचक मैच हुआ. मैच में पत्रकार एकादश की टीम दो रनों से विजयी रही. इस दौरान सामाजिक संस्था संपूर्ण जनजागृति ऑर्गनाइजेशन की ओर से दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मैडल व कप देकर सम्मानित किया गया. पत्रकार एकादश टीम के कप्तान पिंटू शर्मा एवं उप उपकप्तान भोला झा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया. बल्लेबाजी करने उतरे पत्रकार एकादश की टीम ने मो. कलाम व भोला झा के तूफानी बल्लेबाजी के कारण निर्धारित 12 ओवर में 180 रन बनाने में कामयाब रही. लक्ष्य का पीछा करते हुए विपक्षी टीम के कप्तान संजय यादव व कंचन सिंह ने भी शानदार बल्लेबाजी की. लेकिन रोमांचक मुकाबले में पत्रकार एकादश की टीम दो रनों से विजयी रही. पत्रकार एकादश की ओर से भोला झा, मो कलाम व पिंटू शर्मा ने धारदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट अपने नाम किया. पुरुस्कार वितरण से पूर्व पत्रकार हिमांशू जमुआर के बड़े भाई बब्लू जमुआर के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई. विजेता तथा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को वरीय पत्रकार रंजीत सिंह, प्रातः आवाज के बिनोद रजक,निकेश पांडेय,सत्येंद्र तिवारी, संजय गुप्ता,बसंत भारती, भोला झा ,रंजीत चौहान,राजू सिंह एसबीआई सीएचपी के संदीप शर्मा,संस्था के सत्यजीत सोनू,प्रेम कुमार, आयोजन समिति के सत्यनारायण पांडेय, कंचन सिंह द्वारा कप व मेडल देकर सम्मानित किया गया. साथ ही सभी ने सामूहिक रुप से स्वरूचि भोजन का भी आनंद उठाया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के सत्यनारायण पांडेय व शिव शंकर ने कहा कि आयोजित टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 26 दिसंबर को रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न किया जाएगा.

# शोभा यात्रा के साथ श्रीराम उत्सव का शुभारंभ

संवाददाता। रांची

झरिया। सुदामडीह न्यू माइन्स स्थित खुदीराम बोस खेल मैदान परिसर में रविवार को राष्ट्र आराधना मंच की ओर से नौ दिवसीय भव्य श्रीराम उत्सव का शुभारंभ हुआ. गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई. भारी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बच्चे, बृद्ध सम्मलित हो कर प्रभु श्रीराम की झंडा लिए नगर भ्रमण किया. श्रीराम दरबार की झांकी साथ में थी.श्रीराम के जयकारे से पुरे क्षेत्र भक्तिमय हो गया था. मंच के अध्यक्ष डॉक्टर बीरेंद्र कुमार ने बतया की तीस दिसंबर तक अयोध्या से पधारे श्री अभिषेक कुमार शास्त्री के द्वारा प्रतिदिन राम कथा और दस बजे से रामलीला कार्यक्रम , वही पचीस दिसंबर दिन बुधवार को राष्ट्र आराधना मंच के वार्षिक अधिवेशन तथा दो बजे से विराट कवि सम्मलेन आयोजन की गई है और 31 दिसंबर दिन मंगलवार को भंडारा व प्रसाद वितरण किया जायेगा.



## आज तुलसी कलश यात्रा के साथ हरि कथा का शुभारंभ

गोविंदपुर। गोविंदपुर ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर से आज सुबह 1001 महिलाओं की भव्य तुलसी कलश यात्रा निकाली जाएगी .इसके साथ ही सात दिवसीय प्रवचन की शुरुआत होगी . श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के संस्थापक एवं कथा व्यास सुरेन्द्र हरिदास जी ने बताया कि 23 से 30 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 :00 बजे से शाम 7 :00 बजे तक भागवत कथा की गंगा बहेगी . 31 दिसंबर को हवन, भंडारा आदि आयोजन होंगे . श्री राधाकृष्ण सेवा ट्रस्ट एवं श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के तत्वावधान में स्थानीय भक्तों के सहयोग से यह आयोजन हो रहा है . उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा का सदा-सर्वदा सेवन करना चाहिए| श्रवणमात्र से श्रीहरि हृदय में आ विराजते हैं . कथा के आयोजन में समाजसेवी प्रदीप बंसल, कांता बंसल, संजय अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, शरद अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पवन लोधा, शंकर अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, शरत दुदानी, निरंजन अग्रवाल, अनुप सरिया, सुनिल सरिया, सुरेश सरिया, प्रदीप अग्रवाल , प्रदीप साव धनंजय, सुरेश भगत, भोला गुप्ता, विवेकानंद पांडेय, संतोष पाठक, नारायण चन्द्र सेन, गौर दास, संदीप विश्वकर्मा, शिशिर भगत, संतोष पाठक, दीपक पांडेय, अशोक गुप्ता, मोहन बंसल, प्रकाश विश्वकर्मा आदि लगे है .



## मानबाद में दलित शोषण मुक्ति मंच जिला कमेटी की बैठक

संवाददाता। झरिया

झरिया के मानबाद में दलित शोषण मुक्ति मंच की जिला कमेटी की बैठक संपन्न हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य कमेटी के अध्यक्ष शिव बालक पासवान शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता रामबालक धारी ने की. बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सांगठनिक पुनर्गठन करने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सदन में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संदर्भ में दिए गए बयान की कड़ी निंदा की गई. इसे लेकर विभिन्न स्तरों पर सड़क पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया. आगामी कार्यक्रमों में 25 दिसंबर को धनबाद में मनुस्मृति दहन का आयोजन होगा. इसके अलावा, 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाने की योजना बनाई गई है. इन कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और समता के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया. बैठक में धर्मराज धारी, विनोद पासवान, संतोष चौधरी, नौशाद अंसारी, और अन्य जिला कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया. बैठक के दौरान संगठन की भूमिका को मजबूत करने और दलित शोषण के खिलाफ आंदोलन को और प्रभावी बनाने के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए.

## चांदमारी में चोरों ने एक लाख का केबल काटा

- जलापूर्ति व विद्युतापूर्ति बाधित

संवाददाता। झरीया

चांदमारी नौ नंबर चानक के बिजली घर के पास शनिवार की रात केबुल चोरों ने लगभग 30 फीट केबल व लौह सामग्री काट लिया. केबल कटने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई. चोरी गए केबल की कीमत लगभग एक लाख बताई जाती है. मजदूरों का कहना है कि शनिवार की करीब देर रात को दर्जनों की संख्या में चोर लोग बिजली घर के पास पहुंचकर केबल के साथ लोहे के पार्ट्स भी ले गए. मना किया तो केबुल चोरों ने धमकी दी. केबल कट जाने से 9 नंबर चानक के आस पास के कॉलोनी में अंधेरा पसरा हुआ है. मजदूरों ने इसकी सूचना बस्ताकोला प्रबंधन को दी है.

मामले को लेकर परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा केबल की चोरी की गई है.हम लोग आकलन कर रहे हैं. सही आकलन के बाद केबल को जोड़कर पुनः क्षेत्र में बिजली व जलापूर्ति बहाल की जाएगी.

## तेलमच्चो ग्रामीण जलापूर्ति योजना का विधायक ने किया निरीक्षण



संवाददाता। महुदा

तेलमच्चो ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण करने रविवार को बाघमारा विधायक शत्रुघन महतो दामोदर नदी स्थित इंटेक बेल पहुंचे. वहां उन्होंने नदी स्थित इंटेक बेल का स्थान का जांच किया. तत्पश्चात योज़ना को अतिशीघ्र चालू कराने के लिए उन्होंने स्वयं पोकलेन मशीन की कमान संभाली तथा जल संग्रहण के लिए रेत एवं गाद की सफाई की. उन्होंने जल संग्रहण के लिए बने इंटेक वेल का विधिगत निरीक्षण कर संबंधित कार्यों पर लगे पदाधिकारियों को अतिशीघ्र जलापूर्ति योजना को चालू करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया. बताते चलें कि काण्ड्रा, तेलमच्चो एवं लोहापट्टी पंचायत की लगभग बीस हजार आबादी को जलापूर्ति के लिए बनी तेलमच्चो ग्रामीण जलापूर्ति योजना पिछले दो माह से बंद पड़ी हुई है. योजना बंद होने से तीनो पंचायत के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए वे स्वंय कई दिनों से योजना को चालू कराने को लेकर अधिकरियों के साथ मिलकर पहल कर रहे हैं.

## सांसद ढुल्लू की पहल पर सड़क दुर्घटना में मृतक बीसीसीएल कर्मी के पुत्र को मिला नियोजन

संवाददाता। मधुबन

सड़क दुर्घटना में मृत मनसा बाउरी के पुत्र गोविंद बाउरी को बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता के बाद प्रोविजनल नियोजन मिला. बता दें कि शनिवार की रात बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र 5 के मोदीडीह से ड्यूटी से वापस लौटने के क्रम में मधुबन थाना क्षेत्र के महेशपुर बस्ती मनसा बाउरी दुर्घटनाग्रस्त हो गये थे. नया मोड़ के समीप ट्रक के चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद ट्रक का खलासी और ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर भाग गया। जोगता थाना की पुलिस ने मृतक मनसा बाउरी के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और ट्रक को थाना ले गई थी. पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया. मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन पुत्र छोड़ गया है.

सांसद विधायक ने दी पीडित परिवार को सांत्वना

घटना की सूचना धनबाद सांसद ढुल्लू महतो को महेशपुर मुखिया प्रतिनिधि हरी साव के द्वारा मिलते ही बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता की. वार्ता में मृतक मनसा बाउरी के बड़े बेटे गोविंद बाउरी को प्रोविजनल नियोजन एवं बीसीसीएल प्रबंधन की और से मृत्यु के बाद कर्मी को मिलने वाली सभी तरह की सुविधा दिए जाने की बात पर सहमति बनी। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो मृतक के घर पहुंच कर मृतक के पुत्र को नियुक्ति पत्र दिया ।नियोजन के वार्ता में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक चंदन श्रीवास्तव परियोजना पदाधिकारी संजय नंदा कोलियरी प्रबंधक दशरथ सिंह राठौड़ पर्सनल मैनेजर तारा सिंह ऐटक यूनियन प्रतिनिधी रीजनल उपाध्यक्ष गौर चन्द बाउरी क्षेत्रीय सचिव मोहम्मद शरीफ, बेणेश्वर महतो, कैलाश महतो, भीम महतो, विष्णु चरण महतो उपस्थित थे.



## अपराधियों के खिलाफ पुलिस कारोबारियों ने बनाई रणनीति

**खास बातें**

- दुकान के आगे सीसीटीवी जरूर लगाएं : थानेदार
- अपराध पर अंकुश लगाने को पुलिस-कारोबारियों की बैठक

संवाददाता। झरीया



जोरापोखर थाना में चोरी जैसी घटना पर अंकु श लगाने के लिए विभिन्न क्षे त्रों के व्यवसायियों की बैठक रविवार को आयोजित की गई. जिसमें डिगवाडीह, फुसबंगला, जामाडोबा बाजार के व्यपारी वर्ग एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के लोग शामिल हुए. अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने किया. उन्होंने व्यवसायियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दुकान की देखरेख करने के लिए रात्रि प्रहरी रखे एवं उनका मोबाइल नंबर थाना को भी दें. उन्होंने कहा कि बड़े दुकानदार दुकान के समक्ष बेहतर लाइट की व्यवस्था के साथ सीसीटीवी जरूर लगाएं. आपकी जागरूकता से ही ऐसी घटनाओं पर विराम लगाया जा सकता है. व्यवसायियों ने एक मत से पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की. जिसपर थाना प्रभारी ने सहमति जताई. बैठक में शम्भू प्रसाद साव, प्रमोद गुप्ता, आरिफ सिद्दकी, शुभाशीष राय, जमुना प्रसाद गुप्ता, मुख्तार इमाम, मनु कुमार साव, मो रब्बानी, राम विलाश चौधरी सहित दर्जनों व्यवसायी शामिल थे.

# आवासीय विद्या मंदिर में खेल महोत्सव, विजेताओं को इनाम

संवाददाता। टुंडी



स्वरूप सरस्वती आवासीय विद्या मंदिर रतनपुर टुंडी में 28 वां खेलकूद दिवसीय महोत्सव के उद्घाटन समारोह पर मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) धनबाद के संजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी टुंडी उमाशंकर, पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी धनबाद के अक्षय कुमार, के साथ विद्या मंदिर संचालन समिति एवं प्रबंध समिति के अधिकारीगण ने मिलकर दीप प्रदीप्त, पुष्पार्चन एवम सामूहिक वंदना की.

तत्पश्चात् ध्वजोत्तोलन कर श्रीफल फोड़कर तीरंदाजी से खेल उद्घाटन की विधिवत घोषणा की. खेल महोत्सव में अभी तक शिशु वर्ग लंबी कूद में प्रथम अमन सोरेन नाग सदन दूसरे नंबर पर रंजीत मुर्मू पृथ्वी सदन, तृतीय विकास राय नाग सदन, प्रथम नव्या कुमारी नाग सदन, द्वितीय सुमा कुमारी त्रिशूल सदन, तृतीय सुभद्रा हासदा त्रिशूल सदन, बाल वर्ग लंबी कूद प्रथम भैया उमेश मरांडी त्रिशूल सदन, द्वितीय सुशील महतो नाग सदन, तृतीय संजित हेम्ब्रम नाग सदन आदि को क्रमशः स्वर्ण,रजत, कांस्य पदक अभिभावक प्रतिनिधि शांति मुर्मू द्वारा दिलाया गया. वॉलीबॉल में विजेता सदन त्रिशूल और उप विजेता सदन पृथ्वी हुई.

## सहदेवा फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**धनबाद।** सहदेवा फाउंडेशन द्वारा एसजेएस हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 60 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। फाउंडेशन के संस्थापक हर्ष सिंह ने बताया कि युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता और उत्साह देखकर गर्व महसूस हुआ। अस्पताल प्रबंधन और ब्लड बैंक के प्रमुख ने इस शिविर को अब तक का सबसे बेहतरीन शिविर बताया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया और रक्तदान किया। इसमें कई प्रभावशाली व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए, जिन्होंने रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया।

शिविर में आए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया गया और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। बीआईटी सिंदरी के छात्रों ने भी इस शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## हिल कालोनी : पानी टंकी तोड़ने में मजदूर जख्मी

संवाददाता। धनबाद



धनबाद हिल कालोनी में पानी टंकी को तोड़ने का काम मजदूर कर रहे थे. इसी दौरान एक पेड़ की डाल टूटकर गिर गई. जिसकी चपेट में आकरबिरजू नामक मजदूर जख्मी हो गया. यहां काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि गोमो के ठीकेदार द्वारा पानी टंकी तोड़ने का काम कराया जा रहा था. मजदूरों ने बताया कि टंकी पहले ही टूट चुका था लेकिन एक पेड़ की डाल टूट गई और बिरजू उसकी चपेट में आ गया. उसके सिर पर चोट लगी और उसे तत्काल उठाकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. इधर मामले की खबर पाकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई थी.

मंथन

# नहीं सुधरा बांग्लादेश एक चिंताजनक स्थिति

बांग्लादेश, जो कभी एक संघर्षमुक्त राष्ट्र के रूप में उभरा था, आज भी कई संकटों का सामना कर रहा है. चाहे वह राजनीतिक अस्थिरता हो, सामाजिक असमानता, या फिर मानवाधिकारों का उल्लंघन, बांग्लादेश में स्थिति निरंतर बिगड़ती जा रही है. पिछले कुछ दशकों में बांग्लादेश ने कुछ महत्वपूर्ण विकास किए हैं, लेकिन इसके बावजूद यह देश कई गंभीर समस्याओं का शिकार है, जो उसकी प्रगति में रुकावट डाल रही हैं.सबसे बड़ा संकट बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता का है. यहां की राजनीति अक्सर हिंसा और विरोध प्रदर्शनों में तब्दील हो जाती है. विपक्ष और सरकार के बीच संघर्षों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया है. इस स्थिति का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ता है, जो इन संघर्षों के कारण परेशान होते हैं और उनकी सुरक्षा की स्थिति अत्यधिक कमजोर हो जाती है. साथ ही, भ्रष्टाचार भी एक गंभीर समस्या है, जिससे विकास कार्यों में रुकावट आती है और सरकारी तंत्र पर विश्वास घटता है. इसके अलावा, बांग्लादेश में मानवाधिकारों का उल्लंघन लगातार बढ़ रहा है. विशेष रूप से हिंदू समुदायों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को अपनी आवाज़ उठाने के लिए अत्यधिक दबाव का सामना करना पड़ता है. स्वतंत्रता का उल्लंघन, झूठे आरोप, और उत्पीड़न जैसे मामलों में वृद्धि हुई है, जो बांग्लादेश के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के लिए खतरे की घंटी है. हालांकि, बांग्लादेश ने कुछ सामाजिक और आर्थिक सुधार किए हैं, जैसे कि गरीबी में कमी और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार, लेकिन देश की समस्याएं जड़ से उखड़ने के बजाय और गहरी होती जा रही हैं.

नजरिया

# झारखंड में प्रभु यीशु के आगमन की जोरदार तैयारी

क्रिसमस, एक ऐसा पर्व है जो न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि एकता, भाईचारे और प्रेम का संदेश भी देता है. झारखंड में भी इस पर्व की धूम हर साल की तरह इस बार भी देखने को मिल रही है. लोग प्रभु ईसा मसीह के आगमन की तैयारी में जुटे हुए हैं. राज्य में विभिन्न धार्मिक समुदायों के लोग इसे बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं, जो समाज में सद्भाव और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देता है. राज्य के शहरों और कस्बों में क्रिसमस की सजावट, चर्चों में प्रार्थना और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. रांची, जमशेदपुर, धनबाद जैसे बड़े शहरों में चर्चों की खूबसूरत सजावट और मोमबत्तियों की रौशनी लोगों को आकर्षित करती है. बच्चों के बीच तो इस दिन का खासा उत्साह रहता है, वे सांता क्लॉस के रूप में खुशियाँ बांटते हैं और नए कपड़े पहनकर अपने मित्रों और परिवारजनों के साथ इस पर्व को मनाते हैं. इस पर्व के साथ जुड़ी सामाजिक सेवाएं भी महत्वपूर्ण होती हैं. कई संगठन और चर्च जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री और वस्त्र वितरित करते हैं, जो समाज के कमजोर वर्ग के लिए एक बड़ी मदद साबित होती है.क्रिसमस झारखंड के समाज में एकता, सहिष्णुता और प्रेम के संदेश को फैलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है. यह पर्व न केवल धार्मिक आस्थाओं का प्रतीक है, बल्कि यह हमें यह सिखाता है कि विभिन्न समुदायों के बीच प्रेम और सहयोग से ही समाज में शांति और समृद्धि आ सकती है.

# कुवैत के साथ संबंधों के नए दौर की शुरुआत

बृजेंद्र दुबे



**पीएम मोदी के दौरे से कुवैत आया भारत के और करीब**

**पीएम नरेंद्र मोदी का कुवैत दौरा भारत और कुवैत के बीच नए युग की शुरुआत का प्रतीक है.यह यात्रा न केवल दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण थी, बल्कि पश्चिम एशिया में भारत के लिए नई शुरुआत है.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 में कुवैत का ऐतिहासिक दौरा किया, जो दोनों देशों के रिश्तों में एक नया अध्याय लेकर आया है. इस दौरे को कुवैत और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. पीएम मोदी के कुवैत दौरे ने दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक सहयोग को न केवल पुनर्जीवित किया, बल्कि दोनों के बीच विश्वास और साझेदारी के नए रास्ते भी खोले हैं.

कुवैत और भारत के बीच संबंध सदियों पुराने हैं. कुवैत में भारतीय समुदाय की उपस्थिति बहुत पुरानी है और आज भी भारत का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय कुवैत में निवास करता है. भारतीय कामगारों ने कुवैत की विकास यात्रा में अहम भूमिका निभाई है. 1990 में जब इराक ने कुवैत पर आक्रमण किया, तो भारत ने कुवैत के नागरिकों के लिए सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की, जो कि भारत और कुवैत के रिश्तों में एक महत्वपूर्ण मोड़ था. हालांकि, इन ऐतिहासिक संबंधों के बावजूद, दोनों देशों के बीच राजनीतिक और आर्थिक सहयोग में कुछ कमियां बनी रहीं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपने विदेश नीति को सक्रिय और समग्र रूप से पुनर्निर्मित किया है. मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया के देशों के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता दी है, और कुवैत दौरा इस नीति का हिस्सा है. यह दौरा भारतीय कूटनीति के नए दृष्टिकोण और कुवैत के साथ एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है.

पीएम मोदी का कुवैत दौरा कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण था. सबसे पहले, यह यात्रा भारतीय और कुवैती नेताओं के बीच उच्च स्तरीय संवाद को प्रोत्साहित करने का अवसर थी. कुवैत की सरकार के साथ विभिन्न मुद्दों पर वार्ता, जैसे कि व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, और श्रम मामलों पर चर्चा, इस यात्रा के मुख्य पहलू थे.भारत के लिए कुवैत एक महत्वपूर्ण ऊर्जा साझीदार हैं. कुवैत विश्व के प्रमुख तेल उत्पादक देशों में से एक है, और भारतीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए यह एक महत्वपूर्ण देश है. मोदी के दौरे के दौरान ऊर्जा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण समझौते हुए, जो भारत की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में सहायक होंगे. कुवैत से तेल और गैस के आयात में वृद्धि भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी, खासकर जब वैश्विक ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव हो रहे हैं.

भारत और कुवैत के बीच व्यापारिक संबंधों में लगातार वृद्धि देखने को मिली है, और पीएम मोदी का कुवैत दौरा इस दिशा में महत्वपूर्ण था. कुवैत ने भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया. दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और वित्तीय सहयोग के क्षेत्र में न केवल मौजूदा समझौतों की समीक्षा की गई, बल्कि नए अवसरों की तलाश भी की गई.

भारत के लिए कुवैत एक प्रमुख निवेशक देश है, और कुवैत ने भारत में बुनियादी ढांचे, रक्षा, टेक्नोलॉजी और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की. कुवैत के साथ भारत का व्यापार वर्तमान में 20 अरब डॉलर से अधिक है, और इसे अगले कुछ वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य है.

भारत और कुवैत के संबंधों में एक और महत्वपूर्ण आयाम कुवैत में भारतीय प्रवासी समुदाय है. कुवैत में भारतीय श्रमिकों की संख्या लगभग 10 लाख है, जो कुवैत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. पीएम मोदी ने कुवैत में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की और उनके कल्याण के लिए कुवैती सरकार से सहयोग की बात की. कुवैत के साथ श्रमिकों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा और उनकी स्थिति में सुधार पर भी चर्चा हुई.

पीएम मोदी ने कुवैत दौरे के दौरान भारतीय सांस्कृतिक धरोहर और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को भी बढ़ावा देने का आह्वान किया. दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शैक्षिक विनिमय और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की गईं. भारतीय संस्कृति, कला, और भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए कुवैत में भारतीय सांस्कृतिक संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि दोनों देशों के बीच आपसी समझ और दोस्ती बढ़ सके.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुवैत दौरा केवल आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक कूटनीतिक साझेदारी की शुरुआत भी थी. कुवैत के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी को मजबूती देने के लिए रक्षा सहयोग, आतंकवाद विरोधी उपाय, और क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी चर्चा की गई. कुवैत और भारत के बीच आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, और क्षेत्रीय तनावों के संदर्भ में एक मजबूत साझेदारी की आवश्यकता है, और इस दौरे ने इन मुद्दों पर महत्वपूर्ण वार्ता की राह खोली.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुवैत दौरा भारत और कुवैत के बीच नए युग की शुरुआत का प्रतीक है. यह यात्रा न केवल दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण थी, बल्कि यह प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति के अंतर्गत भारत के पश्चिम एशिया में बढ़ते प्रभाव को भी दर्शाती है. कुवैत के साथ बढ़ता हुआ व्यापार, ऊर्जा सहयोग, श्रमिक कल्याण, और सांस्कृतिक साझेदारी, दोनों देशों के बीच एक नए युग की शुरुआत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं. पीएम मोदी का यह दौरा यह साबित करता है कि भारत अब वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण और सशक्त खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है, और कुवैत के साथ इसके रिश्ते भविष्य में और भी मजबूत होंगे.

## आज का इतिहास

1852: खगोलविद् जियोवनी कैसिनी ने शनि के उपग्रह रिया की खोज की थी.
1902 : देश के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का यूपी के हापुड़ में जन्म हुआ था. इस दिन को देश में किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है.
1914 : प्रथम विश्व युद्ध में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेना काहिरा पहुंची.
1921: विश्व-भारती विवि का उद्घाटन.
1922: बीबीसी रेडियो से समाचार प्रसारण शुरू.
1926: स्वतंत्रता सेनानी, दलितों के हितैषी, स्त्री शिक्षा के समर्थक और आर्य समाज प्रचारक स्वामी श्रद्धानंद की हत्या आज ही के दिन हुई थी.
1995: हरियाणा के मंडी डबवाली में एक स्कूल में आग लगने से 360 की मौत हुई थी.
2000 : अविभाजित भारत की प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका मलिका-ए-तरन्नुम नूरजहां का निधन हुआ था.

## कोई धारणा बनाने से पहले सच्चाई जरूर जान लें

चिंतन

एक बार ट्रेन से पिता-पुत्र यात्रा कर रहे थे, पुत्र की उम्र करीब 24 साल की थी, पुत्र ने खिड़की के पास बैठने की ज़िद की, क्योंकि पिता खिड़की की सीट पर बैठे थे. पिता ने ख़ुशी-ख़ुशी खिड़की की सीट पुत्र को दे दी, और खुद बगल में बैठ गये.

ट्रेन में आस-पास और भी यात्री बैठे थे, ट्रेन चली तो पुत्र बड़ी उत्सुकता से चिल्लाने लगा- देखो पिता जी नदी, पुल, पेड़ पीछे जा रहे है, बादल भी पीछे छूट रहे हैं. पिता भी उसकी हां में हां मिला रहे थे.

उसकी ऐसी हरकतों को देख कर वहां बैठे यात्रियों को लगा कि शायद इस लड़के को कोई दिमागी समस्या है, जिसके कारण यह ऐसी हरकत कर रहा है.

पुत्र बहुत देर तक ऐसी अजीबोगरीब हरकत करता रहा. तभी पास बैठे एक यात्री ने पिता से पूछा कि- आप अपने पुत्र को किसी अच्छे डॉक्टर को क्यों नही दिखाते?

क्योंकि उसकी हरकत सामान्य नहीं है, हो सकता है की कोई दिमागी बीमारी हो. उस यात्री की बात सुन कर पिता ने कहा- हम अभी डॉक्टर के पास से ही आ रहे हैं. पिता की बात सुन कर यात्री को आश्चर्य हुआ.


पिता ने बताया कि- मेरा पुत्र जन्म से ही अंधा था. कुछ दिन पहले ही इसको आंखों की रौशनी प्राप्त हुई है, इसे किसी दूसरे की आंखें लगाई गई हैं, और जीवन में पहली बार यह दुनिया को देख रहा है. यह इसलिए ऐसी हरकत कर रहा है, क्योंकि ये सारी चीजें इसके लिए एकदम नई हैं.

ठीक वैसे ही जैसे किसी छोटे बच्चे के लिए होती हैं. पिता की बात सुन कर आस-पास बैठे लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने पुत्र के पिता से माफी भी मांगी.

**कहानी से शिक्षा**

दोस्तों जिंदगी में कई बार हम बिना सच्चाई जाने ही कुछ लोगों के प्रति अपनी एक राय बना लेते हैं. क्योंकि हम उसके बारे में वही सोचते हैं, जो हमें दिखाई देता है. इसलिए किसी के बारे में राय बनाने से पहले हमे उसकी सच्चाई जान लेनी चाहिए. जिससे बाद में सच्चाई का पता लगने पर शर्मिंदा ना होना पड़े.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #Dhop
2. #NationalMathematicsDay
3. Grace God
4. #GameChanger
5. #Kabir_Is_AlmightyGod
6. #RamvicharNetam
7. राष्ट्रीय गणित
8. True Guru Sant Rampal Ji
9. श्रीनिवास रामानुजन
10. Srinivasa Ramanujan

# बहुरंग

# साल 2024 : 10 फिल्में बनीं ब्लॉकबस्टर बम्पर कमाई और दर्शकों की पसंदीदा

एजेंसी । मुंबई

वर्ष 2024 भारतीय सिनेमा के लिए महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ. 2024 में ऐसी कई फिल्में रहीं जिन्होंने 100 करोड़, 400 करोड़ के साथ 600 करोड़ और 1000 करोड़ की कमाई की. इन फिल्मों ने कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े. कुछ फिल्मों ने जहां बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़े, वहीं दर्शकों के दिलों में भी खास जगह बनाई. इसमें बॉलीवुड समेत साउथ की कई फिल्में शामिल हैं.

पुष्पा 2पुष्पा 2 : इस लिस्ट में अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' पहले स्थान पर है. यह फिल्म 5 दिसंबर 2024 को भारत समेत दुनिया भर में रिलीज हुई थी. फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए और कुछ रिकॉर्ड तोड़े भी. मेकर्स को उम्मीद थी कि फिल्म रिलीज से पहले ही करोड़ की कमाई कर लेगी. वो भविष्यवाणी सच हो गई है, फिल्म ने दुनियाभर में 1500 करोड़ से ज्यादा कमाई कर ली है. इसने भारत में 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ फहद फासिल और रश्मिका मंदाना अहम भूमिकाओं में हैं.

**कल्कि 2898 एडी :** अमिताभ बच्चन, प्रभास और दीपिका पादुकोण जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई की. यह फिल्म 27 जून 2024 को भारत समेत दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म ने पहले दिन अपनी शानदार ओपनिंग के साथ कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए . फिल्म ने भारत में 767 करोड़ और दुनिया भर में 1043 करोड़ की कमाई की है. फिल्म ब्लॉकबस्टर हो गई.

**स्त्री 2 :** सूची में तीसरे स्थान पर हॉरर-कॉमेडी सीक्वल 'स्त्री 2' है, यह ब्लॉकबस्टर फिल्म है जिसने दुनिया भर में 874.58 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया है. भारत में 713 करोड़ रुपये और दुनिया भर के अन्य देशों में रिलीज होने के बाद 144 करोड़ रुपये का कलेक्शन करने वाली इस फिल्म ने कॉमेडी और हॉरर के शानदार मिश्रण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी मुख्य भूमिका में थे.

**देवड़ा पार्ट 1 :** कोराताला शिवा द्वारा निर्देशित फिल्म 'देवराः पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया. इस फिल्म ने भारत में 345 करोड़ और दुनिया भर में 422 करोड़ की कमाई की है. यह फिल्म पांच भाषाओं तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम



और हिंदी में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी. फिल्म में




जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर अहम भूमिका में थे.

**भूल-भुलैया 3:** दिवाली के दिन दर्शकों के सामने आई इस फिल्म ने जोरदार कमाई की है. कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिम्परी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसी दमदार स्टारकास्ट वाली 'भूल-भुलैया 3' को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली. अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी इस हॉरर कॉमेडी फिल्म ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया. फिल्म ने भारत में 311 करोड़ और दुनिया भर में 389 करोड़ की कमाई की.

**गोटगोट :** एक्टर थलपति विजय की फिल्म 'बकरी' 5 सितंबर 2024 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई. फिल्म को जबरदस्त ओपनिंग मिली थी. इस फिल्म ने भारत में 296 करोड़ और दुनिया भर में 457 करोड़ की कमाई की.

**सिंगम अगेन मूवी :** रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स यह बिग बजट फिल्म 1 नवंबर 2024 यानी दिवाली के मौके पर रिलीज हुई थी. इसमें अजय देवगन, करीना कपूर खान, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं. इस फिल्म ने भारत में 297 करोड़ और दुनिया भर में 372 करोड़ की कमाई की.

**फाइटर :** ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर 'फाइटर' गुरुवार 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो गई है. इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है. फिल्म ने भारत में 254 करोड़ और दुनिया भर में 358 करोड़ की कमाई की है.

**अमरन :** 'अमरन' एक साउथ फिल्म है जो मेजर मुकुंद वरदराजन के जीवन पर आधारित है. फिल्म में मेजर मुकुंद (शिवकार्तिकेयन) और उनकी पत्नी इंदु रेबेका वर्गीस (साईं पल्लवी) की प्रेम कहानी दिखाई गई है. कश्मीर में एक आतंकी हमले में मेजर मुकुंद शहीद हो गए. इस फिल्म ने भारत में 253 करोड़ की कमाई की थी. फिल्म ने दुनिया भर के अन्य देशों में 80 करोड़ की कमाई की. इस फिल्म ने कुल 333 करोड़ की कमाई की है.

**हनुमानः** 12 जनवरी 2024 को रिलीज हुई साउथ की मूवी 'हनुमान' इस साल की ब्लॉकबस्टर मूवी बन गई. इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत वर्मा ने किया है. इस फिल्म ने भारत में 238 करोड़ की कमाई की थी. दुनिया भर के अन्य देशों में इस फिल्म ने 57 करोड़ की कमाई की है. इस फिल्म ने कुल 295 करोड़ की कमाई की है. इस फिल्म के सीक्वल का नाम 'जय हनुमान' होगा और इसमें कंतारा फेम एक्टर ऋषभ शेट्टी हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे.

## नाना पाटेकर की फिल्म 'वनवास' की निराशाजनक शुरुआत हुई

एजेंसी । मुंबई

'गदर' और 'अपने' जैसी फिल्मों के डायरेक्टर अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी 'वनवास' सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है. फिल्म में अनिल शर्मा के बेटे उत्कर्ष शर्मा और नाना पाटेकर दोनों मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म 'वनवास' शुक्रवार 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' पहले से ही सिनेमाघरों में धूम मचा रही है. इसी बीच 'वनवास' रिलीज हो गई. इसके साथ ही फिल्म 'मुफासा' भी रिलीज हो गई है. दो बड़ी फिल्मों के साथ रिलीज हुई 'वनवास' को पहले दिन दर्शकों का बहुत अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला. पुष्पा 2 और मुफासा अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. इसलिए आंकड़ों से साफ है कि फिल्म को उन बड़ी फिल्मों की रिलीज का झटका लगा है. फिल्म 'वनवास' की पहले दिन




कमाई सामने आ गई है. सैनिक रिपोर्ट के मुताबिक, 'वनवास' ने पहले दिन 60 लाख रुपये का कलेक्शन किया है. ये शुरुआती आंकड़े हैं. फिल्म को क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. इस फिल्म की कहानी पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है. यह परिवार के साथ देखने लायक फिल्म है. 'वनवास' के निर्माण के लिए निर्माताओं ने लगभग 30 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. फ़िल्म की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं होती लेकिन वीकेंड पर इसकी कमाई बढ़ने की संभावना है.

## आखिरकार मलाइका अरोड़ा ने बताई ब्रेकअप की असली वजह

एजेंसी । मुंबई

ग्लैमर की दुनिया में जितनी चर्चा फिल्मी सितारों की प्रोफेशनल लाइफ की होती है, उससे कहीं ज्यादा चर्चा उनकी पर्सनल लाइफ की होती है. लगभग हर सितारा डेटिंग और ब्रेकअप के कारण चर्चा में रहता है. मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर पिछले कुछ दिनों से अपने ब्रेकअप के कारण खबरों में बने हुए हैं. अरबाज खान से अलग होने के बाद मलाइका अरोड़ा करीब छह साल तक अर्जुन कपूर से डेट कर रही थीं. उम्र के फासले के कारण ट्रोल होने के बावजूद दोनों ने कभी एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ा. लेकिन किसी वजह से इस साल की शुरुआत में उनका ब्रेकअप हो गया. मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर के साथ अपने ब्रेकअप की घोषणा नहीं की लेकिन अर्जुन कपूर ने कहा वो सिंगल हैं. हालांकि,



दोनों के ब्रेकअप की वजह साफ नहीं हो पाई. हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने ब्रेकअप की वजह बताई है. मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने लिखा, प्रयास प्यार की जीवनधारा है. इसके बिना आग बुझ जाती है. एक्ट्रेस के साथ जुड़ा अर्जुन का नाम मलाइका अरोड़ा से ब्रेकअप की खबरों के बीच अर्जुन कपूर का नाम एक्ट्रेस कुशा कपिला के साथ जुड़ा. इतना ही नहीं अर्जुन और मलाइका के ब्रेकअप की वजह भी कुशा को ही बताया गया था.

## देसी अवतार में एक साथ आए नजर आमिर खान-नाना पाटेकर

एजेंसी । मुंबई

नाना पाटेकर की 'वनवास' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई. फिल्म में उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर भी हैं. चर्चा थी कि नाना पाटेकर अपने खास दोस्त अभिनेता आमिर खान के लिए इस फिल्म की स्क्रीनिंग रखेंगे. इसी बीच इन दोनों की एक वीडियो ने सबका ध्यान खींचा है. नाना और आमिर ने हाल ही मुंबई के जुहू में एक पॉडकास्ट के लिए शूटिंग की. इस शूटिंग के दौरान का उनका वीडियो वायरल हो गया है. दोनों के पॉडकास्ट को लेकर फैंस में उत्सुकता देखने को मिल रही है. इस पॉडकास्ट में नाना पाटेकर और आमिर खान वनवास पर चर्चा करते नजर आएंगे. नाना पाटेकर और आमिर खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. पैपराजी की तरफ से इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस



वीडियो में दोनों किनारे बैठकर बातें करते नजर आ रहे हैं. कॉटन ड्रेस पहने नाना पाटेकर और आमिर खान, दोनों की सादगी की लोग तारीफ कर रहे हैं. एक अन्य वीडियो में नाना पाटेकर और आमिर खान एक-दूसरे का हाथ पकड़कर बातचीत करते नजर आ रहे हैं. 'वनवास' में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, सिमरन कौर मुख्य भूमिका में हैं. सहायक कलाकारों में खुशबू सुंदर, सिमरत कौर, राजपाल यादव, अश्विनी कालसेकर, परितोष त्रिपाठी, मनीष वाधवा और राजेश शर्मा शामिल हैं.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-1-3-6

**वृष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में न पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आलस्य का त्याग करें. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. शुभांक-3-4-5

**मिथुन :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में न पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-5-6-6

**कर्क :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. शुभांक-7-8-9

**सिंह :** अपनों का सहयोग मिलेगा. पत्नी व संतान पक्ष से चिंता रहेगी. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. व्यापार में प्रगति होगी. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. शुभांक-7-8-9

**कन्या :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. शुभांक-7-8-9

**तुला :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. कार्य भार बढ़ेगा. शुभांक-5-7-9

**धनु :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. समय का सदुपयोग करें. साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे. शुभांक-4-7-8

**मकर :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए, तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा. शुभांक-6-8-9

**कुंभ :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. शुभांक-4-7-8

**मीन :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. मनोविनोद बढ़ेंगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. आध्यात्मिक रुचि बनेगी. शुभांक-4-6-9

## न्यूज अपडेट

### पुलिस ने गया में नौ एकड़ पर लगी अफीम की फसल की नष्ट

**पटना** । राज्य के गया जिले में नक्सलियों-माफिया संयुक्त रूप से की जा रही अफीम की खेती पर पुलिस लगातार शिकंजा कस रही रही है. पुलिस ने अफीम की खेती के खिलाफ 'ऑपरेशन क्लीन' चलाया है. गया पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन के तहत नौ एकड़ पर लगी अफीम की फसल को नष्ट की है. एसएसपी के निर्देश पर जिले में नक्सलियों के विरुद्ध अफीम बिक्री, भंडारण एवं अवैध मादक पदार्थ के कारोबार-धंधे में संलिप्त तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन चलाया जा रहा है. पुलिस को जानकारी मिली थी कि जिले में छकरबंधा के कचनार और मल्हारी के जंगल में अफीम की खेती हो रही थी.

### प्रखंड कार्यालय में 27 दिसंबर को लगेगा रोजगार कैंप

**फारबिसगंज/अररिया** । फारबिसगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में आगामी 27 दिसंबर को एक दिवसीय रोजगार कैंप आयोजित किया जायेगा. इसमें फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड के फील्ड जॉब पद पर योग्य अभ्यर्थियों का आवेदन लिया जायेगा. जॉब कैंप में फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड भागलुपर के प्रतिनिधि द्वारा योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा जायेगा. जॉब कैंप में आने वाले बेरोजगार युवक-युवतियों के लिये अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटा, निबंधन फार्म, योग्यता संबंधी प्रमाणपत्रों की छायाप्रति लेकर साथ लाना अनिवार्य होगा.

### स्टोन लदे 7 ट्रक को खनन विभाग ने किया जब्त,7 चालक गिरफ्तार

**नवादा**। बिहार-झारखण्ड की सीमावर्ती नवादा जिले की चितरकोली गांव स्थित समेकित जांच चौकी पर खनन निरीक्षक अपूर्वा सिंह ने रविवार को स्टोन चिप्स लदे 7 ट्रकों को जब्त किया है. साथ हीं 7 चालकों को गिरफ्तार किया है. स्टोन चिप्स के परिवहन में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रकें समेकित जांच चौकी से गुजरती है. नवादा,बिहार व पटना के अलावे अन्य जगहों पर जाती है. वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न मामले में फरार चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अभियुक्त पहचान राजदेव यादव उर्फ तारेगन यादव, हिसुआ गांव निवासी जगन राजवंशी के पुत्र सुजीत कुमार उर्फ छोटू राजवंशी,सिमरकोल गांव निवासी राजो राजवंशी के पुत्र राहुल राजवंशी को पीएसआइ रौशन कुमार ने गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है.

### मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर सुरक्षा के किये गये व्यापक प्रबंध

**पूर्वी चंपारण**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित प्रगति यात्रा को लेकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है.उल्लेखनीय है,कि आगामी 23 दिसबंर को मुख्यमंत्री पश्चिम चंपारण पहुंचेगे.जहां कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे. साथ ही पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे.23 दिसबंर को प.चंपारण में रात्रि विश्राम के पश्चात मुख्यमंत्री अगले दिन पूर्वी चंपारण पहुंचेंगे. जहां जिले के केसरिया व सुगौली प्रखंड के गांव का भ्रमण करेंगे. तत्पश्चात मोतिहारी कोर्ट स्टेशन पर बने रेल ओवरब्रिज के उद्घाटन और मजुराहां में धनौती नदी पर बनने वाले पुल का शिलान्यास करने के बाद अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे.

**पर्दाफाश : डीएसपी चांदनी सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी**

# नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता ।वैशाली

वैशाली में साइबर थाना पुलिस ने नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनमें एक महिला भी शामिल है, जो पश्चिम बंगाल की निवासी बताई जा रही है. पुलिस ने इनके पास से नौ मोबाइल, 13 सिम कार्ड, दो पासबुक, दो पैन कार्ड, आठ एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड और एक वोटर आईडी कार्ड बरामद किया है. इधर डीएसपी चांदनी सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से जानकारी मिली कि मोबाइल नंबर 9546123544 और 91199427967 पर नौकरी देने के नाम पर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं. तकनीकी जांच से यह नंबर वैशाली जिले के औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र में सक्रिय पाए गए. पुलिस ने एसपी वैशाली के निर्देशन में डीएसपी चांदनी सुमन के नेतृत्व में एक



जानकारी देतीं डीएसपी चांदनी सुमन.

टीम बनाई. तकनीकी अनुसंधान और टावर लोकेशन के आधार पर छापामारी की गई. किराए के मकान में रह रहे चार पुरुष और एक महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया. पूछताछ में वे ठोस जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया.

लोगों से दस्तावेज मंगवाते थे : गिरोह के सदस्यों ने पूछताछ में बताया कि वे नौकरी के नाम पर वाट्सएप के जरिए लोगों से सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेज मंगवाते थे. इसके बाद रजिस्ट्रेशन चार्ज, प्रोसेसिंग फी और कुरियर चार्ज के नाम पर पैसे वसूलते थे. उन्होंने बताया कि ओएलएक्स पर फर्जी नौकरी के विज्ञापन डालकर लोगों को आकर्षित किया जाता था. महिला के खाते में पैसे मंगवाए जाते थे.

**सबूत और राज्यों में सक्रियता**

पुलिस को अपराधियों के मोबाइल की जांच में कई सबूत मिले हैं, जिनमें वाट्सएप चैट्स, दस्तावेज, पेमेंट के क्यूआर कोड और स्कैनर शामिल हैं. गिरोह बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में सक्रिय था. दरअसल, महिला गिरोह का अहम हिस्सा थी, जिसका खाता पैसे के लेन-देन के लिए इस्तेमाल होता था. वह वाट्सएप पर कॉल कर नौकरी का झांसा देती थी. पुलिस ने साइबर थाना में आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी अपराधियों को जेल भेज दिया है.

**बैट्री फैक्ट्री में भीषण अगलगी**

## इंडस्ट्रियल एरिया में मचा हडकंप, लाखों का नुकसान



संवाददाता।पूर्णिया

पूर्णिया के मरंगा बियाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक बैट्री फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के कई इलाकों से धुआं का गुबार देखा जा सकता था. आग लगने के कारण आसमान काले धुएं से भर गया. जानकारी के मुताबिक, आग फैक्ट्री के गैस चैंबर में वेल्डिंग कार्य के दौरान चिंगारी लगने से फैली. कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गैस चैंबर को अपनी चपेट में ले लिया. आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई. आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए. इधर, घटना के तुरंत बाद फैक्ट्री संचालक ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी. मौके पर पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. बियाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया निवासी रूपेश सिंह ने बताया कि आग लगने से फैक्ट्री को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है. मरंगा बियाडा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित बैट्री फैक्ट्री में हुए नुकसान का अब तक अनुमान नहीं लगाया जा सका है.

**बोगियों की कमी पर यात्रियों का फूटा गुस्सा**

## ट्रेन रोककर किया प्रदर्शन



**पटना**। गया में पटना-गया रेलखंड में यात्रियों को लगातार हो रही परेशानियों ने रविवार को बड़ा रूप ले लिया. गया रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म-6 और 7 के निर्माण कार्य के कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं. इसके चलते यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. नाराज यात्रियों ने नदवां रेलवे स्टेशन पर गया-पटना पैसेंजर ट्रेन (03264) को रोककर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. यात्रियों का आरोप है कि बीते महीने से अधिकांश पैसेंजर ट्रेनों में बोगियों की संख्या घटाकर 6-7 कर दी गई है, जबकि पहले यह संख्या 15 तक होती थी. कम बोगियों के कारण कई यात्री अपनी यात्रा पूरी करने से वंचित रह जाते हैं. प्रदर्शनकारी यात्रियों ने कहा कि यह समस्या लगातार बढ़ रही है और रेलवे प्रशासन से इसे ठीक करने की मांग की गई है. रविवार सुबह जैसे ही गया-पटना पैसेंजर ट्रेन नदवां रेलवे स्टेशन पहुंची, सैकड़ों की संख्या में लोग रेलवे पटरी पर उतर गए और ट्रेन रोक दी. उन्होंने जोरदार नारेबाजी की और ट्रेनों में बोगियों की संख्या बढ़ाने की मांग की. स्थिति संभालने के लिए रेल थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, धनरूआ थाना प्रभारी शुभेंद्र कुमार और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया. स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया, जिसके बाद ट्रेन को आगे बढ़ाया गया.

## बेगूसराय में महिला की निर्मम हत्या

संवाददाता ।बेगूसराय

बेगूसराय में एक महिला की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई. अपराधियों ने शव को बोरे में बंद कर पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया. वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैली गई. वहीं मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया. घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के सीतारामपुर दियारा की है. मृत महिला की पहचान सीतारामपुर गांव के रहने वाले जुगी महतो की पत्नी सीता देवी के रूप में की गई है. मृतका के पति जुगी महतो ने बताया है कि पिछले 15 दिन पहले अचानक घर से लापता हो गई. उन्होंने बताया है कि अपने स्तर से काफी खोजबीन की. लेकिन, कोई अता-पता नहीं चल सका. उन्होंने बताया कि थकहार कर मटिहानी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कारण. इसके बावजूद भी उसका कोई अता-पता नहीं चल सका नहीं. पुलिस सही तरीके से ढूंढ पाए. उन्होंने बताया कि शनिवार की देर शाम महिला का शव सीतारामपुर स्थित दियारा में बोरे में बंद पानी भरे गड्ढे से शव पुलिस ने बरामद किया. उन्होंने बताया है कि जब पता चला कि एक बोरे में बंद पानी भरे गड्ढे में महिला का शव मिला है. परिजनों का कहना है कि इसी सूचना के आधार पर जब हम अस्पताल आए तो इसकी पहचान मेरी पत्नी सीता देवी के रूप में हुई है. गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति से जमीन विवाद को लेकर दुश्मनी चल रही थी. उसने ही इस वारदात को अंजाम दिया.

## किराए के कमरे में मुंह के बल मृत मिला युवक



**नालंदा**। बिहारशरीफ के नगर थाना क्षेत्र के बैगनाबाद मोहल्ले में रविवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके किराए के कमरे में मिला. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. मृतक की पहचान गोखुलपुर थाना क्षेत्र के बाजितपुर निवासी 22 वर्षीय आदित्य राज उर्फ अभिराज के रूप में हुई है. आदित्य पिछले दो वर्षों से बैगनाबाद में किराए पर रहकर पढ़ाई और बिजनेस कर रहा था. मृतक के परिजनों के अनुसार, शनिवार की रात आदित्य ने खाना खाया और सोने चला गया. सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया. काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर जब दरवाजा खोला गया, तो आदित्य बेड पर मुंह के बल मृत पाया गया.

घटना की सूचना पर मृतक के परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले 25 नवंबर को आदित्य की बहन की शादी हुई थी. परिवार अभी शादी के माहौल से बाहर भी नहीं आया था कि यह दर्दनाक हादसा हो गया. परिजन हत्या के कारणों को लेकर अनभिज्ञ हैं.

**बाहरी चोट के निशान नहीं मिले :** बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है.

### झारखंड में मिला मुंगेर के युवक का शव

**मुंगेर**। मुंगेर में एंबुलेंस चालक की हत्या कर दी गई. झारखंड के शिकारीपाड़ा से उसकी लाश बरामद हुई है. मृत की पहचान मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र बिंदवाडा नवटोलिया निवासी सोहन ठाकुर के रूप में हुई. शनिवार की देर रात घर में शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया. घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है. परिजनों का आरोप है कि सोहन के दोस्तों ने उसकी हत्या कर दी. परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई. परिजनों का कहना है कि सोहन ठाकुर उर्फ सोनू भाई लखीसराय जिले के बड़हिया अस्तपताल में सरकारी एंबुलेंस का चालक था. 18 दिसंबर को अपने घर बिंदवाडा नवटोलिया आया था. परिजनों ने बताया कि 19 दिसंबर गुरुवार की दोपहर चेतन मिश्रा और सोनू मंडल दोपहर में घर आए थे. दोनों ने कहा कि तारापीठ मंदिर पूजा करने के लिए चलना है. लेकिन सोहन ठाकुर ने मना कर दिया. दोनों साथियों द्वारा बार-बार कहने पर सोहन तारापीठ जाने के लिए राजी हो गया.



### पेट्रोल-डीजल की लेटेस्ट कीमतें

**नयी दिल्ली**। राष्ट्रीय तेल कंपनियों द्वारा हर रोज पेट्रोल-डीजल की कीमतें अपडेट की जाती हैं. रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है. वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है. कच्चे तेल की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में ब्रेंट क्रूड 72.94 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 69.46 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है. वहीं, भारत की बात करें तो सरकारी तेल कंपनियों ने रविवार को भी सभी महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर ही रखी हैं. मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में भी पेट्रोल की कीमतों में स्थित देखा गया है. नई दिल्ली में रविवार को पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये प्रति लीटर है. मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.50 रुपये प्रति लीटर है. कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 105.01 रुपये प्रति लीटर है. चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 101.23 रुपये प्रति लीटर है.

### ऋण चूक (डिफॉल्ट) से बाहर निकलने की प्रक्रिया पूरी

**नयी दिल्ली**। श्रीलंका सरकार ने दावा किया कि उसने ऋृण चूक (डिफॉल्ट) से बाहर निकलने की प्रक्रिया पूरी कर ली है. यह एलान तब किया गया है, जब 'फिच रेटिंग्स' ने श्रीलंका की क्रेडिट रेटिंग को 'सीसीसी' से बढ़ाकर 'सीसीसी प्लस' कर दिया. इसका मतलब है कि द्वीप राष्ट्र ने कर्ज चुकाने की अपनी स्थिति में सुधार कर ली है और अब उसके ऋृण चूक होने का खतरा नहीं है. द्वीप राष्ट्र के वित्त मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी महिंदा सिरिवर्धना ने कहा कि श्रीलंका ने आधिकारिक रूप से ऋृण चूक से बाहर निकलने का एलान किया है, जो उनकी आर्थिक सुधार की प्रक्रिया में एक बड़ा कदम है. श्रीलंका ने 2022 में पहली बार आधिकारिक तौर पर ऋृण चुकाने में असमर्थता जताई थी. इसके बाद देश में आर्थिक संकट पैदा हुआ. भोजन, ईंधन और गैस की किल्लत हो गई थी. लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने लगे थे.

### एलआईसी के पास 881 करोड़ रुपए की अनक्लेम्ड मनी

**नयी दिल्ली**। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के पास वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 880.93 करोड़ रुपए की अनक्लेम्ड मैच्योरिटी की रकम थी. सरकारी जानकारी के मुताबिक कुल 372,282 पॉलिसीधारकों ने अपने मैच्योरिटी बेनिफिट को क्लेम नहीं किया है. यानी पॉलिसी मैच्योर होने के 3 साल बाद भी किसी ने उस पर दावा नहीं किया है. ऐसे में अगर आपको लगता है कि आपके परिवार के किसी व्यक्ति ने एलआईसी की पॉलिसी ली थी, जो मैच्योर हो गई है लेकिन उसका पैसा नहीं मिला है. ऐसे में आप उस पॉलिसी की रकम के लिए क्लेम कर सकते हैं. नियमों के मुताबिक जिन पॉलिसी की मैच्योरिटी की रकम पर किसी ने क्लेम नहीं किया है उसे अनक्लेम्ड खाते में डाल दिया जाता है. रकम 10 साल तक अनक्लेम्ड रहती है तो उसे वरिष्ठ नागरिक कल्याण फंड में डाल दिया जाता है. यह पैसा बुजुर्गों की देखभाल में खर्च किया जाता है.

**सरकारी नौकरी : प्रधानमंत्री मोदी देंगे युवाओं को बड़ी सौगात**

# रोजगार मेले में 71,000 को नियुक्ति पत्र

एजेंसी।नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को एक और बड़े रोजगार अभियान 'रोजगार मेला' के तहत करीब 71,000 युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, इस मौके पर पीएम मोदी युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित भी करेंगे. इस रोजगार मेले का उद्देश्य भारत में रोजगार सृजन को प्राथमिकता देना है, जो प्रधानमंत्री की सरकार में युवाओं को सरकारी नौकरियों में शामिल करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है.

**रोजगार मेले की विशेषताएं :** रोजगार मेले में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सौंपे गए नियुक्ति पत्रों से लगभग 71,000 युवा विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी नई भूमिका में शामिल होंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह भी बताया कि यह मेला रोजगार सृजन के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भरता के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा. पीएम मोदी ने यह भी कहा कि इससे युवाओं को अपनी क्षमता और कौशल का उपयोग कर राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बनने का अवसर मिलेगा.



रोजगार मेले में युवाओं को उन विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जाएगा, जो भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं. इसमें गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और डाक विभाग जैसे प्रमुख मंत्रालय शामिल हैं. इन नियुक्तियों से सरकार के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरा जाएगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों में प्रभावी सुधार हो सकेगा.

**रोजगार मेले का इतिहास :** यह रोजगार मेला प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देशभर में बेरोजगारी को समाप्त करने और युवाओं को सरकारी नौकरियों के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था. इस योजना की शुरुआत 22 अक्टूबर 2022 को हुई थी. तब से इस पहल के तहत लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी मिल चुकी है. पिछले कुछ महीनों में, प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले में युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे हैं. अक्टूबर 2023 में भी, पीएम मोदी ने लगभग 51,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे थे. इन नियुक्तियों में विभिन्न सरकारी मंत्रालयों और विभागों से जुड़े पदों पर भर्ती की गई थी. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से कहा था कि वे अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं और देश की प्रगति में अपना योगदान दें.

**देशभर में रोजगार मेला :** रोजगार मेला सिर्फ एक स्थान पर नहीं, बल्कि अब देशभर में आयोजित किया जाएगा. इस बार रोजगार मेला कुल 45 स्थानों पर आयोजित होगा. चयनित अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जाएगा. इन विभागों में गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, डाक विभाग, और वित्तीय सेवाएं जैसे मंत्रालय शामिल हैं. प्रधानमंत्री मोदी का यह कदम युवाओं को स्थिर और सम्मानजनक सरकारी रोजगार प्रदान करने के लिए उठाया गया है, जिससे वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें और देश की सेवा कर सकें.

**रोजगार मेला और युवा सशक्तिकरण :** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पिछले संबोधन में कहा था, यह उत्सवी माहौल है, और आज इस पावन दिन पर रोजगार मेले में 51,000 युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं. मैं सभी युवाओं को इस उपलब्धि के लिए ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देता हूं.₹ उन्होंने यह भी कहा कि यह नौकरियां देश के युवाओं को न केवल रोजगार प्रदान करती हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर देती हैं.

## आईपीओ से 327 कंपनियों ने जुटाए रिकॉर्ड 1.69 लाख करोड़

**विभोर स्टील को मिला सबसे अधिक सब्सक्रिप्शन**

**नयी दिल्ली**। इस साल भारतीय शेयर बाजार ने जहां रिकॉर्ड उच्च स्तर बनाया, वहीं दूसरी ओर प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ से 327 कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.69 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं. वोडाफोन के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर के 18,000 करोड़ को जोड़ लें तो यह रकम 1.87 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी. इसमें 90 आईपीओ से 1,59,66 करोड़ रुपये मुख्य प्लेटफॉर्म से जुटाए गए हैं. 237 कंपनियों ने एसएमई प्लेटफॉर्म के जरिये 9,192 करोड़ रुपये जुटाए हैं. एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर के अंत तक जो इश्यू आने वाले हैं, उनको मिलाकर कुल 26,024 करोड़ रुपये की रकम जुटाई जाएगी. नवंबर में 30,301 करोड़ और अक्तूबर में 38,701 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं. इससे पहले 2023 में 58 कंपनियों ने 49,437 करोड़, 2022 में 40 कंपनियों ने 59,939 करोड़ और 2021 में 63 कंपनियों ने 1,19,882 करोड़ रुपये जुटाए थे.इस साल आईपीओ में विभोर स्टील को सबसे अधिक 324 गुना सब्सक्रिप्शन मिला



है. मानबा फाइनेंस को 224 गुना, केआरएन हीट को 213 गुना, गाला प्रीसीजन को 201 गुना और यूनिकॉर्न ई-सोल्यूशन को 168 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है.

**इस साल के सबसे बड़े इश्यू :** ह्युंडई 27,870 करोड़, स्विगी 11,327 करोड़, एनटीपीसी 10,000 करोड़, विशाल मेगामार्ट 8,000 करोड़

**अगले साल भी रहेगी तेजी :** विश्लेषकों का मानना है कि आईपीओ का बाजार अगले साल भी गुलजार रहेगा. 2025 में कई बड़ी कंपनियां बाजार में उतरने वाली हैं. इसमें जियो से लेकर स्नैपडील, एनएसडीएल, एचडीबी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, फ्लिपकार्ट, इंदिरा आईवीएफ, हीरो फिनकॉर्प तक शामिल हैं. कुल 89 कंपनियां बाजार में उतर सकती हैं.

**नुकसान** टीसीएस सबसे बड़ी लूजर, रु 1.10 लाख करोड़ का नुकसान

# टॉप-10 कंपनियों की मार्केट वैल्यू रु 4.95 लाख करोड़ घटी

एजेंसी।नयी दिल्ली

पिछले हफ्ते के कारोबार में भारत की टॉप-10 कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 4.95 लाख करोड़ घटकर 295.77 लाख करोड़ पर पहुंच गया. इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) को हुआ, जिसका मार्केट कैप 1.10 लाख करोड़ घटकर 15.08 लाख करोड़ हो गया. मार्केट कैप के मामले में टीसीएस के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का नंबर आता है, जिसका मार्केट कैप 91 हजार करोड़ घटकर 16.32 लाख करोड़ रह गया. इसके बाद एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 76 हजार करोड़ घटकर 13.54 लाख करोड़ पर आ गया. अन्य




**टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान**

पिछले हफ्ते की गिरावट में टीसीएस सबसे बड़ी लूजर रही. इसकी मार्केट वैल्यू में 1.10 लाख करोड़ की भारी गिरावट आई, जो इसे भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा प्रदाता कंपनी के रूप में असर डालने वाला है. इससे निवेशकों को चिंता का कारण बना, क्योंकि कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन में भी हालिया समय में कुछ सुस्ती देखी गई है.

कंपनियों में भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, एलआईसी, एचयूएल और आईटीसी की भी मार्केट वैल्यू में गिरावट आई है. मार्केट कैप किसी कंपनी की कुल वित्तीय स्थिति को दर्शाता है, जो उसके शेयरों की कुल संख्या और उनके मौजूदा बाजार मूल्य के आधार पर निर्धारित होता है. यह कंपनी की कुल वैल्यू को दर्शाता है और यह निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक होता है कि कंपनी कितनी बड़ी और महत्वपूर्ण है. ज्यादा मार्केट कैप वाली कंपनियों को आम तौर पर सुरक्षित और स्थिर माना जाता है, जबकि कम मार्केट कैप वाली कंपनियां अधिक जोखिम और उतार-चढ़ाव वाली होती हैं.

मार्केट कैप कैसे घटता और बढ़ता है ?

मार्केट कैप का सीधा संबंध कंपनी के शेयर की कीमत से है. जब शेयर की कीमत बढ़ती है, तो कंपनी का मार्केट कैप भी बढ़ता है. वहीं, जब शेयर की कीमत गिरती है, तो मार्केट कैप भी घट जाता है. इसलिए अगर किसी कंपनी के शेयरों की डिमांड घटती है, तो उसकी कीमत भी घटेगी, जिसके परिणामस्वरूप मार्केट कैप में कमी आएगी. इसी तरह, अच्छे प्रदर्शन या सकारात्मक खबरों के कारण शेयरों की कीमत बढ़ने से मार्केट कैप भी बढ़ सकता है.

### जेफ बेजोस 55 साल की गर्लफ्रेंड से शादी करेंगे

**नयी दिल्ली**। ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन के फाउंडर और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी जेफ बेजोस (60) अपनी गर्लफ्रेंड लॉरेन सांचेज (55) शादी कर रहे हैं. ये शादी कोलोराडो के एस्पेन में 28 दिसंबर को होगी. इस पर करीब 600 मिलियन डॉलर (करीब 5000 करोड़ रुपए) खर्च होंगे. डेलीमेल.कॉम ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि इस शादी के लिए केविन कॉस्टनर के 160 एकड़ के रेंच (वीआईपी सेलिटी वाला फॉर्म) को वैन्यू के तौर पर चुना गया है. वहीं शादी से पहले का सेलिब्रेशन पॉश सुशी रेस्तरां मात्सुहिसा में होगा.



आठ टीमों के बीच खेली जाएगी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

# श्रीलंका और वेस्टइंडीज नहीं कर सके क्वालीफाई




एजेंसी। नयी दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जाएगी. हालांकि टीम इंडिया के मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे. टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी. पिछले यानी 2023 वनडे वर्ल्ड कप के प्वाइंट्स टेबल से टूर्नामेंट के लिए 8 टीमें तय हुई हैं. इस बार की चैंपियंस ट्रॉफी के लिए श्रीलंका और वेस्टइंडीज जैसी टीमें क्वालीफाई नहीं कर सकीं. 2023 वनडे वर्ल्ड कप में 10 टीमों ने हिस्सा लिया था.प्वाइंट्स टेबल में टॉप-8 पर रहने वाली टीमें ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया, जिसमें मेजबान पाकिस्तान भी शामिल है. चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमें- अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान.

**पाकिस्तान है डिफेंडिंग चैंपियन :** गौरतलब है कि चैंपियंस ट्रॉफी का पिछला एडीशन 2017 में खेला गया था, जिसमें पाकिस्तान ने जीत दर्ज की थी. इस लिहाज से पाकिस्तान टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है. गौर करने वाली बात यह है कि पाकिस्तान ने भारत को हराकर 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था. मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 338/4 रन बोर्ड पर लगाए थे. फिर जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया 30.3 ओवर में सिर्फ 158 रनों पर ऑलआउट हो गई थी. पाकिस्तान ने 180 रनों से जीत दर्ज की थी. रिपोर्ट की मानें तो 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा. टीम इंडिया 20 फरवरी को बांग्लादेश से, 23 फरवरी को पाकिस्तान से और 2 मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी. वहीं पाकिस्तान की टीम 19 फरवरी को न्यूजीलैंड से, 23 फरवरी को भारत से और 27 फरवरी को बांग्लादेश से भिड़ेगी.

### श्रीलंका और वेस्टइंडीज ने क्यों नहीं कर सके क्वालीफाई?

**श्रीलंका :** श्रीलंका ने 2023 का वनडे वर्ल्ड कप खेला था. टीम प्वाइंट्स टेबल में नौवें पायदान पर रही थी, जिसके चलते टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी.

**वेस्टइंडीज :** वेस्टइंडीज टीम 2023 में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के लिए ही क्वालीफाई नहीं कर सकी थी. ऐसे में टीम का चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्लीफाई करने का तो कोई सवाल ही नहीं बनता.

### टीम इंडिया ने किस्तान जाने से किया इनकार

बता दें कि टीम इंडिया की तरफ से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया गया था. इसके बाद आईसीसी की तरफ से हल निकाला गया कि टीम इंडिया टूर्नामेंट के मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी.

### दुबई में खेलेगी टीम इंडिया अपने मैच

2025 चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल में खेली जाएगी. इसका मतलब है कि टीम इंडिया अपने मैच दुबई में खेलेगी, जो मीटिंग में तय हुआ. वहीं बाकी मैच पाकिस्तान में खेले जाएंगे. अगर भारतीय टीम नॉकआउट स्टेज में पहुंचती है तो फिर भारत का सेमीफाइनल मैच दुबई में खेला जाएगा. अगर टीम इंडिया सेमीफाइनल के बाद फाइनल में प्रवेश करती है तो फिर खिताबी मैच भी दुबई में ही खेला जाएगा. हालांकि, टीम इंडिया अपने मैच कहां खेलेगी, अभी तक इसका आधिकारिक एलान नहीं हुआ है. वेन्यू और शेड्यूल को लेकर अभी सिर्फ रिपोर्ट्स और सूत्रों के हवाले से ही जानकारी सामने आई है.

वीमेंस अंडर-19 एशिया कप

# भारत ने खिताब पर जमाया कब्जा

## बांग्लादेश को 41 रन से हराया



एजेंसी। कुआलालम्पुर (मलेशिया)

मलेशिया के कुआलालम्पुर में विमेंस अंडर-19 एशिया कप का फाइनल खेला गया. इस मैच में भारत और बांग्लादेश के बीच भिड़ंत हुई. भारत की महिला टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 117 रन बनाए थे, जिसके जवाब में बांग्लादेश 76 रन पर ही ढेर हो गई. इसके साथ ही टीम इंडिया ने इस खिताब को जीत लिया है.हाल ही में मेंस अंडर-19 एशिया कप खेला गया था, जिसके फाइनल में बांग्लादेश की टीम ने टीम इंडिया को हरा दिया था.अब भारत की महिला टीम ने बांग्लादेश को हराकर सबक सिखाया है. दरअसल, रविवार 22 दिसंबर को विमेंस अंडर-19 एशिया कप के फाइनल मुकाबला खेला गया. मलेशिया के कुआला लमपुर में हुए इस मैच में दोनों टीमों की भिड़ंत हुई, लेकिन इस बार टीम इंडिया ने 41 रनों से बाजी मार ली. भारत की महिला टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 117 रन बनाए थे, जिसके जवाब में बांग्लादेश 76 रन पर ही ढेर हो गई. बता दें पहली बार इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था.

**गेंदबाजों ने किया कमाल :** फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बैटिंग करने के लिए बुलाया. लेकिन भारतीय टीम के बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं कर सकीं. हालांकि, जी त्रिशा की 47 गेंद में 52 रन की पारी की बदौलत 117 रन बनाने में कामयाब रही. अब इसे बचाने की जिम्मेदारी भारतीय गेंदबाजों पर थी, जिसे उन्होंने अच्छी तरीके से निभाया. छोटे स्कोर को बचाते हुए वीजो जोशिता ने दूसरे ही ओवर में पहली सफलता दिला दी.पांचवें ओवर में 24 के स्कोर पर परुनिका सिसोदिया ने दूसरा झटका दिया. इससे टीम का मनोबल ऊंचा हो गया. फिर बांग्लादेशी ने 20 रन की साझेदारी करके उबरने की कोशिश की, तभी सोनम यादव ने एक विकेट चटकाकर मुकाबले में भारत की पकड़ मजबूत कर दी. इसके बाद बांग्लादेश की टीम संभल नहीं पाई और अगले 32 रन बनाने में बचे 7 विकेट भी गंवा दिए. इस तरह टीम इंडिया ने 9 गेंद रहते ही मुकाबले को 41 रन से जीत लिया.

### बांग्लादेश से हिसाब हुआ चुकता

बांग्लादेश के सामने भारत ने जब 118 रन का लक्ष्य रखा तो फैंस को एक और ट्रॉफी की उम्मीद जागी थी. हाल ही में पुरुष टीम ने फाइनल में भारत को हराकर अंडर 19 एशिया कप का खिताब जीता था. भारतीय महिलाओं ने यहां बाजी पलट दी और पुरुष टीम को मिला हार का बदला चुकता किया. आयुषी शुक्ला ने तीन विकेट, पारुनिका सिसोदिया और सोनम यादव के 2-2 विकेट ले कर मैच भारत की झोली में कर दिया. 18.3 ओवर में महज 76 के स्कोर पर पूरी बांग्लादेश की टीम ढेर हो गई और भारत ने 41 रन से मैच जीत ट्रॉफी पर कब्जा जमाया.

### भारत की जी तृषा ने बनाए सबसे ज्यादा रन

विमेंस अंडर 19 एशिया कप 2024 टी-20 फॉर्मेट में खेला गया था. इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन भारत की गोंगाडी तृषा (जी तृषा) ने बनाए हैं. फाइनल से पहले तक श्रीलंकाई खिलाड़ी मनुदी नानायकारा सबसे ज्यादा रन बनाने वाली प्लेयर थीं. हालांकि फाइनल मैच में हाफ सेंचुरी जड़कर तृषा पहले विमेंस अंडर-19 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली प्लेयर बन गईं. उनके बल्ले से 5 मैचों में कुल 159 रन निकले हैं. उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल में 47 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाए.

### आयुषी शुक्ला ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

बॉलिंग के मामले में भी भारतीय टीम का दबदबा रहा है. फाइनल से पहले तक भारत की आयुषी शुक्ला और बांग्लादेश की निशिता अख्तर 7-7 विकेट के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थीं. हालांकि फाइनल में 17 साल की आयुषी ने तीन विकेट लिए. 10 विकेट के साथ वे टूर्नामेंट में सबस ज्यादा विकेट लेने के मामले में टॉप पर रहीं. जबकि फाइनल में बांग्लादेश की निशिता अख्तर ने दो विकेट झटके. उन्होंने एशिया कप में टोटल 9 विकेट हासिल किए.

# चैंपियंस ट्रॉफी के शेड्यूल से पहले ही इंग्लैंड टीम घोषित

एजेंसियां। लंदन

अगले साल की शुरुआत में होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. इसके साथ ही भारत दौरे के लिए भी वनडे और टी20 टीम का ऐलान कर दिया है. भारत के खिलाफ सीरीज और चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए इंग्लैंड टीम की कप्तानी जोस बटलर संभालेंगे. तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भी दोनों स्क्वॉड में जगह मिली है. उनके अलावा वनडे टीम में हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, फिल साल्ट और मार्क वुड जैसे स्टार प्लेयर भी शामिल हैं.

**भारत दौरे पर सबसे पहले होगी टी20 सीरीज :** बता दें कि चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च में खेली जाएगी. इसकी मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत होगा. भारतीय टीम अपने सभी मैच दूसरे देश में खेलेगी. चैम्पियंस ट्रॉफी का शेड्यूल अब तक आया नहीं है. मगर उससे पहले ही इंग्लैंड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. भारत दौरे पर इंग्लैंड टीम सबसे पहले 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी. पहला मुकाबला 22 जनवरी को कोलकाता में खेला जाएगा. टी20 के बाद भारत-इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज होगी. चैम्पियंस ट्रॉफी भी वनडे फॉर्मेट में होगी. ऐसे में यह सीरीज दोनों टीमों के लिए एक प्रैक्टिस के तौर पर होने वाली है. सीरीज का पहला वनडे 6 फरवरी को नागपुर में होगा.

### भारत दौरे के लिए भी अंग्रेज टीम का ऐलान



### बेन स्टोक्स चोट के कारण दोनों स्क्वॉड से बाहर

इन सबके बीच बड़ी खबर यह है कि बेन स्टोक्स दोनों ही फॉर्मेट की स्क्वॉड में नहीं हैं. स्टोक्स को हाल ही में न्यूजीलैंड दौरे पर हैमस्ट्रिंग हुई थी. इस चोट की वजह से उन्हें भारत दौरे के लिए नहीं चुना गया. स्टोक्स वर्ल्ड कप 2023 के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेले हैं. हालांकि उन्होंने पिछले साल इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था. लेकिन वर्ल्ड कप के लिए संन्यास खत्म किया था. मगर वे वर्ल्ड कप में बुरी तरह से नाकाम रहे थे.

**चैम्पियंस ट्रॉफी और भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लिश टीमः** जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड.

**भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लिश टीमः** जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड.

### इंग्लैंड का भारत दौरा

- **पहला टी20 :** 22 जनवरी- कोलकाता
- **दूसरा टी20 :** 25 जनवरी- चेन्नई
- **तीसरा टी20 :** 28 जनवरी- राजकोट
- **चौथा टी20 :** 31 जनवरी- पुणे
- **पांचवा टी20 :** 2 फरवरी- मुंबई

संन्यास के बाद आर अश्विन को पीएम मोदी का भावुक पत्र

# 'बहुत याद आएगी 99 नंबर जर्सी'

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने क्रिकेट तीनों प्रारूप को अलविदा कह दिया है.उनके इस फैसले ने फैंस के साथ-साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम में उनके साथी भी हैरान हो गए.बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए अश्विन ने ब्रिस्बेन के गाबा में खेले गए टेस्ट मैच खत्म होते ही इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी थी.अश्विन के क्रिकेट से संन्यास लेने पर पीएम का रिएक्शन सामने है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र लिखकर कहा,₹अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से आपके संन्यास की घोषणा ने भारत और दुनिया भर के प्रशंसकों को चौंका दिया। ऐसे समय में जब हर कोई और अधिक ऑफ-ब्रेक की उम्मीद कर रहा था, आपने एक कैरम बॉल फेंकी जिसने सभी को चकमा दे दिया। हालांकि,हर कोई समझता है कि यह आपके लिए भी एक कठिन निर्णय रहा होगा.अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के साथ ही, जर्सी नंबर 99 की बहुत याद आएगी ₹पीएम मोदी ने लिखा, क्रिकेट प्रेमियों को उस उम्मीद की कमी खलेगी,जो उन्हें तब महसूस होती थी जब आप गेंदबाजी करने के लिए क्रीज पर उतरते थे.तब हमेशा ऐसा लगता था कि आप विरोधियों के इर्द-गिर्द एक जाल बुन रहे हैं, जो किसी भी पल शिकार को फंसा सकता है.

### पीएम ने किया अश्विन की मां का जिक्र

पीएम मोदी ने अपने पत्र में अश्विन की मां का जिक्र करते हुए कहा, विपरीत परिस्थितियों में भी आपकी ईमानदारी और प्रतिबद्धता सामने आई. हम सभी को याद है कि कैसे आप अपनी मां के अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद टीम में योगदान देने के लिए वापस आए और वह समय जब आप चेन्नई में बाढ़ के दौरान अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते रहे. पीएम मोदी ने 2011 के वनडे विश्व कप और 2013 में हुए चैंपियंस ट्रॉफी का भी जिक्र किया.

बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले मुसीबत में भारत

# राहुल के बाद नेट प्रैक्टिस में चोटिल हुए कप्तान

एजेंसी। नई दिल्ली



पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट के लिए दोनों टीम तैयारी में जुटी हुई हैं. इसी बीच भारत की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही हैं. शनिवार को जहां ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के नाक में दम करने वाले केएल राहुल को नेट प्रैक्टिस के दौरान हाथ में चोट लगा बैठे थे तो वहीं अब टीम के कप्तान रोहित शर्मा को चोट लग गई है. रोहित शर्मा को रविवार को नेट प्रैक्टिस दौरान घुटने में चोट लग गई. रोहित थ्रो डाउन विशेषज्ञ के साथ प्रैक्टिस कर रहे थे, इसी बीच गेंद उनके घुटने पर जा लगी. 26 दिसंबर से खेले जाने वाले बॉक्सिंग डे से पहले रोहित शर्मा का चोटिल होना भारतीय खेमे के लिए अच्छी खबर नहीं है.

**दर्द में नजर आए रोहित शर्मा :** सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा की फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रही हैं. चोट लगने के बाद उन्हें घुटने पर आईस पैक लगाते देखा गया. हालांकि अभी तक ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है, लेकिन प्रैक्टिस के दौरान वह दर्द में जरूर दिखे. वहीं, शनिवार को चोटिल हुए केएल राहुल की चोट को लेकर भी अभी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ रही है. टीम प्रबंधन ने भी इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है.

**चोट लगने के बाद छोड़ा मैदान**

दरअसल, जब कप्तान रोहित शर्मा को नेट्स में बल्लेबाजी करते समय अचानक बाएं घुटने पर चोट लगी तो वह तुरंत असहज महसूस करने लगे. हालांकि उन्होंने थोड़ी देर तक बल्लेबाजी जारी रखने की कोशिश की, लेकिन आखिरकार उन्होंने बाहर जाने का फैसला किया. इसके बाद उन्हें घुटने पर आइस पैक लगाते देखा गया.

**रोहित शर्मा के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट बेहद अहम**

रोहित शर्मा की बात करें तो मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होने वाला चौथा टेस्ट उनके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हो गया है. उन्होंने इस सीरीज में उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया है. रोहित पूरी तरह से आउट ऑफ फॉर्म नजर आ रहे हैं. उन्होंने मौजूदा सीरीज में जसप्रीत बुमराह और आकाशदीप जैसे खिलाड़ियों से भी कम रन बनाए हैं. विराट कोहली के साथ रोहित भी निश्चित रूप से सवालों के घेरे में होंगे.

प्रांत स्तरीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन

# खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं: पूर्णिमा महतो

संवाददाता। जमशेदपुर



आज जमशेदपुर स्थित जे आर डी टाटा स्टेडियम में वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन भारतीय तीरंदाज और राष्ट्रीय कोच पद्मश्री पूर्णिमा महतो, टाटा स्टील स्पोर्ट्स के प्रमुख मुकुल चौधरी, समाजसेवी मुरलीधर केडिया, वनवासी कल्याण केंद्र के महामंत्री रिझु कच्छप द्वारा किया गया.यहां दो दिवसीय तीरंदाजी और फुटबॉल प्रतियोगिताओं में झारखंड के विभिन्न जिलों की टीमें और खिलाड़ी भाग लेंगे.प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता तीरंदाज और फुटबॉल टीम छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 28 से 31 दिसंबर तक आयोजित 24वें राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेंगे.राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों सहित उत्तर-पूर्वी राज्यों के अंदरूनी क्षेत्रों से लेकर अंडमान निकोबार द्वीप के खिलाड़ी भी हिस्सा लेने आ रहे हैं.खास बात यह है कि नेपाल के भी जनजाति खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे.इस अवसर पर मुख्य वक्ता वनवासी कल्याण केंद्र के सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रफुल्ल अकांत ने कहा कि यहां जो खिलाड़ी खेलने आए हैं ये कोई अकादमी या खेल संस्थान से चुनकर नहीं आए हैं सभी जनजाति खिलाड़ियों का चयन वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा आयोजित ग्रामीण और जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से हुआ है.

दावा — ऑस्ट्रेलियाई बैटर्स को आ रहे जसप्रीत बुमराह के डरावने सपने

# बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में अब तक ले चुके 21 विकेट

- भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही सीरीज
- पांच टेस्ट मैचों की सीरीज अभी 1-1 से लेवल




एजेंसी। मेलबर्न

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज अभी 1-1 पर है और चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होने जा रही है.यह मैदान विराट कोहली का पसंदीदा है,लेकिन विरोधी खेमे में जसप्रीत बुमराह की चर्चा ज्यादा है. मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजों को बहुत परेशान किया है.बुमराह ने सीरीज में अब तक सबसे ज्यादा 21 विकेट झटके हैं.सीरीज में विकेट के मामले में दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क हैं,जिन्होंने 22.57 के औसत के 14 विकेट लिए हैं.बुमराह का औसत उनसे कहीं बेहतर 10.90 है.

### ऑस्ट्रेलिया का कोई बल्लेबाज बुमराह के खिलाफ नहीं बना रहा रन

उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी की सलामी जोड़ी को बुमराह ने सबसे ज्यादा परेशान किया है.उस्मान ख्वाजा ने बुमराह की 71 गेंदों का सामना करते हुए सिर्फ 17 रन बनाए हैं. वहीं, दूसरे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने बुमराह की 66 गेंदे खेली हैं और 15 रन बनाने में सफल रहे हैं.इन दोनों सलामी बल्लेबाजों को बुमराह ने चार बार पवेलियन का रास्ता दिखाया है.

वहीं,ऑस्ट्रेलिया के सबसे मंजे हुए बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने 54 बार बुमराह का सामना किया है और उनसे 20 रन बनाए हैं.बुमराह सीरीज में अब तक तीन बार स्टीव स्मिथ को आउट करने में सफल रहे हैं.बुमराह की गेंदों पर रन बनाने के मामले में मार्नस लाबुशेन सबसे ज्यादा संघर्ष करते नजर आए.उन्होंने 72 गेंदों का सामना किया,लेकिन सिर्फ छह रन ही बना पाए और दो बार आउट हुए.मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम में ट्रेविस हेड एकमात्र बल्लेबाज हैं,जिन्होंने बुमराह के खिलाफ सबसे ज्यादा रन (80) बनाए हैं.वैसे भी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी ट्रेविस ही हैं. बुमराह ने दो बार ट्रेविस को आउट किया.मार्नस को भी बुमराह ने दो बार पवेलियन की राह दिखाई है.एलेक्स कैरी और मिचेल मार्श बुमराह के खिलाफ 30 और 47 गेंदों का सामना किया है.

पूर्व भारतीय कप्तान रवि शास्त्री टीम इंडिया को चेताते हुए कहा

# 'हेड को रोकना बहुत मुश्किल है'

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि ट्रेविस हेड को 'रोकना बहुत मुश्किल' है क्योंकि वह वर्तमान में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं. उन्होंने कहा कि शॉर्ट बॉल पर बाएं हाथ के बल्लेबाज की सफलता एक असाधारण कारक रही है.बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ की अपनी पहली पारी में सिर्फ़ 11 रन पर आउट होने के बावजूद, हेड ने अपनी अगली तीन पारियों में 89, 140 और 152 रन बनाए हैं. हेड ने इससे पहले 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल और वनडे विश्व कप फ़ाइनल में भारत के ख़िलाफ़ शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया को खिताब दिलाया था.

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा,मुझे लगता है कि वह बहुत स्मार्ट है. तीन साल पहले मैंने उसे जो देखा था,उससे लगता है कि उसमें काफ़ी सुधार हुआ है. ख़ास तौर पर जिस तरह से वह शॉर्ट बॉल खेलता है. वह इसे छोड़ने के लिए तैयार रहता है. उसने कई बार इसे अच्छी तरह से छोड़ना सीख लिया है.यह हमेशा शॉर्ट डिलीवरी पर बड़ा शॉट नहीं होता है जो उसकी बगल या किसी और चीज पर कोण बनाता है. वह या तो इसे राइड करने या बड़े शॉट लगाने के लिए तैयार रहता है. और अगर यह मिडिल,मिडिल और ऑफ है,तो वह इसे स्क्वायर के सामने भी मारता है. उन्होंने कहा,वह लेंथ को बहुत अच्छी तरह से पहचानता है.यह उसकी सबसे बड़ी ताकत है.और उसके पास ऑफसाइड के लिए एक शानदार ब्लेड है. इसलिए उसे रोकना मुश्किल है. और वह अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है.हालांकि हेड को भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने आउट किया है, लेकिन उन्होंने उनका सामना करते हुए 91 गेंदों पर 83 रन भी बनाए हैं. शास्त्री ने अपनी एक पारी की शुरुआत में बुमराह के खिलाफ हेड के एक खास शॉट को याद किया,जिसने उन्हें बताया कि बाएं हाथ का बल्लेबाज शानदार फॉर्म में है.

## बाल मेला सह खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

**सतगावां (कोडरमा)** । राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के द्वारा आरएमआई के सहयोग से सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना के तहत बाल मेला सह खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन सतगावां प्रखंड के भुल्ला डीह फील्ड में किया गया.बाल मेला में ग्राम कोठीयार,अम्बाबाद एवं बासोडीह पंचायत के कुछ गांव के लगभग डेढ़ सौ बच्चे भाग लिए,मेला में रस्सी कूद, कबड्डी गोला फेंक,100 मीटर एवं 50 मीटर का दौड़ लंबी कूद इत्यादि खेल का आयोजन किया गया. आयोजित मेला में बच्चों के लिए कई तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मेला के मुख्य अतिथि के रूप में अंबाबाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नारायण राय व कोठियार पंचायत के पूर्व मुखिया दुर्गा राय के कर कमलों से सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया.

### सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का किया स्वागत, कहा

# महिलाओं व बच्चों का विकास हमारी प्राथमिकता है

**संवाददाता । हजारीबाग**



हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का परिसदन सभागार में भव्य स्वागत किया. श्री प्रसाद ने मंत्री को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर क्षेत्रवासियों की ओर से उनका अभिनंदन किया. इस दौरान दोनों के बीच क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई. विधायक श्री प्रसाद ने क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों से संबंधित समस्याओं को विस्तार से रखते हुए उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया.

महिला सशक्तिकरण पर चर्चा

श्री प्रसाद ने हजारीबाग क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण केंद्र,स्वरोजगार योजनाएं और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नए कार्यक्रम शुरू करने का सुझाव दिया. उन्होंने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को केंद्रीय सरकारी की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है.

**बाल विकास पर विचार :** बाल विकास के मुद्दे पर चर्चा करते हुए विधायक ने पोषण अभियान,आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति सुधारने और बच्चों की शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस पहल का अनुरोध किया. उन्होंने यह भी कहा कि बाल श्रम और कुपोषण जैसी समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए ठोस योजनाओं की आवश्यकता है.महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विधायक की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और क्षेत्र की आवश्यकताओं को लेकर अपनी गंभीरता व्यक्त की. उन्होंने आश्वासन दिया कि महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को हजारीबाग में प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा.उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण,शिक्षा और पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इस दिशा में हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी. इस अवसर पर मंत्री ने विधायक प्रदीप प्रसाद की जनहित में की जा रही पहल की सराहना की और उनके साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करने की इच्छा जताई. मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों का विकास हमारी प्राथमिकता है. मंत्री अन्नपूर्णा देवी से हुई इस चर्चा के माध्यम से हमने महिलाओं के सशक्तिकरण, बाल पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ठोस कदम उठाने की मांग की है. मैं आश्वस्त हूं कि मंत्री महोदय का सहयोग और सरकार की योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन हमारे क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा देगा.महिलाओं और बच्चों का सशक्तिकरण ही सशक्त समाज की नींव है,और इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे.

### रामगढ़ पुलिस ने भोला पांडे गिरोह और सुशील श्रीवास्तव गैंग पर की बड़ी कार्रवाई

# दोनों गैंग के 13 अपराधी गिरफ्तार

**संवाददाता । रामगढ़**



रामगढ़ और हजारीबाग जिले में एक तरफ जहां विकास कार्य को गति मिल रही है, वही संगठित अपराध से जुड़े शातिर अपराधी भी लगातार माइंस संचालकों, ट्रांसपोर्टर, ठेकेदारों और कंपनी संचालकों को डरा धमका कर लेवी वसूलने में लगे हैं. रामगढ़ पुलिस की सक्रियता से पांडे गिरोह और श्रीवास्तव गैंग के कुल 13 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है. रामगढ़ पुलिस की कार्रवाई से पांडे और श्रीवास्तव गिरोह को बड़ा झटका लगा है. रंगदारी मांगने वाले अपराधियों की पूरी टीम गिरफ्तार हो जाने से व्यापारियों को बड़ी राहत मिल सकती है. इस मामले की जानकारी रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि दोनों ही गैंग के शातिर अपराधियों के पास से देशी पिस्टल, जिंदा गोली, रंगदारी में वसूली गई रकम, धमकी में प्रयुक्त होने वाला मोबाईल, व्यापारियों की मोबाइल नंबर के साथ बनाई गई सूची, कई तस्वीरें बरामद हुई है.

रामगढ़ और हजारीबाग जिले के व्यापारियों से पांडे गिरोह के 11 अपराधी रंगदारी वसूलते थे. पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि इन अपराधियों में हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी सुनील कुमार, सूरत कुमार दास, गिद्दी थाना क्षेत्र के पुराना बुध बाजार निवासी राजविंदर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलू, राजवीर सिंह उर्फ कैप्टन, मोहित कुमार ठाकुर, रेलीगढ़ा निवासी ब्रजेश कुमार, भुरकुंडा थाना क्षेत्र के रिवर साइड निवासी वशिष्ठ कुमार उर्फ बिट्टू, कुजू ओपी ओपी क्षेत्र के आरा डूमरबेड़ा निवासी सरफराज अहमद, भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के बजरंग चौक, रिवर साइड निवासी राजवीर सिंह, प्रेम कुमार और हरपीत सिंह शामिल हैं.एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना बुध बाजार निवासी राजविंदर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलू अपराधियों का हैंडल चल रहा था. उसे जेल में बंद पांडे गिरोह के प्रकाश साहू और मुकेश साहू उर्फ पठान से निर्देश मिलता था.

बरका सायल डी सीसीएल एरिया में रोड निर्माण कार्य में पांडे गिरोह के सदस्यों के जरिये हथियार का भय दिखाकर धमकी दी गई, साथ ही रंगदारी मांगी गई थी. इस मामले में अपराधियों के खिलाफ कांड संख्या 294/ 2024 दर्ज किया गया था. इसी कांड के उद्भेदन के लिए पुलिस जब छापेमारी कर रही थी, तो राजविंदर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलू पुलिस के हत्थे चढ़ गया. पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली तो उसके पास रंगदारी में वसूले गए 1.41 लाख रुपए मिले. साथ ही उसके पास देसी कट्टा और दो जिंदा गोली भी था. पांडे गिरोह में शामिल अपराधी को हर महीने वेतन मिलता था. इसके अलावा धमकी देने वाले स्थान पर जाने के बाद 500 रुपए मिलते थे. इसके लिए बाकायदा अपराधियों की हाजिरी बनती थी. यह हाजिरी बनाने के लिए वे लोग अपनी तस्वीर भेजते थे.

एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि प्रकाश साहू और मुकेश साहू के जरिये गिरोह के लोगों को रंगदारी मांगने के लिए पहले फोन करने की बात कही जाती थी. अगर कंपनी संचालक उसके बाद भी नहीं डरे, तो उनके कार्य स्थल पर जाकर गिरोह के सदस्य हथियार दिखाते थे. धमकी देने वाले स्थान पर वह अपनी फोटो खींचते थे और जेल में बंद प्रकाश साहू और मुकेश साहू को राजविंदर के माध्यम से भेजते थे. फोटो पहुंचते ही 500 रुपए मिल जाते थे. साथ ही गिरोह के लिए काम करने पर उन्हें 5000 रुपए प्रति महीना मिलता था.पांडे गिरोह के गिरफ्तार 11 अपराधियों ने हाल ही में 13 लाख रुपए की रंगदारी वसूली और उसे अपने सरगना तक पहुंचा दिया था. 13 लाख देने पर राजविंदर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलू को 1.41 लाख रुपए गिरोह के अन्य सदस्यों को हर महीने तनख्वाह देने के लिए दिया गया. इस रुपए का इस्तेमाल आगे दिए जाने वाली धमकी में होने वाला था. राजविंदर ही वह कड़ी था जो सारे अपराधियों के बीच हर महीने रकम बांटता था और विजिट के आधार पर 500 रुपए भी देता था. फिलहाल यह कड़ी उसकी गिरफ्तारी के बाद टूट गई है.पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि पतरातू रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है. इस कार्य में लगी एमजीसीपीएल कंपनी से श्रीवास्तव गैंग लगातार रंगदारी मांग रहा था. यहां तक कि निर्माण स्थल पर मशीनों पर गोली भी चलाई गई थी. शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि पतरातू डैम के पास दो व्यक्ति अवैध पिस्तौल लेकर एक नीले रंग के पल्सर बाइक जेएच 01 बीएफ 3991 से किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं. पुलिस ने जब छापेमारी की तो वहां रांची जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोकर, डेलाटोली निवासी साहिल सिंह और लालपुर थाना क्षेत्र के न्यू नगराटोली निवासी राहुल शर्मा को गिरफ्तार किया गया. उनके पास से 7.65 एमएम बोर का देसी पिस्तौल और तीन जिंदा गोली बरामद किया गया. पूछताछ के दौरान पता चला कि वे लोग श्रीवास्तव गैंग के लिए काम कर रहे हैं. रंगदारी मांगने के लिए गोली चलाते हैं. उन्हें जेल में बंद श्रीवास्तव गैंग के अमन श्रीवास्तव एवं शिव शर्मा से निर्देश मिलता था.छापेमारी दल में पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, उरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार राम, भुरकुंडा ओपी में पदस्थापित अविनाश कुमार, कुणाल कुमार और अन्य सशस्त्र बल शामिल थे.

## करमा में नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**मयूरहंड(चतरा)**। प्रखंड के करमा में नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन आजसू नेता सतेंद्र जयसवाल और मुखिया रामनाथ यादव ने फीता काटकर किया. इसके बाद जयसवाल और मुखिया ने बैटिंग और बॉलिंग कर खेल की शुरुआत किया. मैच में 16 टीम भाग लिया है. आयोजन यूनाइटेड क्लब करमा के द्वारा आयोजित किया गया.मैच की शुरुआत में इटखोरी और कान्हाचटी के कोल्हाईया के टीम के बीच खेला गया. इसमें कोल्हईया के टीम तीन विकेट से जीत हासिल की. कार्यक्रम में सेवा यादव, कृष्णा केशरी, नंदकिशोर यादव, बबलू केशरी, सूरज केशरी, सोनू यादव, आकाश केशरी, सुबोध कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे.

## ग्रामोदय चेतना केंद्र में विशेष ध्यान सत्र

**चतरा**। स्थानीय ग्रामोदय चेतना केंद्र,चतरा में दीपक कुमार के नेतृत्व में दि आर्ट ऑफ़ लिविंग के प्रशिक्षकों द्वारा अध्ययनरत 50 किशोरी बालिकाओं सहित केंद्र की दोनों शिक्षिकाओं इंदु सिन्हा व मुनिता सिंह को ध्यान के सम्बन्ध में सारगर्भित जानकारी देते हुए श्री श्री रविशंकर जी द्वारा निर्देशित ₹पंचकोषा ध्यान₹ का अभ्यास कराया गया.सहयोगी प्रशिक्षकों में चन्द्रदेव प्रसाद, सरोज कुमारी, माधवी गुप्ता आदि शामिल थे. केंद्र की संचालिका सबिता बनर्जी ने उक्त कार्यक्रम को केंद्र में अध्ययनरत किशोरी बालिकाओं के शैक्षणिक, भावनात्मक व सामाजिक पुनर्वास में सकारात्मक रूप से प्रभावी व तनाव सहित अनेक मनो शारीरिक विकारों के प्रबंधन में बेहद उपयोगी बताया.

# विधायक कार्यालय में जनता दरबार

**संवाददाता । हजारीबाग**



सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को लोगों की जन समस्याओं को सूना. कार्यक्रम में सैकड़ों लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे. इनमें पानी की आपूर्ति, बिजली कटौती, सड़कों की खराब स्थिति, पेंशन, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं.विधायक प्रदीप प्रसाद ने सभी शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर समाधान की प्रक्रिया शुरू की. उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिया कि बार-बार कटौती वाले क्षेत्रों में आपूर्ति सुचारू की जाए.

जलापूर्ति की समस्या पर उन्होंने नगर निगम को पाइपलाइन की मरम्मत और जल वितरण सुधारने के निर्देश दिए. विधायक ने जनता को आश्वस्त किया.आपकी समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं. मेरे दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले हैं. मेरी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यक्ति को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष न करना पड़े.कार्यक्रम में शामिल लोगों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की. एक स्थानीय निवासी ने कहा, ₹हमने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कई बार कोशिश की,लेकिन आज विधायक ने तुरंत कार्रवाई कर भरोसा दिलाया कि हमारी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है. इस दौरान विधायक ने क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं पर चर्चा करते हुए उसकी जानकारी भी दी. उन्होंने बताया कि आने वाले समय में क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण,स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना और युवाओं के लिए रोजगार कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे.

विधायक ने जनता से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को लेकर सीधे उनसे संपर्क करें. उन्होंने कहा,₹यह क्षेत्र मेरा परिवार है,और परिवार की भलाई के लिए मैं हर संभव प्रयास करता रहूंगा.

# लापता युवक और महिला का शव एक गढ्ढे से बरामद

**संवाददाता । चतरा**

चतरा पुलिस ने रविवार को प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बामी सुगरीगढ़ा जंगल से लापता युवक व महिला का शव बरामद किया है.शव की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बामी गांव निवासी आशा देवी (30) पति कोमल भारती एवं कुन्दा थाना क्षेत्र के मेदवाडीह गांव निवासी विकास कुमार यादव (26) पिता भोला यादव के रूप किया गया है.

पुलिस दोनों का शव जमीन में पांच फीट गढ्ढा खोदकर बरामद किया है. ज्ञात हो कि विकास कुमार यादव व आशा देवी पिछले 13 दिसम्बर से लापता थे। जिसके बाद से परिजनों ने हत्या की आशंका को लेकर पुलिस को आवेदन दिया था.साथ ही ग्रामीणों ने शनिवार को प्रतापपुर थाना के समक्ष धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया था. इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने बताया की विकास व आशा देवी के लापता के बाद से पुलिस लगातर बामी जंगल में छानबीन कर रही थी.पुलिस को मिल रही अप्रत्यक्ष सूचना के आधार पर रविवार को बामी सुगरीगढ़ा जंगल से बरामद किया है. दोनों की शव को हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए एक गढ्ढा में गाड़ दिया था.शव बरामद होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया है. इस मामले में परिजनो के आवेदन के आधार पर पुलिस ने जोरी निवासी शाबीर मियां को हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ कर रही है.जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा. इधर दोहरी मर्डर से क्षेत्र में दहशत बना हुआ है.शव को बरामद करने में चतरा अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, अंचल अधिकारी, विकास कुमार टुडु, प्रतापपुर-हंटरगंज पुलिस निरीक्षक,प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी समेत झारखंड जगुआर व जिला बल के जवान शामिल थे.

## नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी की बैठक

**हजारीबाग** । नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया की स्थानीय इकाई हजारीबाग की बैठक मोदी मार्केट के सभागार कक्ष में हुई. जिसकी अध्यक्षता जिला महामंत्री संजय उपाध्याय ने की बैठक में संघटनिक विस्तार स्थानीय मुद्दे भ्रष्टाचार शहर की स्वच्छता जरूरतमंदों की सेवा एवं शहर में व्याप्त कुरीति एवं अन्य विषयों पर परिचर्चा की गई. एवं निराकरण व समाधान पर जोर दिया गया ।बैठक में राष्ट्रीय प्रशासनिक के मनोज कुमार जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर ,गोपाल सिंह मौर्य, जिला उपसचिव हजारीबाग निर्मल प्रसाद विश्वकर्मा, अध्यक्ष विष्णुगढ़ प्रखंड संजय कुमार पांडे ,इचाक से डॉक्टर पवन, प्रखंड सचिव रविंद्र कुमार विश्वकर्मा , जिला उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, जिला सचिव अजय कुमार पांडे, जिला उपाध्यक्ष आदि सदस्यों ने भाग लिया बैठक में पूर्व बैठकों के निर्णय के अनुपालन एवं समीक्षा किया गया .

**आक्रोश**

### बिहार पुलिस एवं वन विभाग के लोगों ने ग्रामीणों को पीटा

# आक्रोशित ग्रामीणों ने रखी घंटों सड़क जाम

**संवाददाता । डोमचांच (कोडरमा)**



डोमचांच थाना क्षेत्र के नीरू पहाड़ी के पास बिहार पुलिस और रजौली के वन विभाग के रेंजर के खिलाफ लोगों ने कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर जमकर प्रदर्शन किया और तकरीबन चार घंटे तक कोडरमा-गिरिडीह मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही. ग्रामीणों का आरोप है कि अहले सुबह बिहार की रजौली पुलिस और वन विभाग की टीम बगैर स्थानीय थाना और पुलिस को सूचना दिए गांव में घुसी और नीरू पहाड़ी के पास खड़े कुछ निर्दोष लोगों की पिटाई करने लगी.

इस दौरान कई लोगों को बिहार पुलिस के द्वारा पकड़कर ले जाने का आरोप भी ग्रामीणों ने लगाया. बिहार पुलिस की बर्बरता के खिलाफ लोग सड़क पर घंटे जमे रहे और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करते रहे. बहरहाल इसकी सूचना मिलने के बाद कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार की अगुवाई में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाया बुझाया.स्थानीय लोगों के मुताबिक बिहार की रजौली पुलिस और वन विभाग की टीम को जब गांव में कुछ नहीं मिला तो गांव से बाहर आकर डोमचांच थाना क्षेत्र के नीरू पहाड़ी के पास खड़े निर्देश लोगों को पीटने लगी और कुछ लोग को उठाकर अपने साथ भी ले गई. वहीं स्थानीय कृष्णा सिंह घटवार ने बताया कि यह कोई पहला मौका नहीं है.पहले भी बिहार पुलिस की इस तरह की बर्बरता सामने आई है. मामले में मानवाधिकार से बिहार पुलिस को फटकार भी लगी थी.

इधर इस मामले को लेकर एसडीपीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा लिया है. एसडीपीओ अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले में जो भी लोग दोषी होंगे,उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने बताया कि बिहार पुलिस के गांव में घुसने की किसी तरह की सूचना कोडरमा पुलिस को नहीं मिली थी.

## माता सहायिका सदन में क्रिसमस समारोह का आयोजन

**हजारीबाग**। कनहरी हिल रोड स्थित माता सहायिका सदन में क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया.जिसमें बच्चों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस अवसर पर, बच्चों ने क्रिसमस के गीत गाए, नाटक प्रस्तुत किए और सांता क्लॉज़ की वेशभूषा में आए. कार्यकर्ताओं ने बच्चों को क्रिसमस के उपहार दिए और उनके साथ मिलकर केक काटा. कार्यक्रम मे क्रिसमस को लेकर विभिन्न गीत , संगीत, नाटक का आयोजन किया गया. छात्रों ने मोबाइल से हो रहे नुकसान को एक नाटक प्रस्तुत किया.जिसमें आज बच्चों पर मोबाइल ज्यादा प्रयोग करने पर हो रहे नुकसान के बारे में बताया गया.इस समारोह का उद्देश्य बच्चों को क्रिसमस के महत्व और प्रेम के संदेश के बारे में बताना था ।माता सहायिका सदन की टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की.

## न्यूज अपडेट



### कुलेश्वरी प्रबंधन समिति की बैठक, विकास पर चर्चा

**चतरा**। जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मां कुलेश्वरी प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता विधायक जनार्दन पासवान ने की. संचालन अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने किया. बैठक के दौरान मां कुलेश्वरी मंदिर परिसर में कराए जा रहे विकास कार्यों पर शिथिलता बरतने वाले एजेंसियों एवं विभागों से सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराने के लिए सर्वसम्मति से कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया. इसके साथ ही मंदिर के ऊपरी तल पर स्थित तालाब के टूटे बाउंड्री वाल को अति शीघ्र मरम्मत करने, बिजली व्यवस्था बहाल करने, यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, दूर दराज से आने वाले यात्रियों को प्रबंधन समिति के द्वारा उपलब्ध सुविधाओं को लेकर तथा आवागमन के मार्ग में फैले गंदगी की सफाई करने के साथ ही प्रत्येक मेला के बाद तालाब की सफाई किए जाने का निर्णय लिया गया.

### रामगढ़ में 13 पुलिस पदाधिकारी का तबादला

**रामगढ़**। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने जिले में 13 पुलिस पदाधिकारी का तबादला कर दिया है। उन्होंने पांच थानों के पदाधिकारी को भी बदल दिया है। रविवार को एसपी ने इसकी सूची भी जारी कर दी है। सूची के अनुसार वेस्ट बोकारो में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार को वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी, पुलिस केंद्र में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रामप्रवेश पासवान को मांडू थाना प्रभारी, रजरप्पा थाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर मो नौशाद को कुज्जू ओपी प्रभारी, गोला थाने में पदस्थापित ब्रह्मवत कुमार को भदानीनगर ओपी प्रभारी, बरकाकाना ओपी में पदस्थापित विकास आर्यन को बरलांगा थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार,मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव,कुज्जू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे को एसपी कार्यालय में पदस्थापित कर दिया गया है। बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह को लाइन क्लोज किया गया है। दो सब इंस्पेक्टर जॉनी कुमार और सुरेश उरांव को रामगढ़ थाना में पदस्थापित किया गया है। एएसआई मो शाहनवाज खान को कुजू ओपी से बरकाकाना ओपी भेजा गया है।

### कुंदा प्रखंड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**चतरा** । जिले के कुंदा प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत सचिवालय में नव भारत जागृति केंद्र के बैनर तले किशोरी स्वास्थ्य जांच शिविर सह स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया .यह शिविर एसबीआई फाउंडेशन मुंबई के सहयोग लगाया गया. शिविर में डॉक्टर बंशीधर पांडे,फार्मासिस्ट हरिशंकर यादव,लैब टेक्नीशियन डब्लू पासवान,एएनएम रोमा रागिनी तिर्की, प्रोग्राम प्रबंधक शैलेश कुमार ने 154 किशोरी व महिलाओं को स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया .साथ ही 70 सेनेटरी पैड, नैपकिन व एक सौ साबुन का वितरण किया गया. इस दौरान आस पास के जगहों पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान चलाया गया. जिसमें स्कूली बच्चे,ग्रामीण व संस्थान के लोगों ने साफ सफाई किया, साथ ही उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया. शिविर में चयनित 20 गांव में प्रत्येक 15 दिन पर लगाया जा रहा है .जिमसें शिविर के माध्यम से नि :शुल्क उपचार व दवा वितरण किया जाता है. इस मौके पर मुखिया भरत यादव,मोबाईल मेडिकल वाहन चालक सुरेंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित थे.

### पेवर ब्लॉक सड़क पर पीसीसी सड़क का निर्माण

**चंदवारा (कोडरमा)**। चंदवारा प्रखंड के चंदवारा पूर्वी पंचायत के वार्ड नं 12 में 23/12/2019 में 1,62,144 हजार रुपये की लागत से 14 वें वित्त रोजाना से निर्माण किया गया था .जबकि 5 वर्ष पूरे होने से पहले ही उसी सड़क पर ही विधायक मद से 2 .50 लाख रुपये की लागत से पीसीसी सड़क का निर्माण संवेदक द्वारा करीब 20 दिन पूर्व में कर दिया गया. ग्रामीणों का आरोप है कि पीसीसी सड़क विशेष मरम्मती के लिए योजना की स्वीकृति हुई थी, लेकिन संवेदक द्वारा अपनी सुविधानुसार पहले से निर्मित पेवर ब्लॉक सड़क के ऊपर ही पीसीसी सड़क का निर्माण कर दिया गया है .जो नियम विरुद्ध है. सबसे दिलचस्प है कि सड़क निर्माण के लगभग 20 दिन बीतने के बाद भी योजना का प्राक्कलन बोर्ड कार्यस्थल पर नहीं लगाया गया है. यही वो सड़क है जो अखबारों की सुर्खियों में रहा है, जहाँ सड़क के बीच में बिजली का खंभा है.

### ताजदारे मदीना कॉन्फ्रेंस जलसे का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)**। प्रखंड के पथलकुदवा गांव में ताजदारे मदीना कॉन्फ्रेंस जलसे का आयोजन किया गया .जलसे की अध्यक्षता जिब्राईल अहमद इस्माइली इमाम नूरी मस्जिद (पथलकुदवा) व संचालन कारी इजरायल कमर ने की. जलसे में बिहार के नवादा से आए हजरत अल्लामा मौलाना सैयदऐनुद्दीन चिश्ती ने जलसे को संबोधित करते हुए कहा कि इस्लाम अमन और इंसानियत का पैगाम देता है .हम भारत देश में सभी धर्म,मजहब के लोग एक दूसरे के साथ मिलजुलकर भाईचारे का संदेश देते हैं. इस्लाम ने पैगाम दिया है कि दीन दुखियों का सहारा बने,एक दूसरे को सहयोग करें और इंसानियत को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें. हजरत मौलाना सिद्दक हसन झारखंडी,मौलाना फ़फ़रीदुल कादरी,मौलाना ताहिर रजा ने कहा कि अपने मदरसे और मस्जिदों की हिफाजत करें,अपने सजदो की हिफाजत करें .जलसा मनोरंजन का जरिया नहीं है .बल्कि जलसे में आकर तकरीर को सुनकर अपने इमान को ठीक करें और शरीयत के तकाजो पर अमल करें.

### ग्रामीणों ने पोस्ता की खेती को नष्ट किया

**चतरा**। जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत डुमरवार पंचायत के मुखिया संगीता देवी के पहल पर डुमरवार के ग्रामीणों ने अवैध रूप से लगे पोस्ते की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया. पोस्ते की खेती डुमरवार वन क्षेत्र में किया गया था .पोस्ते की अवैध खेती को विनष्ट करने को लेकर मुखिया के द्वारा लगातार ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा था. मुखिया द्वारा किए गए प्रयास पर रविवार को वन क्षेत्र में लगे अवैध पोस्ता की खेती को विनष्ट कर दिया. इस अभियान का नेतृत्व डुमरवार पंचायत समिति सदस्य मुकेश पासवान ने किया .इस दौरान ग्रामीणों ने डुमरवार के भैंसमारा जंगल पथल टूटा व मुडलटांड में लगे लगभग पांच एकड़ में अवैध पोस्ता की खेती नष्ट कर दिया. आगे इस अवैध खेती को नहीं करने का प्रण लिया. ग्रामीणों द्वारा पोस्ता की खेती के नष्ट किए जाने से अफीम कारोबारी खासे चिन्तित है.

### बैठक कर समाज के विकास की बनाई रणनीति



**चौपारण (हजारीबाग)**। राणा विश्वकर्मा सेवा समिति ने शनिवार को बरही प्रखंड परिसर स्थित पार्क में प्रदेश अध्यक्ष विनोद राणा के अध्यक्षता में बैठक हुई .बैठक में आरवीएसएस सदस्यों ने विश्वकर्मा समाज के विकास की रणनीति बनाई गई .कोषाध्यक्ष अशोक राणा ने बताया कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में पहल करना होगा .साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना है वही शराब समाज को दिमक की तरह खोखला करते जा रही है. जिसपर समाज के लोगो को जागरूक करने की अति जरूरत है. मौके पर सचिव गोपाल राणा,कोषाध्यक्ष अशोक राणा,मीडिया प्रभारी विजय राणा, सक्रीय सदस्य राजू राणा, नरेश राणा, संतोष राणा, बालेश्वर राणा, अशोक राणा, बुंडू से अशोक राणा, बरकट्ठा से संजय राणा, विनय राणा, प्रमोद राणा, महेश राणा, जमुना राणा, बिरेन्द्र राणा, कपिल राणा एवं आयुष राणा सहित अन्य समाज के लोग उपस्थित थे.

### भीम आर्मी इचाक प्रखंड प्रभारी बने सुधीर

**हजारीबाग** । पूर्व जिलाअध्यक्ष डॉ भागवत राव अम्बेडकर की अध्यक्षता में इचाक प्रखंड में जन हित के लिए विभिन्न स्थानीय मुद्दों को निवारण के लिए आजाद समाज पार्टी गठन करने के लिए जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट रोहित राम का आगमन हुआ .भीम आर्मी को प्रखंड स्तर पर कमेटी को एक्टिव करने के लिए जिलाध्यक्ष के द्वारा बड़ा फैसला लिया गया है कि भीम आर्मी इचाक प्रखंड को भंग किया गया .आगामी दो महीने में एक्टिव कार्यकर्ताओं को के द्वारा पुन : गठन किया जाएगा .भीम आर्मी फॉरमर डॉ भागवत राव अम्बेडकर,मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष की एडवोकेट कन्हैया कुमार, आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रोहित कुमार, प्रखंड प्रभारी के रूप में सुधार कुमार को बनाया गया.

**न्यूज अपडेट**

## पश्चिम बंगाल में संदिग्ध कश्मीरी आतंकी गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**दक्षिण 24 परगना ।** जम्मू कश्मीर एसटीएफ और बंगाल पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग अस्पताल मोड़ इलाके से शनिवार रात को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल एक शख्स को गिरफ्तार किया है. रविवार को पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार शख्स का नाम जावेद मुंशी है और वह मूल रूप से कश्मीर के श्रीनगर का निवासी है. आरोप है कि वह आतंकवादी संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन का सदस्य है. जावेद कैनिंग अस्पताल मोड़ इलाके में अपने एक रिश्तेदार से मिलने आया था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. जावेद से पूछताछ की जा रही है. विस्तृत विवरण इंतजार है.

## उप्र के संभल में एएसआई टीम तीसरे दिन भी सर्वे कर रही है

**संभल ।** उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की चार सदस्यीय टीम का सर्वे कार्य रविवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी है. लखनऊ से आई एएसआई की टीम ने शुक्रवार और शनिवार को संभल में छह तीर्थ स्थलों और 20 कुओं का सर्वे किया था. टीम शनिवार को प्राचीन कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची थी और वहां करीब 30 मिनट तक रुककर हर बिंदु की बारीकी से जांच की और साक्ष्य जुटाए. टीम ने यहां गुंबद और अन्य संरचनाओं की ऐतिहासिकता का पता लगाने के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई. बीते दिनों जनपद में चलाये गए अतिक्रमण अभियान के दौरान मुस्लिम बाहुल्य इलाके में शिव मंदिर और बंद कुएं मिले थे.

## हथियार और गोला-बारूद के साथ आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

**जम्मू ।** कश्मीर के बांदीपोरा के नदिहाल इलाके में शनिवार देर शाम आतंकियों के सहयोगी को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नदिहाल में पुलिस और सेना की 14आरआर के संयुक्त नाका के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया, जब उसे चुनौती दी गई तो उसने भागने की कोशिश की. हालांकि सुरक्षा बलों ने उसे पकड़ लिया. उसकी पहचान बांदीपोरा के गुंडपोरा रामपुरा निवासी अब्दुल गनी मलिक के बेटे शोएब वसीम अहमद मलिक के रूप में हुई है, जो आतंकियों का मददगार है. उसके कब्जे से एक पिस्तौल, एक हथगोला और 15 गोलियां बरामद की गईं.

## देश की सबसे बड़ी एलुमनी मीट 'नवोत्सव' इंदौर में शुरू

**इंदौर ।** जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों की देश की सबसे बड़ी एलुमनी मीट 'नवोत्सव 3.0' रविवार को इंदौर में आयोजित हुई है. इस एलुमनी मीट में 8000 से ज्यादा छात्र शामिल हुए हैं. इसे दुनिया की सबसे बड़ी एलुमनी मीट का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया गया है. एलुमनी मीट की मैनेजमेंट टीम के सदस्य डॉ विकास व्यास ने बताया कि इंदौर के बिचौली क्षेत्र में नवोदय गार्डन में होने जा रही इस एलुमनी मीट में नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र शामिल होंगे, जो अब सांसद, आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, शिक्षक, सीए एवं बिजनेसमैन बन चुके हैं. ये छात्र अपनी यादों को एक-दूसरे से साझा करेंगे. उन्होंने बताया कि इंदौर में नवोत्सव का तीसरा आयोजन है.

## नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री व उनकी पत्नी की संपत्ति होगी जब्त

**काठमांडू ।** सहकारी बैंक घोटाला, ठगी, जालसाजी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पूर्व उप प्रधानमंत्री रवि लामिछाने और उनकी पत्नी निकिता पौडेल की संपत्ति जब्त करने के लिए रविवार को अदालत में अर्जी दी गई है. केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने दलील दी है कि रवि लामिछाने सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ करीब 150 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है, इसलिए सभी आरोपितों और उनके परिवार वालों की संपत्ति जब्त की जाए. पोखरा जिला अदालत में पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ आरोप पत्र दायर करते हुए सीआईबी ने रवि और उनकी पत्नी निकिता की संपत्ति जब्त करने की अर्जी दी है. पुलिस ने पहले ही रवि के सभी बैंक अकाउंट और उनकी चल-अचल संपत्ति पर रोक लगाई हुई है.

## सुल्तानपुर में 12वीं की छात्रा से घर में घुसकर किया दुष्कर्म

**सुल्तानपुर ।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में शर्मनाक घटना सामने आई है. यहां 12वीं की छात्रा के साथ घर में घुसकर दो आरोपियों ने रेप की वारदात को अंजाम दिया. घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू की. एजेंसी के अनुसार, यह घटना सुल्तानपुर जिले के एक गांव की है. पुलिस ने शनिवार को बताया कि 12वीं की छात्रा के साथ उसके गांव के दो लोगों ने घर में घुसकर रेप किया. पुलिस ने शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि गुरुवार की रात पीड़ित छात्रा अपने घर पर अकेली थी. उसी दौरान गांव का रहने वाला विकास और कल्लू मिश्रा छात्रा के घर में घुस गए और उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया.

## उत्तर भारत में सर्दी का कहर



• जम्मू-कश्मीर : बारामूला में तापमान माइनस में रिकॉर्ड हुआ.

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

देश के उत्तरी राज्यों में तेज सर्दी का असर जारी है. जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है. हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का अलर्ट भी जारी किया गया है, जिससे तापमान में और गिरावट हो सकती है. इन इलाकों में सर्दी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है. पंजाब और हरियाणा में भी शीतलहर का असर है, जिसके चलते तापमान में गिरावट आई है. चंडीगढ़ में तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि पंजाब के आदमपुर में यह 1.8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया.

पंजाब के कई इलाकों में घना कोहरा भी देखने को मिला, जिससे विजिबिलिटी में भारी कमी आई. अमृतसर, तरनतारन, बठिंडा, लुधियाना और बरनाला में विजिबिलिटी 100 मीटर तक पहुंच गई. मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश का अलर्ट भी जारी किया है. उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है, जबकि मध्य प्रदेश और राजस्थान में आज से बारिश शुरू हो सकती है. मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर में बारिश हो सकती है.

### दिल्ली पुलिस का एक्शन

## 175 बांग्लादेशी हिरासत में, वापसी की तैयारी, कोई दस्तावेज नहीं मिला

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है. दिल्ली के उपराज्यपाल के आदेश के बाद से पुलिस ने रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों के खिलाफ मुहिम तेज कर दी है. इस अभियान के तहत, दिल्ली पुलिस ने आउटर जिले में 175 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है.

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, जिन लोगों के पास भारतीय नागरिकता के दस्तावेज नहीं थे, उनकी पहचान की गई और उन्हें हिरासत में लिया गया है. अब उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू की जा रही है, और जल्द ही उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने की तैयारी की जा रही है. पुलिस ने हाल ही में दिल्ली के विभिन्न इलाकों में एक स्पेशल ड्राइव चलाई थी, जिसके तहत संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई और उनके दस्तावेजों की जांच की गई. इस दौरान कई संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. इससे पहले शाहदरा और साउथ-ईस्ट दिल्ली में भी पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया था, जिसमें कुछ और संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई थी.

## मोहाली में रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, 2 शव निकाले, 3 अभी भी लापता

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के मोहाली में शनिवार शाम गिरी मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के मलबे से रविवार सुबह दो शव बरामद किए गए. एनडीआरएफ व सेना की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं. पुलिस ने ढही इमारत के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस को दिए बयान में जिम ट्रेनर ने बताया कि बिल्डिंग के तीन फ्लोर में जिम थे, बाकी 2 में लोग किराए पर रहते थे. देर रात बचाव दल ने एक लड़की को मलबे से निकाला. उसे घायल अवस्था मे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई.

### हैदराबाद में अल्लू अर्जुन के आवास पर तोड़फोड़

## हिरासत में लिए गए छह लोग

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के आवास पर उस्मानिया विश्वविद्यालय संयुक्त कार्रवाई समिति के सदस्य होने का दावा करने वाले व्यक्तियों के एक समूह ने तोड़फोड़ की. इस मामले में छह लोग हिरासत में लिए गए हैं. एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें उस्मानिया विश्वविद्यालय के संयुक्त कार्य समिति के सदस्यों ने अर्जुन के हैदराबाद स्थित जुबली हिल्स स्थित आवास पर हमला किया है. वीडियो में कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर पत्थरबाजी करते हुए देखा जा सकता है. रविवार को उस्मानिया यूनिवर्सिटी के छात्रों के एक समूह ने अर्जुन के घर के बाहर हंगामा किया और टमाटर फेंके. इस घटना में घर के अंदर रखे फूलों के गमले भी टूट गए. इसके तुरंत बाद पुलिस ने घटना के सिलसिले में छह व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन ले जाया गया.

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव नियमों में बदलाव पर साधा निशाना, कहा-

# यह सोची-समझी साजिश है

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर चुनावी नियमों में किए गए हालिया बदलाव को लेकर जमकर हमला बोला है. सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों जैसे सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगाने के फैसले को लेकर खरगे ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की एक सोची-समझी साजिश करार दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम निर्वाचन आयोग की संस्थागत शुचिता को नष्ट करने का एक प्रयास है और इसे संविधान और लोकतंत्र पर सीधे हमला बताया है.

**चुनाव नियमों में बदलाव :** केंद्र सरकार ने हाल ही में चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी. इनमें सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज, साथ ही उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग शामिल हैं. केंद्रीय कानून मंत्रालय ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93(2)(ए) में संशोधन किया, जिसके तहत इन दस्तावेजों का सार्वजनिक निरीक्षण अब प्रतिबंधित होगा. इस कदम को निर्वाचन आयोग की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है, ताकि चुनावी प्रक्रिया में इन दस्तावेजों का दुरुपयोग रोका जा सके.



**खरगे का आरोप- संस्थागत अखंडता पर हमला :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस कदम पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे भारत के निर्वाचन आयोग की संस्थागत अखंडता को नष्ट करने की एक व्यवस्थित साजिश का हिस्सा बताया. उन्होंने कहा, यह मोदी सरकार का दुस्साहसिक संशोधन है, जो भारत के निर्वाचन आयोग को कमजोर करने की मंशा से किया गया है. इससे पहले, सरकार ने चीफ जस्टिस को उस चयन समिति से हटा दिया था, जो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करती थी. अब वे चुनावी जानकारी को रोकने में लगे हैं, जबकि अदालत के आदेश के बावजूद यह कदम उठाया गया है. उन्होंने कहा, यह साफ दर्शाता है कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं कर रहा है और इसका रवैया अर्ध-न्यायिक निकाय के बजाय सरकार समर्थक बन चुका है.

**संविधान और लोकतंत्र पर हमला :** मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार के कदम को संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा, ₹मोदी सरकार जानबूझकर निर्वाचन आयोग की शुचिता को नष्ट कर रही है. हम इसके खिलाफ हर संभव कदम उठाएंगे और संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करेंगे.₹ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी इस संशोधन को कानूनी रूप से चुनौती देने की बात की है. वहीं, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनाव आयोग अब तक अपने कार्यों में अपारदर्शिता और सरकार के पक्ष में कार्य करता आया है.

### सरकार का पक्ष

केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने इस संशोधन के पीछे एक अदालती मामला होने की बात की है. विधि मंत्रालय और चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव के तहत केवल कुछ कागजातों को सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखा गया है, जबकि सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग चुनाव संचालन नियमों में शामिल नहीं किए गए हैं. उनके अनुसार, इन दस्तावेजों को सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखना चुनाव आचार संहिता के तहत आवश्यक नहीं है, क्योंकि यह निर्वाचन आयोग के प्रयासों का हिस्सा हैं, जो समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम हैं.

## क्राइम ब्रांच ने सोनार समेत 10 सटोरिए को पकड़ा

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस ने क्रिकेट पर अवैध सट्टेबाजी के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है. करोल बाग के एक सुनार समेत दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है. ये लोग अलग-अलग राज्यों में सक्रिय थे. आरोपियों ने ऑनलाइन सट्टा लगाने के लिए एक वेबसाइट पर मास्टर आईडी बनाई थी. कार्रवाई की जानकारी संजय कुमार सैन, डीसीपी क्राइम ब्रांच ने मीडिया को दी. बता दें कि बीकानेर संभाग के हनुमानगढ़ जिलें के चक बुधसिंह वाला रोही में पुलिस की कार्रवाई में 81 लोगों को कुत्तों पर सट्टा लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है. एसपी अरशद अली ने मीडिया को बताया कि शुक्रवार को बुधसिंह वाला रोही स्थित एक फॉर्म हाउस पर छापेमारी की गई. जहां पर विदेशी नस्लों के कुत्तों पर सट्टा लगाया जा रहा था. छापेमारी के दौरान कई कुत्ते घायलावस्था में भी मिले जिनका इलाज पुलिस निगरानी में फॉर्म हाउस में ही चल रहा है. वही पकड़े गए आरोपियों के पास से कुछेक के पास लाइसेंसी हथियार भी बरामद हुए है.

### जर्मनी : क्रिसमस बाजार में हमला

## घायल लोगों में 7 भारतीय भी नागरिकों के संपर्क में दूतावास

**एजेंसी । बर्लिन**

जर्मनी के एक शहर मैगडेबर्ग में बेकाबू कार के हमले में घायल हुए लोगों में सात भारतीय नागरिक भी हैं. भारतीय नागरिकों को गंभीर चोटें नहीं आई हैं और प्राथमिक इलाज के बाद इन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है. भारतीय दूतावास ने कहा है कि वो घायल हुए सभी लोगों के संपर्क में है. भारत ने जर्मनी के मैगडेबर्ग में हुई इस हमले की निंदा की है. भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ₹हम जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस बाजार में हुए भयानक और संवेदनहीन हमले की निंदा करते हैं. कई बहुमूल्य जानें चली गईं और कई घायल हो गए. हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों के साथ हैं. बयान में कहा गया है कि उनका मिशन घायल भारतीयों और उनके परिवारों के संपर्क में है और हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है. बता दें कि जर्मनी की राजधानी बर्लिन से 150 किमी दूर एक शहर मैगडेबर्ग में शुक्रवार शाम क्रिसमस बाजार में एक बेकाबू कार ने लोगों को रौंदा था.

## वसुंधरा राजे के काफिले की गाड़ी पलटी, कई पुलिसकर्मी घायल

**नयी दिल्ली ।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के काफिले की गाड़ी का पाली में एक्सीडेंट हो गया है. काफिले में चल रही पुलिस की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई है. इसमें चार से पांच जवानों को मामूली चोट आई है. वसुंधरा राजे ने अपनी गाड़ी रोककर उन घायल पुलिस के जवानों का हालचाल जाना. दरअसल, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के काफिले में पीछे चल रही पुलिस की जीप के पलट जाने से पुलिसकर्मी रूपाराम, भाग चंद, सूरज, नवीन और जितेंद्र घायल हो गए. यह घटना पाली जिले के बाली की है. सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## अमेरिकी सेना ने अपने ही एफ 18 फाइटर जेट को मार गिराया

**वॉशिंगटन ।** यमन में हूतियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही अमेरिकी सेना ने लाल सागर के ऊपर अपने ही एक फाइटर जेट को मार गिराया है. अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने रविवार सुबह लाल सागर के ऊपर गलती से अपने ही एफ-18 लड़ाकू विमान को निशाना बनाया, जिसके कारण दोनों पायलटों को विमान से इजेक्ट करना पड़ा. अमेरिकी सेंट्रल कमांड इस समय यमन में हूतियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. इसके पहले शनिवार को अमेरिकी विमानों ने हूतियों के गढ़ यमन की राजधानी सना पर बमबारी की थी.



**दोनों पायलटों को बचाया गया**

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बयान में बताया कि दोनों पायलटों को बचा लिया गया है. एक को हल्की चोटें आई हैं. इसमें कहा गया कि यह फ्रेंडली फायर (अपने ही विमान पर गोलीबारी) का साफ मामला था, जिसकी जांच की जा रही है. सेंट्रल कमांड ने बताया कि गाइडेड क्रूजर मिसाइल से लैस अमेरिकी नेवी के विध्वसंक यूएसएस गेटीसबर्ग ने गलती से मिसाइल दागी और एफ-18 को निशाना बनाया.

**राम मंदिर** — रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ भारतीय काल गणना के अनुसार मनायी जाएगी

# 11-13 जनवरी तक होंगे कई अनुष्ठान व बहुरंगी कार्यक्रम

- अंगद टीला पर होने वाले कार्यक्रम में समाज आमन्त्रित है : चंपत राय

**एजेंसी । अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ भारतीय काल गणना के अनुसार मनाई जाएगी. उक्त जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कारसेवक पुरम में रविवार को दी. ट्रस्ट के महामंत्री राय ने आज पत्रकार वार्ता में बताया कि वर्ष 2025 में जनवरी मास में पौष शुक्ल द्वादशी 11 जनवरी को दोपहर समय 12: 20 बजे मंदिर गर्भगृह में आरती और विशेष पूजा होगी. उन्होंने



बताया कि प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी 22 जनवरी 2024 को की गई थी, वर्ष 2025 में जनवरी मास में पौष शुक्ल द्वादशी 11 जनवरी को है. इसे 'प्रतिष्ठा द्वादशी' नाम दिया गया है. इस अवसर पर तीन दिवसीय (11,12 व 13 जनवरी) आयोजन होगा. व्यवस्था के दृष्टिगत पांच स्थानों को आयोजन स्थल बनाया गया है.

**70 एकड़ मंदिर परिसर में होने वाले आयोजन और यज्ञ मण्डप के कार्यक्रम :** राय ने बताया कि शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिनी शाखा के 40 अध्यायों के 1975 मंत्रो से अग्नि देवता को आहुति प्रदान की जाएगी, 11 वैदिक मन्त्रोच्चार करेंगे. होम का यह कार्य प्रातः काल 8 से 11 बजे तक और अपराह्न 2 से 5 बजे तक होगा. उन्होंने बताया कि श्रीराममंत्र का जप यज्ञ भी इसी कालखंड में दो सत्रों में होगा, छह लाख मंत्र जप किया जाएगा. इसके साथ राम रक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा, पुरुष सूक्त, श्री सूक्त, आदित्य हृदय स्तोत्र, अथर्वशीर्ष आदि के पारायण भी होंगे. दक्षिणी प्रार्थना मंडप में नित्य अपराह्न 3 से 5 बजे तक भगवान को राग सेवा प्रस्तुत की जाएगी. उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में तीनों दिन सायंकाल 6 से 9 बजे रात्रि तक रामलला के सम्मुख बधाई गान होगा. यात्री सुविधा केंद्र के प्रथम तल पर 3 दिवसीय संगीतमय मानस पाठ होगा. इसके अतिरक्त अंगद टीला पर अपराह्न 2 से 3:30 बजे तक राम कथा और अपराह्न 3:30 से 5 बजे तक प्रभु श्रीराम के जीवन पर प्रवचन होंगे. उन्होंने बताया कि तीनों दिन सायंकाल 5:30 से 7:30 बजे तक भिन्न-भिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. अंगद टीला के समस्त कार्यक्रमों में समाज सादर आमंत्रित है. उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठा द्वादशी (11 जनवरी, 2025) को प्रातः काल से प्रसाद वितरण प्रारंभ होगा.

## जगन्नाथ मंदिर में बदल जाएंगे दर्शनों के नियम

**भुवनेश्वर ।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करने के क्रम में नई व्यवस्था लागू होने वाली है. इस बारे में ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने जानकारी दी है. उन्होंने रविवार को कहा कि ओडिशा सरकार पुरी के जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले भक्तों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक नई प्रणाली शुरू करने जा रही है. कहा, सरकार 1 जनवरी से मंदिर में सार्वजनिक 'दर्शन' के लिए नई प्रणाली शुरू करने के लिए कदम उठा रही है.

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा को दी धमकी, कहा-

# शुल्क लिया तो अमेरिका वापस करेगा नहर

- अमेरिका ने पनामा नहर का निर्माण 1914 में पूरा किया था और 31 दिसंबर 1999 तक इसका नियंत्रण रखा था

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा को चेतावनी दी है कि अगर वह अमेरिकी जहाजों से पनामा नहर के इस्तेमाल के लिए शुल्क लेना जारी रखता है, तो अमेरिका पनामा नहर को वापस करने की मांग करेगा. ट्रंप ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने पनामा द्वारा लिया जा रहा शुल्क पर कड़ी आलोचना की.

ट्रंप ने कहा, पनामा नहर अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपत्ति है, जो हमारी अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा में अहम भूमिका निभाती है. उन्होंने पनामा द्वारा लगाए जा रहे टोल शुल्क की आलोचना करते हुए कहा कि ये शुल्क हास्यास्पद हैं और अमेरिका ने पनामा को असाधारण उदारता दिखाई है. ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर पनामा ने शुल्क लेना जारी रखा, तो वह इसे 'धोखाधड़ी' मानते हुए इसे तुरंत बंद करने की मांग करेंगे.

ट्रंप ने यह स्पष्ट किया कि पनामा नहर का प्रबंधन पनामा को अन्य देशों के लाभ के लिए नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रतीक के रूप में सौंपा गया था. यदि पनामा इन सिद्धांतों का पालन नहीं करता, तो अमेरिका पूरी नहर को वापस लेने की मांग करेगा. उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का नहर के सुरक्षित और कुशल संचालन में वैधानिक हित है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नहर कभी भी गलत हाथों में न जाए. गौरतलब है कि अमेरिका ने पनामा नहर का निर्माण 1914 में पूरा किया था और 31 दिसंबर 1999 तक इसका नियंत्रण रखा था. बाद में इसे पनामा को सौंप दिया गया था, जो एक संप्रभु देश है.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)